e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 291

# प्रभात मंत्र

गुरुवार

26.10.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

उस काम को कभी ना छोड़ें जिसके बारे में आप हर दिन सोचते हैं !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सीएम हेमंत सोरेन की मां की बिगड़ी तबीयत, इलाज के लिए गईं दिल्ली

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन की तबीयत खराब हो गई. बेहतर इलाज के लिए उनको दिल्ली भेजा गया. खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनको रवाना करने के लिए रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे हुए थे. रूपी सोरेन के साथ सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन भी दिल्ली गईं हैं. पिछले दिनों पैनक्रियाज में इंफेक्शन की शिकायत पर उनको रांची एक निजी नर्सिंग होम हिल व्यू में भर्ती कराया गया था. दो दिन बाद उनको डिस्चार्ज कर दिया गया था. लेकिन इस बीच अचानक तकलीफ बढ़ने पर उनको दिल्ली भेजा गया है. पिछले साल भी इलाज के लिए उन्हें अचानक रांची से हैदराबाद जाना पड़ा था. इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद कई बार अपनी मां के इलाज के लिए हैदराबाद गए थे.

### पातालकोट एक्सप्रेस में लगी भीषण आग, 2 कोच बुरी तरीके से जले, कई यात्री झुलसे

**आगरा :** यूपी के आगरा में चलती ट्रेन में आग लग गई. हादसा पातालकोट एक्सप्रेस के साथ हुआ है जिसके दो कोच में आग लगने की खबर है. गाड़ी में आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल सका है.

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

# हेमन्त सरकार में खेल को मिल रही स्ट्रेंथ व स्पीड

## * खेल और खिलाड़ियों का सुनहरा कल सुनिश्चित कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** खनिजों से अधिक मूल्यवान खिलाड़ियों को मानने वाले विजनरी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रयास से खेल और खिलाड़ियों का इस्तेकबाल उनका सुनहरा आज कर रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए कई प्रयास विगत साढ़े तीन वर्ष में हुए हैं, जिसका प्रतिफल है कि आज खेल के क्षेत्र से जुड़ा झारखण्ड का हर वर्ग अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए एशिया महाद्वीप में पहली बार महिला एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी की मेजबानी झारखण्ड में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में हो रहा है। इस चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लगभग सभी टीम रांची पहुंच चुकी है।

### स्कूल से खेल को बढ़ावा देने का प्रयास

राज्य के हुनरमंद स्कूली बच्चों की प्रतिभा को तराशने के लिए स्कूल स्तर पर खेलों झारखण्ड का आयोजन किया गया। ज़मीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार इसकी शुरुवात की, जिसके तहत राज्य के सभी स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपने हुनर को दिखाने का काम किया। वहीं दूसरी ओर सहाय स्कीम की शुरुवात की है, जिसका मक़सद खेल के माध्यम से नक्सल क्षेत्र में रह रहे युवाओं के बीच सकारात्मकता का संचार कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़े रखना का प्रयास किया गया। इस पहल के जरिए पहले वर्ष में कुल 75000 खिलाड़ियों ने भाग लेकर सरकार के प्रयास को सार्थक किया।

### हॉकी के महासंग्राम का गवाह बनेगा झारखण्ड

**राज्य में आयोजित हो रहे महिला हॉकी एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी में एशिया की छह प्रमुख टीमें भाग ले रही हैं, जिसका आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक रांची में होगा। इससे पूर्व सिमडेगा में नेशनल जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जहां पूरे भारत से आये खिलाड़ियों ने भाग लिया था।**



### शारीरिक दक्षता और आवासन पर ध्यान

राज्य के खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनको दी जाने वाली भोजन की राशि में दोगुना से अधिक वृद्धि की गई। पूर्व में प्रति खिलाड़ी 175 रुपए भोजन की राशि के तौर पर दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 350 रुपए तक कर दिया गया। साथ ही, खिलाड़ियों के बेहतर आवासन हेतु खेल केंद्रों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों को रहने में किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन में किसी तरह की बाधा न उत्पन्न हो। इसलिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उच्च कोटि के खेल किट भी सरकार उपलब्ध करा रही है।

### सम्मान राशि में हुई वृद्धि

मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय एवं ओलम्पिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एवं प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को दी जाने वाली सम्मान राशि में वृद्धि की गई। राज्य के होनहार खिलाड़ियों के लिए सरकार ने नकद पुरस्कार नियमावली में संशोधन किया है। पहले जहां एक खिलाड़ी को 7 हजार रूपए मिलते थे अब उस खिलाड़ी को 50 हजार रूपए देने का प्रावधान खेल नीति - 2022 के तहत किया गया। ओलंपिक में अगर खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतता है, तो पहले उन्हें 2 करोड़ रुपए देने का प्रावधान था, पर वर्तमान सरकार खेल नीति के तहत उसे बढ़ा कर 5 करोड रूपए कर दिया है।

## बेकाबू ट्रक ने मूर्ति विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों को रौंदा, दो की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान मंगलवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार विसर्जन जुलूस के दौरान एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। इससे वह बेकाबू होकर लोगों को रौंदता चला गया। हादसे में आधा दर्जन लोग दबकर जख्मी हो गए जबकि 2 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों का नाम वीरेंद्र कुमार और अभिमन्यु गोराई बताया जाता है। वीरेंद्र किताडीह दुर्गा पूजा समिति का सदस्य था। घटना बिष्टुपुर स्थित बोधनवाला घाट की है। जानकारी के मुताबिक,जुगसलाई नया बाजार दुर्गापूजा समिति के विसर्जन जुलूस के दौरान अचानक एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर लोगों को कुचलता चला गया। सूचना पाते ही एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को संभाला।






प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ दुर्गा पूजा महोत्सव







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र में मां शक्ति की आराधना का महापर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया । नवरात्र को लेकर पिछले कई दिनों से हरिहरगंज शहर सहित खाप कटैया, रक्सेल तेंदुआ, कटैया, ढाब, सूलतानी ,खड़गपुर, बेलौदर, अररूआ कला सहित दर्जनों गांव में मां दुर्गा की आराधना की धूम रही। मां की आराधना को लेकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ही दीप यज्ञ, कुंवारी कन्याओं की पूजा, महाआरती, रासलीला व अन्य सांस्कृतिक आयोजन से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में वातावरण पूर्ण भक्तिमय बना रहा। मेन बाजार स्थित नवयुवक सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में गाजेबाजे के साथ बुधवार को मूर्ति विसर्जन को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। इस दौरान विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ रवि कुमार सीओ कामेश्वर बेदिया पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। वहीं जुलूस में ड्रोन से भी निगरानी की गई । कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कमेटी के ओमप्रकाश शौंडिक, रॉबर्ट गुप्ता, भोला गुप्ता, संजय कुमार, बीनू निरंजन प्रसाद, दिलीप स्वर्णकार, रिंकू शौंडिक, पवन कुमार, चंदन कुमार, रामजी प्रसाद, करण राजवीर, अरूण स्वर्णकार, तूषार कुमार, बलू बलराम आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## राजद नेता के भाई का निधन



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजद के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश गुप्ता के छोटे भाई जगनारायण प्रसाद गुप्ता उर्फ पप्पू डीलर का निधन बुधवार को अहले सुबह हो गया। स्व पप्पू डीलर पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। दाह संस्कार आज ही विश्रामपुर के खुटिसोट नदी तट पर किया गया। अंतिम यात्रा में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भाजपा नेता मनीष कुमार, उदय यादव, मुनीर, आलम, सहित कई लोग शामिल हुए। इधर उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में राजद नेता श्याम दस सिंह यादव,सिराजूदीन अंसारी, सतेंद्र यादव,रमेश चौबे, भाजपा नेता सतिश्वर प्रसाद सिंह, समाजसेवी प्रवीन सिंह, बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

## बाइक से गिरकर चालक व सवार गंभीर

**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के सामने एनएच 98 पर बुधवार को बाइक के अनियंत्रित हो जाने से सड़क किनारे नाला से जा टकराया। जिससे बाइक चालक व सवार दो युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवकों को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को रेफर कर दिया। घायलों की पहचान सीमावर्ती बिहार के औरंगाबाद जिले के अंबा थाना अंतर्गत भलुवाड़ी गांव निवासी शिव राजवंशी का पुत्र सनोज कुमार तथा रामाश्रय राजवंशी का पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से तेज रफ्तार में हरिहरगंज बाजार की ओर जा रहे थे। तभी बाइक अनियंत्रित होकर नाला से टकरा गया।

## सरहूवा मोड़ पर पलटा टेंपो, तीन जख्मी

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरहूवा मोड़ पर सोमवार की रात एक टेंपो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार तीन लोग जख्मी हो गए। सभी का इलाज निजी क्लीनिक में किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टेंपो को जप्त कर ली है। टेंपो में सवार लोग काचन के बलहा गांव लौट रहे थे। सभी शादी के सिलसिले में रिश्ता तय करने कोहरादोरी गांव गए हुए थे। वापस आने के क्रम में रात करीब 9 बजे सरहुआ मोड पर टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे बलहा गांव के नवनीत टोपनो गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जबकि ड्राइवर मुकेश तूरी और फुलमनी बरजो को भी चोट आई है। अन्य लोग बाल बाल बच गए। सूचना मिलते ही रामगढ़ के थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय पुलिस टीम भेज कर घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भिजवाया। साथ ही टेंपो को जप्त करने का निर्देश दिया है।

# मोटरसाइकिल व हाईवे ट्रक में सीधी टक्कर बाप-बेटे गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना अंतर्गत फोरलेन सड़क हाईवे 139 एचपी पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल एवं हाईवे ट्रक में सीधी टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार बाप-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा लोगों ने बताया कि हाईवे ट्रक (जे एच् 02 एफ/6065) अचानक कट के पास टर्न के लिए घुमा और विपरीत दिशा से आ रहा है मोटरसाइकिल (जे एच् 03 वाई- 7311) से टकरा गया जिससे मोटरसाइकिल सवार बुधन यादव 50 वर्षीय एवं दिनेश यादव 23 वर्षीय दोनों व्यक्तियों कवल पंचायत के बाघमारा गांव के बाप बेटे बताए जा रहे हैं जिसके माथे में गंभीर चोट लगा और सर फट जाने से काफी खून निकल गया जिससे सड़क पर खून के धब्बे पड़े हुए थे। लोगों ने बताया कि हाईवे ट्रक फोरलेन सड़क निर्माण शिवालया कंपनी का है जो फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में लगा हुआ था जिस पर गिट्टी एवं मिट्टी लोड था हाईवे ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया वहीं घायलों व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार कर दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर छतरपुर पुलिस पहुंच दोनों गाड़ियों को थाने ले गई एवं आगे कि कार्रवाई में जुट गई।

## विश्रामपुर में शांति पूर्ण तरीके से हुआ संपन्न दुर्गा पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर आंचलिक व नगर परिषद क्षेत्र में माँ दुर्गे के मूर्ति विषर्जन के साथ ही दुर्गा उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। दशहरे के मौके पर क्षेत्र में कई जगह प्रवचन, रामलीला, नाटक, रावण दहन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा कई पूजा पंडालों द्वारा दशहरा मिलन सह सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। विश्रामपुर सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूज पंडाल द्वारा आयोजित मिलन सह सम्मान समारोह में दोनों समुदाय के गण्यमान लोगो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश केशरी व संचालन समजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। इस समारोह में स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, सीओ सह बीडीओ विक्रम आनंद, थाना प्रभारी शशि रंजन, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, वरीय समजसेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता, इदरीश हवारी, मनीष कुमार, सतेंद्र यादव, रजनीश कुमार चंद्रवंशी, उखमजी यादव, बृजनंदन राम, हरिशंकर सिंह, कन्हाई चंद्रवंशी, हरे कृष्णा सिंह, श्रवण चंद्रवंशी, दुःख नंदन चंद्रवंशी, यदुनि राम सहित कई लोगो को कमेटी द्वारा पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। इधर सोरडीहा आर्दश कला केंद्र पूजा कमेटी व बरसईता के न्यू बजरंग युवा क्लब पूजा समिति द्वारा भी दोनों समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कई पूजा पंडालों द्वारा मंगलवार को तो कई पूजा पंडालों ने वुधवार को मूर्ति विषर्जन किया गया।

## रामायण की कथा मानव जीवन का व्याकरण है : श्री रत्नेश जी महाराज



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास व्रत की पूर्णता पर श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के अन्तर्गत चल रहे श्री मद् वाल्मीकीय रामायण की कथा कहते हुये मंगलवार को जगद्गुरु रामानुजाचार्य रत्नेश जी महाराज ने कहा- कि रामायण की कथा मानव जीवन का व्याकरण है। जैसे व्याकरण शब्द को अनुशासित करता है, वैसे ही भगवान श्रीराम का चरित्र हमें अनुशासन युक्त मर्यादित जीवन जीने सिखाता है.प्रकृति जब मर्यादा तोड़ती है तो विनाश हो जाता है उसी प्रकार मनुष्य भी जब अमर्यादित होता है तो अपने और समाज को तहस नहस कर देता है.मर्यादा का अर्थ होता है सीमा नदी, समुद्र सब सीमा के भीतर रहते है तो उपयोगी होते है। मानव जीवन भी जब धर्म की सीमा में रहता है तो कल्याणकारी होता है। राम सिर्फ दो अक्षर का नाम नहीं, राम तो प्रत्येक प्राणी में रमे हुये है, राम चेतना और सजीवता का प्रमाण है.अगर राम नहीं तो जीवन मरा है। इस नाम में वो ताकत है कि मरा-मरा करने वाला भी राम-राम करने लगता है। इस नाम में वो शक्ति है, जो हजारों-लाखों मंत्रों के जाप में भी नहीं है। आदिकवि वाल्मीकि ने उनके संबंध में लिखा है कि वे गाम्भीर्य में उदधि के समान और धैर्य में हिमालय के समान हैं. राम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा, त्याग, प्रेम और लोकव्यवहार के दर्शन होते हैं. राम ने साक्षात परमात्मा होकर भी मानव के रूप में आकर मानव जाति को मानवता का संदेश दिया. उनका पवित्र चरित्र लोकतंत्र का प्रहरी, उत्प्रेरक और निर्माता भी है। जीवन की धन्यता भौतिकीय उत्कर्ष अथवा अर्थ के संग्रहण में नही अपितु नैतिकता, सदाचार आदि उच्चतम जीवन मूल्यों एवं लोकोपकारी प्रवृत्तियों में समाहित है. जीवन जीने के लिए वेद विहित, शास्त्र-सम्मत, गुरु द्वारा उपदेशित एवं महापुरुषों द्वारा आचरित मार्ग ही श्रेष्ठ है.अतः सदाचार सम्पन्न रहें। तीन बातों को हमेशा जीवन में उतारना चाहिए। पहला है - अर्पण,दूसरा है - तर्पण; और, तीसरा है - समर्पण. जो कुछ भी मिला है उसे ईश्वर की कृपा माने, उसे अर्पित करें।

# प्रखंड में धूमधाम से किया गया दुर्गा मां की मुर्ति का विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा शांति पूर्ण एंव धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही प्रखंड में दुर्गा माँ का नवरात्री के बाद दशहरा के दिन भक्तों ने माँ दुर्गा का आशीर्वाद लिया , जिसके बाद दशहरा के दूसरे दिन बुधवार को प्रखंड के विभिन्न स्थानों से माँ दुर्गा के मूर्ति को विसर्जन किया गया। मूर्ति विसर्जन पुलिस प्रशाशन के मौजूदगी में की गई सभी स्थानों पर शाम 6 बजे तक कर दिया गया। इस विसर्जन सहित पूरे पूजा को लेकर पूजा के कमिटी ने बताया की दुर्गा पूजा में पुलिस प्रशाशन का काफी सहयोग मिला है। पुलिस प्रशासन हमेशा हमलोग के साथ है। इसलिए हमलोग पुलिस प्रशासन को धन्यवाद देते हैं। मौके पर नव युवा क्लब बैतरी अध्यक्ष मनीष प्रजापति, सचिव पिंटू प्रजापति, कोषाध्यक्ष संतोष यादव, रुद्र प्रताप गुप्ता, रमेश प्रजापति, ओमप्रकाश पाल, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आस्था के महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब, अग्नि प्रज्वलन के साथ जयकारे से गुंजयमान हुआ क्षेत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित पाल्हे-जतपुरा ग्राम में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरणी मंथन से अग्नि प्रज्ज्वलित कर की गई। आचार्यों ने इससे पहले अग्नि का आह्वान किया। अग्नि प्रकट होते ही मौजूद संत-महात्माओं, यजमानों और विद्वानों ने भगवान लक्ष्मीनारायण की जय के गगनभेदी उद्घोष से संपूर्ण यज्ञस्थल को गुंजायमान कर दिया। इसके बाद अग्नि सभी यज्ञ कुंड तक पहुंचाई गई और आहुतियों का क्रम शुरू हो गया। आयोजन स्थल स्वाहा की अनुगूंज से गूंज उठा। यज्ञ की प्रक्रिया घण्टो तक चली। यज्ञाचार्य विजय राघव पांडेय, यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य उपेंद्र नारायण शुक्ला,श्री जीयर स्वामी जी के प्रतिनिधि आचार्य कृष्णकांत दुबे अन्य आचार्य नरसिंह नारायण शुक्ला, आचार्य गोरखनाथ पांडेय सहित 68 आचार्यों के द्वारा यज्ञशाला में विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। चक्राब्ज मंडल, व्युह, अष्टपदियों, सुदर्शन आदि देवताओं का आह्वान प्रतिष्ठा, षोस्ठोपचार पूजन और 78 बटुक का यज्ञोपवित्र संस्कार के बाद शेष देवताओं का आह्वान, प्रतिष्ठा, षोस्ठोपचार पूजन, कुंड पूजन के माध्यम से अग्नि स्थापन, भगवान श्रीमन्नारायण व भगवती महालक्ष्मी को आहुति प्रदान किया गया। यज्ञ शुरू होते ही यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में डूबा हुआ है। देश के महान संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में हो रहा महायज्ञ 28 अक्टूबर तक चलेगा।

**108 का हुआ उपनयन संस्कार :** महायज्ञ में 108 लोगों का उपनयन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। उपनयन को लेकर यज्ञ मंडप पर परिजन अपने-अपने बच्चों को लेकर पहुंचे थे। यहां मौजूद आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधान से संस्कार सम्पन्न कराया गया। सामुहिक उपनयन संस्कार को देखने के लिए काफी लोग मौजूद थे। बुधवार को देवताओं का षोस्ठोपचार पूजन, कुंड पूजन, अग्नि पूजन, हवन सहित अन्य अनुष्ठान हुआ। यज्ञशाला से अलग भगवान श्रीमन्नारायण, नारायण, नारायण व श्री लक्ष्मी नारायण, नारायण, नारायण का अनवरत अखंड कीर्तन किया जा रहा है जो 28 अक्टूबर को 10-30 बजे रात्रि तक अलग-अलग टीम द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावे मानस पाठ, अलग टीम द्वारा श्रीमते रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी समारोह के अवसर पर मूल मंत्र का जाप, द्वैय मंत्र का जाप आदि किया जा रहा है।

**आस्था का महाकुंभ :** श्री बंशीधर नगर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर उत्साह का माहौल है। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर ओर सिर्फ लोग ही नजर आ रहे हैं। भारी भीड़ के कारण मोबाइल कंपनियों का नेटवर्क भी ठीक से काम नही जर रहा था।

## सड़क दुर्घटना में मृतक को मुआवजा की अनुशंसा की जीपस रंजनी शर्मा



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने ग्राम भवनाथपुर निवासी रवि कुमार चंद्रवंशी पिता उपेंद्र चंद्रवंशी एवं विकास रजक पिता अशोक बैठा को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर अंचल अधिकारी को सरकारी प्रावधान के अनुसार सड़क दुर्घटना में मुआवजा उपलब्ध कराने का अनुशंसा की है। अनुशंसा पत्र में जिला परिषद रंजनी शर्मा ने उल्लेख की है दोनों भावपुर निवासी अति गरीब परिवार के अंतर्गत आते थे यह मृतक के सहारे घर परिवार का भरण पोषण होता था यह दोनों मृतक घर के मुखिया के रूप में थे। जिनका सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से घर में कोई सहायता करने वाला नहीं रहा है। घर की स्थिति काफी खराब हो गया है। परिवार वालों को रो-रो कर बुरा हाल हुआ है । ससमय सरकारी मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए दौड़ भाग करने से मृतक के परिजन पूरी तरह से असमर्थ हैं। ऐसी स्थिति में अपने स्तर से कर्मियों की सहयोग से सड़क दुर्घटना में मुआवजा उपलब्ध कराने से संबंधित नियमानुसार कार्रवाई करते हुए का समय योजना लाभ उपलब्ध कराने का अनुशंसा की है। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से उक्त दोनों मृतक व्यक्तियों का श्राद्ध कार्य हेतु तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह की है।

# नम आंखों से श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को दी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** दुर्गा पूजा समिति बसरिया कला में दुर्गा पूजा कमिटी के द्वारा पूजा पंडाल सजानें में सभी सदस्य सहयोग दि उन सभी को मेडल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मां दुर्गा के मूर्ति विसर्जन शांति पूर्वक किया गया। जय दुर्गे नारे की उदघोष करते हुए गाजे बाजे के साथ सभी भक्तजनों ने साउंड पर गाते झूमते नाचते विसजर्न के लिए बसरिया कला के पोडकाही तलाब में दुर्गा मां का प्रतिभा विसर्जन किया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष नीतीश कुमार सिंह जी ने बोले कि इस दुर्गा पूजा में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ इस कार्य के लिए कमिटी में सभी सदस्य को बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं और दशहरा के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए। मौके पर दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष नीतीश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष गोरख कुमार सिंह, सचिव सुरज कुमार, उपसचिव मनोज कुमार साव, सहसचिव राहुल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कंचन कुमार साव, उपकोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, सहकोषाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, महामंत्री दीपनारायण यादव, उपमहामंत्री धमेंद्र उपाध्यक्ष, सहमहामंत्री श्रवण कुमार राम,पंडाल व्यवस्थापक मंत्री भोलंटियर मंत्री विशुन साव, उपभोलंटियर मंत्री अगस्त साव, सजावट मंत्री अजय सिंह उपसजावट मंत्री वीरेन्द्र सिंह (छोटे राहुल), सह सजावट मंत्री सत्यानंद कुमार सिंह, सजावट सहयोगी सदस्य संतोष राम, ओमप्रकाश सिंह, छोटु सिंह, दीपक कुमार सिंह, देवकुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, मीडिया मंत्री संतोष कुमार प्रजापति, उपमिडिया मंत्री तनय प्रजापति, मीडिया सह मंत्री सुजित कुमार साव, प्रसाद व्यवस्थापक मंत्री जितेंद्र कुमार (गोलू), उपप्रसाद व्यवस्थापक अवधेश कुमार, प्रसाद वितरण मंत्री अशोक प्रजापति, उपप्रसाद वितरण मुकेश सिंह, विरेन्द्र विश्वकर्मा, प्रताप सिंह, विनय साव, पूजा सामग्री व्यवस्थापक मंत्री सुरज कुमार साव, उप पूजा सामग्री जितन कुमार साव, तेल व्यवस्थापक मंत्री सुजित कुमार सिंह, अजय साव, उपतेल व्यवस्थापक मनोज यादव, स्वच्छता मंत्री रविंद्र साव, संजय यादव, सुरजमल सिंह, बिजली आपूर्ति मंत्री रविंद्र कुमार सिंह उपबिजली आपूर्ति मंत्री सत्यनारायण सिंह, रोहित कुमार गुप्ता, संरक्षक मंत्री हिरामण साव, धीरेन्द्र सिंह, जितेंद्र राम, नन्दलाल सिंह, गुणा साव, नंदकुमार यादव, निरंजन सिंह, संचालक मंत्री संजय कुमार साव (गुरु जी) उपसंचालक कंचन कुमार साव, रविन्द्र एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस ने 10 पुड़िया हेरोइन के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना की पुलिस ने बीते रात 10 पुड़िया हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में डीएसपी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात्रि गश्ती के दौरान शहर थाना के टीओपी 1 प्रभारी रेवा शंकर राणा को कचहरी चौक पर जेलहाता हरिनिवास के पीछे रहने वाले व्यक्ति के काले रंग के पलसर मोटरसाइकिल नं0 जेएच 0328854 गढ़वा से हेरोइन लेकर आने की सूचना मिली थी जिसपर टीओपी 1 प्रभारी के द्वारा अपने साथ के जवान के अतिरिक्त मोटरसाइकिल से गश्ती कर रहे जवान का सहयोग लेकर रेडमा ओवरब्रिज तथा समाहणालय के पास तैनाती की गयी थी। इसी क्रम में एक मोटरसाइकिल को काफी तेजी से छःमुहान की तरफ से कचहरी चौक की तरफ आते पाया जिसे टीओपी वन प्रभारी रोकने का इशारा देने की तैयारी कर हीं रहे थे कि मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल को तेजी से कचहरी तथा समाहरणालय जाने वाले रोड की तरफ मोड कर भागने लगा जिसपर मौके पर एम्बुस लगाए जवानों के द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को सदर अनुमंडल कार्यालय के सामने रोक लिया गया। रोके गए युवक को उसके पास नशीला पदार्थ होने की सूचना पर मौक पर पहुंचकर डीएसपी सुरजीत कुमार के द्वारा तलाशी ली गयी। तलाशी लेने पर युवक के पास से हेरोइन जैसा पदार्थ पाया गया। युवक के पास से पाए गये हेरोइन जैसा पदार्थ तथा उसके द्वारा इस्तमाल किया जा रहे मोबाइल तथा मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया।गिरफतार युवक का नाम पता राहुल कुमार पिता स्व0 मदन साव निवासी जेलहाता, हरि निवास के पीछे झोपड़ी, थाना शहर का निवासी है। पकड़े गए व्यक्ति के पास से पुलिस ने 10 पुड़िया हेरोइन जैसा पदार्थ पाया जिसका कुल वजन 9.41 ग्राम 7 2. विभो मोबाइल सेट जिसमें जियो मोबाइल नं 7061782539 का सीम लगा। 3. काला रंग का पलसर मोटरसाइकिल पंजीयन संह जेएच 0328854 बरामद किया है। छापामारी अभियान में टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, हव0 बिनोद कुमार यादव, आह्र 387 संतन कुमार मेहता, आह्र 1925 राकेश कुमार सिंह, आरक्षी 1171 शारिक ईरशाद सहायक पुलिस के जवान प्रफुल कुमार सिंह, चालक संजीव कुमार शामिल थे।

## शक्तिपुंज एक्सप्रेस का रमना स्टेशन पर होगी ठहराव : वीडी राम

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरुप शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का रमना रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाएगा। विदित है कि उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु माननीय सांसद के द्वारा विभिन्न स्तरों पर पत्राचार के माध्यम से एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत मुलाकात कर मांग किया गया था। आज उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर रमना रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त ट्रेन के ठहराव की मांग श्री बंशीधर नगर अनुमंडल एवं गढ़वा की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी।

उत्तराखण्ड शासन



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड में असीम
संभावनाओं का अनावरण

# आपकी समृद्धि का प्रवेश द्वार



21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखंड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023

December, 2023 Dehradun (Uttarakhand) Peace To Prosperity

**चेन्नई रोडशो**
गुरुवार, 26 अक्टूबर 2023 | प्रातः 11:30 बजे से
स्थान: होटल ताज कोरोमंडल, महात्मा गांधी रोड, चेन्नई

**बंगलुरु रोडशो**
शनिवार, 28 अक्टूबर, 2023 | 11:30 बजे से
स्थान: होटल ताज वेस्ट एंड, रेस कोर्स रोड, बंगलुरु , कर्नाटक

## फोकस सेक्टर

- ऑटोमोबाइल्स
- औषधि
- कृषि एवं कृषि सम्बद्ध क्षेत्र
- पर्यटन
- सूचना प्रौद्योगिकी
- इलेक्ट्रॉनिक्स
- शिक्षा
- फ़िल्म शूटिंग
- अक्षय ऊर्जा
- आयुष एवं वैलनेस
- जैव प्रौद्योगिकी
- हॉर्टिकल्चर एवं फ्लोरीकल्चर
- हर्बल एवं एरोमैटिक्स
- खाद्य प्रसंस्करण
- नेचुरल फाइबर



## उत्तराखण्ड सरकार की प्रमुख नीतियां

• सेवा क्षेत्र नीति 2023 • सौर ऊर्जा नीति, 2023 • एमएसएमई नीति 2023
• स्टार्ट-अप नीति 2023 • कस्टमाइज्ड पैकेज • लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2023
• फिल्म नीति 2015 (2019 में संशोधित) • निजी औद्योगिक पार्क नीति 2023
• वृहद् औद्योगिक नीति 2015 • निर्यात नीति 2021 • पर्यटन नीति 2023-30
• ड्रोन नीति 2023 • सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2019 • आयुष एवं वैलनेस नीति
• आबकारी नीति 2021-23 • जैव प्रौद्योगिकी नीति 2018-23
• खाद्य प्रसंस्करण नीति • पंप भंडारण परियोजना नीति 2023

## प्रदेश की समृद्धि में भागीदार बनें

- पारदर्शी कर नीतियां और परियोजनाओं के लिए त्वरित स्वीकृति
- एनसीआर या अन्य शहरों की तुलना में कम लागत पर उद्योग स्थापना
- आईआईटी सहित बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थान
- सुशासन और शांतिपूर्ण राज्य के रूप में पहचान
- शुद्ध पर्यावरण से स्वस्थ एवं बेहतर जीवन
- उपयुक्त औद्योगिक भूमि की उपलब्धता
- राज्य सरकार की आकर्षक निवेश नीति
- एनसीआर के साथ रेल, सड़क और हवाई मार्ग से बेहतर कनेक्टिविटी

अधिक जानकारी के लिए
**investuttarakhand.uk.gov.in**
पर लॉग ऑन करें
या QR कोड स्कैन करें

/ukgis2023

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# सिंदूर दान के साथ दी गई माता रानी की विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली- मुरी क्षेत्र में विजयादशमी को लेकर सभी जगह मां दुर्गा की आराधना में लोग लीन थे। बंगाली समुदाय के लिए आज के दिन का एक अलग ही महत्व है। सिल्ली-मुरी में सुहागिन महिलाएं सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर मां को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला में शामिल हुई। पारंपरिक लाल पाड़ वाली सफेद रंग की साड़ी में सजी-




धज्जी महिलाओं ने पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया। फिर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर %सिंदूर खेला% का रस्म निभाई । रस्म के दौरान महिलाओं ने एक-एक कर मां दुर्गा की आरती की और अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की, सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां से सुहागन रहने की कामना की। ए टाइप नॉर्थ सेटलमेंट दुर्गा पूजा कमिटी दुर्गा पंडाल बी टाईप दुर्गा पंडाल, वैष्णो देवी दुर्गा मंदिर, सहित अन्य मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। मान्यताओं के अनुसार, मां दुर्गा 10 दिन के लिए अपने मायके आती हैं, जिसे दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है और जब वह वापस जाती हैं तो उनकी विदाई में उनके सम्मान में सिंदूर खेला की रस्म की जाती है। मां दुर्गा विसर्जन के दौरान मुरी पुलिस मुस्तैद रहे। वही रेलवे ए टाईप सेटलमेंट दुर्गा पूजा कमेटी के पूजा पंडाल में नवनिर्मित पंडाल को शुद्धिकरण करके बहुत ही शांतिपूर्ण के साथ दुर्गा पूजा मनाया गया वहीं कमेटी के लोग नकुल महतो, गोकुल महतो, नित्यानंद साहू, संतोष तंतुबाई, राजेश पासवान, पार्थो सूत्रधार, दीप नारायण सिंह, विश्वनाथ सिंह, मुकुंद महतो, सुबीर चक्रवर्ती, सोमनाथ बनर्जी, रवि राव, बाला राव, समेत इस कमेटी का बहुत बड़ा योगदान रहा।

## धूमधाम व हर्षोल्लास से खलारी में संपन्न हो गया दुर्गापूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड क्षेत्र में दुर्गापूजा का त्योहार पूरे भक्तिभाव, धूमधाम तथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया.लोगों ने पूरी श्रद्धा व भक्ति भाव से मां दुर्गा की आराधना की. पूजा पंडालों में मां दुर्गा की आराधना से संबंधित मंत्रों की गूंज रही.कई लोगों ने पूरे नवरात्र में उपवास किया.दशमी के दिन मंगलवार को महिलाओं ने पूजा पंडालों में सिंदूर लगाकर मां दुर्गा को विदा किया.सुहागिनों ने इस दौरान एक दूसरे को भी सिंदुर लगाया.श्रीजानकी रमण मंदिर, करकट्टा पंडाल सहित सभी पूजा पंडालों के सामने मेला लगाया गया था.बच्चों, महिलाओं ने मेले में जमकर खरीदारी की तथा व्यंजनों का लुफ्त उठाया.नवमी के दिन 'जय माता दी ग्रुप' खलारी द्वारा श्रीजानकीरमण मंदिर पंडाल के बाहर खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया.विजयदशमी के दिन ही श्रीजानकी रमण मंदिर खलारी, करकट्टा, धमधमिया के पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को नगर भ्रमण के बाद नजदीक के तालाबों, नदियों में विसर्जन कर दिया गया.

# रावण दहन समिति के द्वारा 50 फीट का रावण का दहन व माँ प्रतिमा विसर्जन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक विजयदशमी दशहरा पूजा प्रतिमा का विसर्जन व रावण दहन के साथ संपन्न हुआ. रावण दहन समिति डड़हा टांड के द्वारा 50 फीट रावण का पुतला बनाया गया था. जिसका दहन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, पूर्व जमींदार के वंशज के पुत्र लाल गौरव शाहदेव ने संयुक्त रूप से रावण के बने पुतले को दहन किया. रावण दहन समिति डड़हा टांड के द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें 50 फीट के बने





रावण दहन के दौरान आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बना हुआ था. कार्यक्रम सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया व आतिशबाजी का लुत्फ उठाया. इससे पहले इटकी प्रखंड के सभी पूजा पंडालो से मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय तालाब में कर दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य रीना देवी, उप प्रमुख परवेज राजा, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, अंचल अधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी अमित प्रशांत, मांडर के पूर्व जिप सदस्य सुनील उरांव, राजकुमार तिर्की, लाल अश्वनी सहदेव, लाल आशीष सहदेव, राजेश्वर महतो, देवेंद्र महतो, विजय महतो, नंदलाल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो, हीरा महतो, कामेश बर्मन, कृष्णा तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे ।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया दुर्गापूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में दुर्गापूजा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बचरा,राय,चुरी,बहेरा,बेंती, राय कोलियरी,पुरानीराय सहित अन्य जगहों पर महानवमी और विजयदशमी के दिन श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।सभी जगहो पर श्रद्धालु भक्तो द्वारा मां दुर्गा की पूजा अर्चना की और क्षेत्र के सुख शांति की कामना की।पूरा कोयलांचल क्षेत्र मां दुर्गा के भक्ति में लीन रहा।

इधर दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया।पिपरवार पुलिस के द्वारा पूजा पंडालों में सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया था।बीडीओ देवलाल उरांव,इंस्पेक्टर रंजीत रौशन और पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ले रहे थे। दुर्गापूजा के अवसर पर बचरा दुर्गापूजा पंडाल के पास लगाया गया मेला में विजयदशमी को काफी भीड़ देखी गई।मेला में लगाई गई सभी दुकानो मे लोगों की भारी भीड़ देखी



गई।मेला मे लगाये गये सभी दुकानो मे लोगो ने जमकर खरीदारी की,वही बच्चो ने झूला मे मस्ती की।इसके अलावे चाउमिग,चार्ट और आईस्क्रीम की दुकानो मे महिलाओ की अधिक भीड़ लगी रही।मेला मे टावर झुला, नाव झुला,ड्रेगन,ब्रेक डांस और जम्पीगं मे भारी भीड़ देखी गई।महानवमी को करीब 10 हजार और विजयीदशमी को करीब 30 हजार से अधिक लोग मेला मे शामिल हुए।मेला मे बचरा के अलावे राय,डकरा,खलारी, चुरी, पुरानीराय, मैक्लुस्कीगंज, धमधमिया, लपरा, बुड़मू, ठाकुरगावं, बहेरा, किचटों,कारो, कल्याणपूर, बुण्डू, हफुआ, चिरैयांटांड़, बिलारी, टंडवा, केरेडारी सहित कई गांवो के हजारो लोग शामिल हुए।वही पुरे मेला की निगरानी सीसीटीवी कैमरा से की गई,जबकि पिपरवार पुलिस के द्वारा पुरे मेला परिसर मे पुलिस बल और महिला होमगार्ड को तैनात किया गया था।बीडीओ देवलाल उरांव,इंस्पेक्टर रंजीत रौशन और पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार लगातार पूजा पंडाल और मेला का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

## बचरा स्टेडियम मे 60 फीट उंचे रावण का हुआ दहन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित स्वाधीनता स्वर्ण जयंती स्टेडियम मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि मे टंडवा प्रंखड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव,सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रौशन,पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार,एसओसी सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से रॉकेट से रावण के सीने पर वार कर उसे जलाया।बचरा दुर्गापूजा समिति द्वारा इस बार करीब 60 फीट उंचे विशाल रावण का पुतला बनाया गया था।रावण दहन से पूर्व जमकर आतिशबाजी की गई।रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए पुरे स्टेडियम मे लोगो की खचाखच भीड़ देखी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पीओ संजय कुमार ने कहा कि विजयीदशमी के दिन असत्य पर सत्य की जीत,अधर्म पर धर्म की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है रावण दहन।आज के दिन हमारे अंदर छिपे रावण को भी मिटाने की जरूरत है।इस मौके पर पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह,कार्यकारी सचिव राजेन्द्र गुप्ता,मुखिया गुजंन सिंह, रीना देवी,अभय सिंह,धीरेन्द्र शर्मा,रविन्द्रनाथ सिंह,भीम सिंह यादव,भीम प्रसाद मेहता,अजय सिंह,राजेश सिहं,रविन्द्र सिहं,अनिल सोनी,मंगल सिंह,सुभाष साव,अर्जुन महतो,पिंकी सिहं,प्रमोद प्रसाद,उमेश सिंह,प्रकाश राणा,लक्ष्मण मडंल,पप्पू सोनी सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

## दुर्गापूजा के मौके पर बचरा मे सांस्कृतिक कार्यक्रम पर झुमे लोग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ मे दुर्गापूजा के अवसर पर भक्ति जागरण और आरकेस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मिली जानकारी के अनुसार रविवार महाअष्टमी की रात्री भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उदघाटन अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने फीता काटकर किया।इस कार्यक्रम मे बाहर से आये हुए कलाकारो ने कई प्रकर के भक्ति गीत और झांकी प्रस्तुत किया,जिस पर उपस्थित लोग झुमने पर मजबूर हो गये।कार्यक्रम मे मां दुर्गा द्वारा राक्षस का वध करते दिखाये गये झांकी को लोगो ने खूब पंसद किया।वहीं विजयीदशमी की रात्री आरकेस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उदघाटन टंडवा बीडीओ देवलाल उंराव और सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रौशन ने फीता काटकर किया।इस कार्यक्रम मे बाहर से आये हुए कलाकारो ने हिन्दी,नागपूरी, भोजपूरी भाषाओ मे गीत और नृत्य प्रस्तुत किया,जिसे उपस्थित लोगो ने खूब पंसद किया।कलाकारो द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम पर मौजुद लोग रात भर झूमते और नाचते गाते रहे।कार्यक्रम मे भारी संख्या मे लोग शामिल हुए।मौके पर पूजा समिति के सभी लोग मौजुद थे।

## प्रमुख रीना कुमारी के कल्याणपुर आवास में सरना प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर मे टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के आवास मे बुधवार को सरना प्रार्थना सभा का आयोजन कर घर का शुद्धिकरण किया गया।इस मौके पर धरम अगुवा ने ईष्ट देवता की पूजा-अर्चना की।सभा में भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत किये गये पारंपरिक गीतों से पूरा इलाका गूंज उठा।प्रार्थना सभा में आए हुए समाज के लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन पर गहरी चिंता जताते हुए सामाजिक और धार्मिक एकता पर जोर देकर अपनी संस्कृति बचाने की अपील की गई।साथ ही सामाजिक समस्याओं पर चर्चा करते हुए सभी को एकजुट होने की अपील की गई।प्रार्थना सभा में सरना गीत-संगीत पर लोग झूमते रहे।मौके पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,ललित कुमारी,अरुण उरांव,राजी पहाड़ा प्रार्थना सभा लरंगा के छोटू उरांव,किशोर उरांव, राजकूमार उरांव,सरिता कुमारी,कौशीला देवी,मांडर राजी पहाड़ा से पुन्ना उरांव, वरुण उरांव सहित अन्य सरना धर्मावलंबी मौजुद थे।

# अड़की में आजसू पार्टी ने क्षेत्रीय युवा नागपुरी कलाकारों को सम्मानित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की में बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशाअनुसार क्षेत्रीय प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए यूट्यूब चैनल स्स्र् 3 द्वस्त्रद्वश्हह्य पर हालिया रिलीज नागपुरी के सफल एल्बम ÷ जा बेवफा जा बेरहम÷ के सभी कलाकारों को सम्मानित और उत्साहवर्धन किया गया। आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी कलाकारों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, सेवानिवृत शिक्षक अभिभावक मथुरा प्रसाद, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य केशव चंद्र महतो, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, खूंटी जिला आजसू महिला अध्यक्ष सुधा मुंडू, आजसू के वरिष्ठ नेता फलिंदर अहीर ,ऊपर बालालौंग पंचायत समिति सदस्य प्रकाश सिंह मुंडा, बाड़ीनिजकेल पंचायत समिति प्रतिनिधि शंकर नाग, विनोद कुमार ,नवीन दास , इंद्रजीत स्वांसी आदि उपस्थित थे।



# कर्रा प्रखंड में धूमधाम से किया गया मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के कर्रा शिवालय, महतो टोली कर्रा, गोविन्दपुर, लोधमा व जरियागढ़ में धूमधाम से माता दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन किया गया. जिसमें मंगलवार को लोधमा के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लोधमा, दूर्गा पूजा समिति केशरी मुहल्ला, दुर्गा पूजा समिति साहू टोली, दूर्गा पूजा समिति पाईक टोली लोधमा, गोविन्दपुर के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गोविन्दपुर, दुर्गा पूजा समिति जरियागढ़ के लोगों ने मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन किया वहीं बुधवार को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति शिवालय कर्रा व सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महतो टोली कर्रा के लोगों ने धूमधाम से ढ़ोल नगाड़े के साथ मां दुर्गा कि प्रतिमा का लौयकेल तालाब में विसर्जन किया.

वहीं दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर सभी पूजा पंडालों पर मजिस्टेंड के साथ-साथ पुलिस बल के जवान तैनात रहे. जिसमें मुख्य रूप से सीओ वंदना भारती बीडीओ स्मिता नागेशिया, थाना प्रभारी कर्रा दीपक कुमार सिंह, जरियागढ़ थाना प्रभारी पंकज कुमार, सब इंस्पेक्टर सफीक खान, संजीव कुमार, संदीप कुमार, अंचल सीआई मनोहर लिंडा मौजूद रहे. पूजा को सफल बनाने में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महतो टोली कर्रा के अध्यक्ष विनोद भगत, विनोद सोनी, सुदामा प्रसाद,रामचंद्र पांडे, द्वारिका प्रसाद, केदार प्रसाद, प्रदीप कुंडू, नगेन्द्र सिंह, दीलीप सिन्हा, करनो बड़ाइक, जलेश्वर महतो, शिव कुमार लाल,पवन सिन्हा, विष्णु सोनी, महादेव लोहरा के अलावे सभी दुर्गा पूजा समिति के लोगों का मुख्य योगदान रहा।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,गढ़वा।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–27 अक्टूबर–2023

## सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–27.10.2023 को पूर्वाहन–10.30 बजे से 4.00 अपराहन् तक जिला नियोजनालय,गढ़वा के परिसर में ''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2023'' आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Baba Kamlesh Textiles Garhwa | Sales Man | 11 | 10th Pass | - | 2-3yr | 22-35 yr | 10000-22000 | Garhwa |
| | | Computer Operator | 04 | 12th Pass | DCA | 2-3yr | 20-35 yr | 12700-15000 | |
| | | HR Manager | 02 | MBA | - | 3-5yr | 20-35yr | 15000-35000 | |
| | | Finance & MKT | 01 | MBA | - | 3-5yr | 20-35yr | 15000-35000 | |
| | | SAP Consultant | 02 | Graduate | - | 3-5yr | 20-35yr | 15000-35000 | |
| | | IT (EDP LABLE) | 01 | 12th Pass | - | 3-5yr | 20-35yr | 15000-35000 | |
| 02 | Tirumala Facility Management India LLP (Erandwana Pune) | Technician | 125 | 10th Pass | 45% in 10th | - | 18-21yr | 14000-15000 | Gujarat |
| | | Trainee | 90 | Diploma | Any stream | - | 18-27yr | 14000-15000 | Rajsthan |
| 03 | B.S.K.D. Public School, Garhwa | T.G.T | 04 | Graduate With B.ed | - | - | 25-35yr | 8000-12000 | Garhwa |
| | | Nursery Teacher | 10 | Graduate With N.T.T | - | - | 25-35yr | 8000-10000 | |
| 04 | Arctic industries Pvt.Ltd | Sale manager | 06 | Graduate | - | - | 18-45yr | 15000-25000 | |
| | | Sale Executive | 100 | 12th pass | - | - | 18-35 yr | 15000-20000 | |
| | | Survey Executive | 180 | 12th Pass | - | - | 18-45 | 15000-20000 | |
| | | Ro Technician | 70 | 10th pass ITI | - | - | 18-45yr | 15000-17000 | |
| | | CCTV Technician | 50 | 12th Pass ITI | - | - | 18-45yr | 15000-17000 | |
| | | Computer operator | 05 | 12th pass ccc+Dca | - | - | 18-45yr | 15000-20000 | |
| | | Telecaller | 50 | 12th pass | - | - | 18-45yr | 10000-15000 | |
| | | Senior Hr Manager | 05 | Post Graduate | - | - | 18-45-yr | 15000-25000 | |
| | | Hr Executive | 50 | Graduate | - | - | 18-45yr | 15000-20000 | |
| | | Accountant | 10 | B.com | - | - | 18-45yr | 15000-20000 | |
| 05 | Bajaj Allianz Life insurance Company limited | - | 20 | 12th Pass | - | 1yr | 25yr | pay out (target based) | Garhwa, Daltonganj |
| 06 | K S Maruti Enterprises, Noida | Technical Work, Supervisor, Computer Operator | 200 | 10th to Graduation | ITI /Diploma Mechanical/ Com.oper. | - | 18-40yr | 10500 | All Over India |
| 07 | Hero Spare Part Ltd. Delhi | Supervisor | 25 | 10th PASS ABOVE | Diploma | - | 18-35yr | 19600 | Delhi, Patna, Kanpur, Ranchi |
| | | Computer Operator | 15 | - | - | - | - | 179000 | Patna Licknow |
| 08 | Seva Sahyog Securities And Facility Management Pvt.Ldt | Security Guard | 136 | Matriculation | - | Fresher can apply | 18-45yr | 8000-15000 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Supeevisor | 10 | Graduation | - | Minimum 1yr in Securition Sector | 22-45yr | 9000-17000 | |
| | | Housekeeping | 25 | Matriculation | - | Fresher can apply | 18-45yr | 7000-12000 | |
| | | Housekeeping Supervisor | 05 | Graduation | - | Minimum 1yr in Housekeeping | 22-45yr | 8000-15000 | |
| | | Gunman | 20 | Non-matric | - | Gun & license all india | 25-45yr | 20000/-Plus | |
| | | Security Office | 08 | Graduation | - | Ex-Army/ Min. 3yr Exp | 35-45yr | 12,000-18,000 | |
| | | Office | 05 | Graduation | - | Experience in Security Sector, Bike with license | 25-45yr | 8000-20,000 | |
| | | Cook | 04 | Non-Matric | - | Cooking Experience | 20-55yr | 7000-12000 | |
| 09 | Nirmala Job Employment Agency Patna | Helper, Technicians | 350 | 10th , ITI, Diploma | - | - | 18-35 yr | 15000-25000 | Ahmadabad Gujarat |
| 10 | Millennium Skill Assessor Pvt. Ltd. Gurugram | Security Guard | 250 | 10th Pass | - | 0-1 yr | 18-40yr | 14000-22000 | Hayderabad, Noida, Gujarat |
| | | Supervisor | 250 | 10th Pass | - | 1 Yr | 18-40 yr | 14000-22000 | |
| 11 | Midland Microfinance Pvt. Ltd. Haryana | CO | 100 | 12th Pass | - | - | 18-30yr | 10000-13000 | Daltonganj, Garhwa, Hazaribagh, Chatra, Latehar, Ranchi |
| | | BOCO | 10 | 12th Pass | - | - | 18-30 yr | 10000-13000 | |
| 12 | NETAPS Foundation | Regional/ State Manager | 06 | WIP (Work Integrated Learning Program ) | - | 8yr | 25-35yr | 30,000 + Incentive And Bonus | All over India |
| | | District Manager | 66 | Marketing & WIP (Work Integrated Learning Program ) | - | 5 yr | 20-35yr | 25,000 + Incentive And Bonus | |
| | | Sub. District Area Manager | 541 | Marketing & WIP (Work Integrated Learning Program ) | - | 3yr | 20-35 yr | 20,000 + Incentive And Bonus | |
| | | Executive | 190 | Apprenticeship & WIP (Work Integrated Learning Program ) | - | 0-3yr | 20-35 yr | 15,000 + Incentive And Bonus | |
| | | Corporate Sale & Tieup | 05 | Apprenticeship & WIP (Work Integrated Learning Program ) | - | 0-3yr | 20-35 yr | 25,000 + Incentive And Bonus | |
| 13 | Skills Desk, Delhi | Trainee | 300 | 10th Pass | ITI / Dip. | - | 18-30yr | 12850-16000 | Pune, Gujarat |
| | | Warehouse Executive | 100 | 12th Pass | Graduation | - | 18-35yr | 15000-18000 | Bangalore, Chennai |
| 14 | DMCFS, Pune | Trainee | 150 | 10th Pass | ITI | - | 18-30yr | 14000-18000 | Gujarat |
| 15 | Xzent Aqua Pvt. Ltd. Patna | BDE | 20 | 12th Pass | - | - | 18-40yr | 10000 | Patna |
| | | Hr Executive | 05 | Graduation | - | - | 18-40yr | 9000-20000 | |
| | | RO Technician | 04 | ITI | - | - | 18-40yr | 9000 | |
| | | Officer | 02 | 10th Pass | - | - | 18-40yr | 9000-30000 | |
| | | Accountant | 01 | B.com | - | - | 18-40yr | 14000-30000 | |
| | | Tele Caller | 03 | 10th Pass | - | - | 18-40yr | 9000-25000 | |
| 16 | Param Corporation Maharastra | Trainee | 100 | 10th Pass | ITI/Dip./ B.Tech | - | 18-35yr | 11000-21000 | Nasik Maharastra |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रुप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट –www.garhwa.nic.in तथा नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।

**नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।**

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 309815 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)

## खरसावां में राज परिवार ने विजयादशमी को शस्त्र का किया पूजा अर्चना

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां के राजमहल में राज परिवार की ओर से विजयादशमी पर शस्त्र की पूजा अर्चना कर रस्म अदायगी की गई। यह रस्म लगभग 250 सालो से और 15 पश्तो से चलती आ रही है। आपको बता दे की राज परिवार खरसावां के हर सदस्य गण भारत के विभिन्न राज्यों से आकार पूजा में सम्मिलित होते हैं। यह पूजा सप्तमी से लेकर विजयादशमी तक होती है। इस पूजा को देखने के लिए खरसावां वासी राजमहल पहुंचते हैं। विजयदशमी के अवसर पर राजमहल खरसावां में शस्त्र की पूजा होती है। इस वर्ष भी इस पौराणिक पूजा में सम्मिलित खरसावां के राज परिवार के खरसावां के राजा साहब गोपाल नारायण सिंह देव,खरसावां की राजमाता विजयलक्ष्मी देवी,उमा सिंह देव,खरसावां की रानी साहिबा अपराजिता सिंह देव,खरसावां की राजकुमारी मीनाक्षी सिंह देव, तपासहनी सिंह देव,निशु सिंह देव, युवराज आनंद सिंह देव,कुंवर अनूप सिंह देव,अभिषेक सिंह देव,अमरेश सिंह देव,केशव सिंह देव,अनन्या सिंह देव,अवंतिका सिंह देव,रूपा सिंह देव, राजकुमार देवराज सिंह देव, राजकुमार प्रद्युमन सिंह देव, रुपुदावन सिंह देव,सुमित सिंह देव सम्मिलित हुए और खरसावां वासियों के साथ धूमधाम से दशहरा मनाया। जिसको लेकर खरसिया में पूजा की धूम रही।



## श्री हरि चौरिटेबल ट्रस्ट ने ओल्ड एज होम में बांटे वस्त्र

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री हरि चौरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने फ्यूरिडा ओल्ड एज होम डिमना की महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया. फ्यूरिडा एक ट्रस्ट है जो हार्ट के मरीजों का इलाज काफी कम पैसा में करता है। इसके साथ ही कई प्रकार का सामाजिक कार्य करता है। मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ अभय कृष्णा, सचिव राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार श्रीवास्तव, डॉ प्रीति सिंघानिया, जी एल सिंघानिया, विभा श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वह्न करते हुए हमेशा निःशुल्क मेडिकल चेक-अप कैंप के अलावा अन्य सामाजिक कार्य भी करती है, जिससे समाज के नीचले वर्ग को भी मेडिकल सहायता उपलब्ध हो सके।



## मुचीराम बाउरी के भाई के श्राद्धकर्म में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के पूर्व प्रत्याशी मुचीराम बाउरी के अनुज विद्याधर बाउरी के श्राद्धकर्म में बुधवार को महंत विद्यानंद सरस्वती, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, आरएसएस से रविंद्र कुमार, सत्यप्रकाश व जिला पार्षद कुसुम पूर्ति व प्रदीप बेसरा, प्रदीप कुमार महतो, सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, शांतनु मुखर्जी, सानंद प्रधान, पोस्टल विभाग के चांडिल एसडीआई दिवाकर कुमार दीपक, महावीर महतो समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।



## लोसोदईकिर में आयोजित राज्यस्तरीय हॉकी में तुतुयू टीम बना विजेता

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टेबो पंचायत के लोसोदईकिर गांव में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन लोसोदईकिर मैदान में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथी समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई थे । हॉकी मैच का फाइनल मुकाबला साईकटा हॉकी टीम एवं खूंटी जिला के तुतुयू हॉकी टीम के बीच खेला गया और तुतुयू टीम विजेता बना। जिसे मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हॉकी प्रतियोगिता में 24 टीम ने भाग लिया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि मांगरा ओडिया,सिरका टोपनो,एलिजर हंस,सुलेमान हंस,भीमसेन बोदरा, दुबये बोदरा,दजीयल हंस,लुतार हंस,निमि हंस,समराय होरो,मंगरा पूर्ति,डोंडा ओडिया, जोहन हंस समेत अन्य लोगों का योगदान रहा।



## चक्रधरपुर में हर्षोल्लास के साथ मां दुर्गा का निकला विसर्जन जुलूस, दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर का पवन चौक में विसर्जन जुलूस का नजारा देखने और मां दुर्गा के दर्शन को हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अनुमंडल प्रशासन द्वारा पवन चौक में स्टेज बनाया गया था जहां से ड्रोन कैमरा और पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रखी गई थी। जिला प्रशासन एवं शांति समिति की सहयोग से शांतिपूर्वक खुशनुमा वातावरण में मां दुर्गा के साथ अन्य देवी देवताओं का प्रतिमाओं का विसर्जन संपन्न हुआ। बताते चलें की 1857 से चक्रधरपुर राजा के समय से परंपरागत ढंग से मां दुर्गा की प्रतिमा पुरानी बस्ती आदि पूजा समिति द्वारा मसाल जुलूस के साथ कंधों पर मां की प्रतिमा को रखकर दौड़ते हुए लोग पर होते हैं।



# गम्हरिया में चोरों ने 8 लाख के जेवरात और साढ़े दस लाख रुपए नगदी उड़ाए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया रेलवे स्टेशन के समीप विजय नगर में बीते मंगलवार की रात चोरों ने गौतम चटर्जी नामक कारोबारी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए करीब आठ लाख के जेवरात और साढ़े दस लाख रुपए नगदी की चोरी कर ली। गौरतलब है कि गौतम चटर्जी के पुत्र गोपीनाथ चटर्जी का पेंट का कारोबार है और आगामी जनवरी माह में उसकी शादी तय हुई थी। गृह स्वामी गौतम चटर्जी दुर्गापूजा में सपरिवार पश्चिम बंगाल के पुरुलिया स्थित अपने गांव गया था। जबकि उसके मकान के ऊपरी तल्ले पर दो किराएदार रहता है। मंगलवार की सुबह किराएदारों द्वारा चोरी होने की जानकारी गौतम चटर्जी को फोन पर दी गई। जानकारी मिलते ही गौतम चटर्जी गम्हरिया पहुंचे और घर के हालात देखकर वह दंग रह गया। बताया जा रहा है कि चोर घर का दरवाजा काट कर अंदर प्रवेश किया और अलमीरा तोड़कर उसमें रखे करीब सात से आठ लाख रुपए के जेवरात और व्यवसाय के लिए ट्रंक में रखे करीब साढ़े दस लाख रुपए नगद ले उड़े। गृहस्वामी द्वारा इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस को देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ कर मामले की तहकीकात शुरू कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि किसी जानकार ने ही इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## टाटा स्टील वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकॉग्निशन 2023 से सम्मानित

**जमशेदपुर/ मुंबई (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील के हाल ही में लागू प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट के तहत जोखिम गतिविधि के रियल टाइम विज़ुअलाइज़ेशन को वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकॉग्निशन 2023 के साथ सम्मानित किया गया है। राजीव मंगल, वाईस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील ने कहा, %एक उद्योग के लीडर के रूप में, टाटा स्टील अपने कर्मचारियों और जोखिमों के प्रति संवेदनशील अपनी परिसंपत्तियों दोनों की सुरक्षा के बारे में सक्रिय होने की आवश्यकता को पहचानती है। उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट में, हम प्रोसेस सेफ्टी के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों के समय पर रखरखाव को प्रेरित करने के लिए डिजिटल तकनीक का लाभ उठा रहे हैं, जिससे महत्वपूर्ण उपकरणों की विफलता में कमी आई है। हमारी प्रोसेस सेफ्टी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस - एक 3-स्तरीय क्षमता विकास (शिक्षार्थी, व्यवसायी, विशेषज्ञ) प्रणाली है , जिसे कर्मचारियों की प्रोसेस सेफ्टी क्षमता को बढ़ाने के लिए भी विकसित किया गया है, जिसे हम सभी स्थानों पर विस्तारित करने की उम्मीद करते हैं। हमें स्टील निर्माण के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में हमारे प्रयासों के लिए वर्ल्डस्टील द्वारा मान्यता मिलने पर बहुत खुशी है।

## चौरा को छोड़ सभी जगहों पर दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विजया दशमी एवं एकादशी दोनों दिन पटमदा, कमलपुर व बोड़ाम थाना क्षेत्र के सभी पूजा कमेटियों की ओर से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन नजदीकी तालाबों में कर दिया गया। पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह के मुताबिक सिर्फ चौरा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी द्वादशी के दिन विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जगहों पर पूजा का कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। इसमें पूजा समिति के पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्यों के अलावे स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग पुलिस -प्रशासन को मिला। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की ओर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे विसर्जन जुलूस निकाला गया और करीब पौने दो बजे रांगाबांध तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। मौके पर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर तिवारी, थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, अवर निरीक्षक विनय कुमार, समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, गोपाल कुमार, राजू मंडल, सुदामा कर्मकार, उज्ज्वल कांति दास, निर्मल कांति दास, रथुलाल मोदक, प्रदीप कुमार पैड़ा, पराशर दास, महेश्वर दास, कल्याण कुमार गोराई, देवनाथ दास व तापस हालदार आदि शमिल थे।

## दशमी पूजन के बाद प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजनोत्सव संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** मंगलवार को दशमी पूजन के साथ ही विगत दस दिनों से चल रहा माँ दुर्गा पूजनोत्सव संपन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर अश्रुपूरित नेत्रों से माँ को विदाई दी। वहीं कई स्थानों पर महिला श्रद्धालुओं ने सिंदूर खेला कर पुनः आने की कामना के साथ माता को विदाई दी। सुहागिन महिलाओं ने माँ को सोलह श्रृंगार कर सिंदूर चढ़ा अपने सौभाग्यवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, बंगाली समाज की महिलाओं ने माता को सिंदूर चढ़ाने के साथ ही एक दूसरे को सिंदूर लगा अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुहागिनों ने पान के पत्तों और पूजन सामग्रियों से मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर मां के पैर छूकर प्रणाम किया। मां को सिंदूर लगाने के बाद उपस्थित महिलाओं ने एक -दूसरे को लंबी सिंदूर लगाया। कांड्रा व गम्हरिया क्षेत्र के सभी पूजा कमेटियों द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों व तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस के दौरान क्षेत्र की सड़कों पर माता का दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस दौरान क्षेत्र में सभी नदी घाटों व तालाब घाटों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात रहे। दोपहर से ही पूजा कमेटियों की ओर से प्रतिमा विसर्जन शुरू कर दिया था। देर रात तक क्षेत्र की सभी प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया।

## डेढ़ हजार कुंवारी कन्याओं का हुआ पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के श्री श्री शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर कुलटांड़ में आयोजित दुर्गा पूजा के अवसर पर महानवमी तिथि को वनवासी कल्याण केंद्र जमशेदपुर महानगर के द्वारा डेढ़ हजार कुंवारी कन्याओं की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद कन्याओं को वस्त्र व दक्षिणा स्वरूप 21 रुपये देकर विदाई दी गई। इस दौरान मुख्य रूप में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, देवी सिंह व अरुण सिंह, पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह शामिल हुए। वनवासी कल्याण केंद्र के सदस्य रामनाथ सिंह ने बताया कि कुलटांड़ हनुमान मंदिर परिसर में हर साल नवमी पूजा के दिन वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा कुंवारी कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शरत सिंह सरदार, पंचानन दास, यदुनाथ गोराई, चंदन सिंह, बिभाष चंद्र कुंभकार, कृष्णपद सिंह, प्रबोध मंडल व देवेंद्र कुंभकार समेत अन्य कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## दुर्गा मंदिर पंडाल में भक्ति जागरण का आयोजन, रात भर झूमते रहे श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** मंगलवार की देर रात्रि में जगन्नाथपुर दुर्गा मंदिर पूजा समिति शिव मंदिर चौक के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जगन्नाथपुर थाना प्रभारी राकेश रंजन सिंह व दुर्गा पूजा कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के द्वारा हुआ. जगराते में मां शारदे म्यूजिकल ग्रुप जमशेदपुर के कलाकारों ने भजनों के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया। भोर तक चले जगराते में श्रद्धालु भक्तिगीतों पर झूमते रहे। इसके साथ ही भगवान श्री कृष्ण व सुदामा,हनुमान व दुर्गा मां द्वारा महिषासुर का वद सहित अन्य की झांकी भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में आयोजक दुर्गा पुजा समिति संरक्षक धीरज सिंह,पवन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,सदस्यगण जितेद्र गुप्ता,राजकिशोर नायक,ग्रामीण मुंडा विकास पहापत्रो,संतोष गुप्ता,राजु गोप,चंचल यादव, अमर सिंह,रुसी नायक,सुबोल सिंह,हरिश प्रसाद,निराकार बोसा,कुंदन शर्मा,सुशिल ठाकुर,मासूम साव,मोहित सिंह मुंडा,अजय निषाद,बबलु घटवरी,रितेश शर्मा,सुरज बोसा,युवराज यसवंत सिंह ,बुधन राजक,नितिया बरिक,आर के.मिश्रा प्रदीप रजक,अनिल नायक,छोटु जेराई सहित काफी संख्या में कमिटि के सदस्य व महिला पुरुष उपस्थित थे.

## डोबो पुल समीप सोनारी में शांति समिति ने लगाया सहयोग शिविर

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विजयदशमी के दिन माँ दुर्गा की विसर्जन सोनारी में शांति और सौहार्द से परिपूर्ण विसर्जन करवाने हेतु सोनारी शांति समिति ने डोबो पुल के समीप बालू घाट मे अपना सहयोग शिविर लगाया, जिसमे प्राथमिक चिकित्सा का भी प्रावधान रखा गया था। शांति समिति के शिविर में शांति समिति के अध्यक्ष अमोल पत्रो और शांति समिति के सचिव सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू सुबह से ही मौजूद रहे,और अपना कुशल मार्गदर्शन सभी शांति समिति के सदस्यों को प्रदान किया। इस दौरान सोनारी थाना प्रभारी विष्णु रावत का भी सहयोग मिला। मौके पर डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने सभी आभार प्रकट किया। वही केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति और जीएनएससी के कार्य शैली से आम जनों को और दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को कुछ तकलीफों का सामना करना पड़ा।

## टाटा टी गोल्ड ने प. बंगाल की पारंपरिक शैली से मनाया दुर्गा पूजा का जश्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दुर्गा पूजा की पवित्र भव्यता के रंगों से पश्चिम बंगाल सजा रहा। पश्चिम बंगाल राज्य का पसंदीदा चाय ब्रांड, टाटा टी गोल्ड भी इस क्षेत्र की हैंडलूम की शैलियों से प्रेरित अपने फेस्टिव पैक के लॉन्च के साथ इस अनूठे पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। ब्रांड ने टाटा टी गोल्ड फेस्टिव पैक के साथ पूजा को मनाने के लिए कोलकाता के साउथ सिटी मॉल में एक विशेष डुअल-स्क्रीन 3डी एनामॉर्फिक डिस्प्ले लक्ष्य मीडिया ग्रुप के साथ गठजोड़ कर स्थापित किया। यह पहला मौका है, जब किसी ब्रांड ने डुअल-स्क्रीन 3डी फॉर्मेट डिस्प्ले किया है। यह अनोखा डिस्प्ले, साउथ सिटी मॉल में 14 से 21 अक्टूबर तक चला। जिसमें इस क्षेत्र के पांच विशिष्ट हैंडलूम और बेहतरीन कारीगरी को दिखाया गया जो पश्चिम बंगाल के गौरव और उत्सव की रंग-बिरंगी कहानी बयान करता है। टाटा टी गोल्ड की फेस्टिव सीरीज़, %बांग्लार नोक्शा पुजो% पैकेजिंग की प्रेरणा बना।

# लेज के नए कैंपेन नो लेज, नो गेम के लिए धोनी ने फैन्स को दिया सरप्राइज होम विजिट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूरे देश को एक धागे में पिरोने वाले क्रिकेट के आनंद को बढ़ाते हुए लेज ने बेहतरीन और सबसे पसंदीदा क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को एक बार अपने साथ ब्रांड एंबेसडर के रूप में जोड़ा है। ब्रांड एंबेसडर के रूप में दूसरी पारी शुरू करते हुए धोनी लेज के नए कैंपेन नो लेज, नो गेम में नजर आए हैं। इस टीवीसी में जैसे ही धोनी घर का दरवाजा खटखटाते हैं, तो फैन्स के चेहरे पर अलग-अलग तरह के भाव देखने को मिलते हैं। कहीं कोई उत्साहित हैं, तो कोई आश्चर्यचकित है और कई फैन्स भागकर घर में लेज चिप्स के पैकेट खोज रहे हैं। इस टीवीसी की खास बात यह है कि इसमें अभिनेताओं को नहीं, बल्कि आम लोगों को लिया गया है। इसमें धोनी को अचानक अपने दरवाजे पर पाकर फैन्स के चेहरे पर आई सच्ची भावनाओं को दिखाया गया है, जिसमें फैन्स बेचैनी से अपने घर में खोजते हैं कि उनके पास लेज है या नहीं। जिनके पास लेज है, उन्हें धोनी के साथ मैच देखने का मौका मिलेगा। पेप्सिको इंडिया की कैटेगरी लीड पोटैटो चिप्स सौम्या राठौड़ ने कहा, लेज ने करोड़ों भारतीयों के दिल में अपनी खास जगह बनाई है। सबके पसंदीदा क्रिकेटर एमएस धोनी को एक बार फिर लेज का ब्रांड एंबेसडर बनाने को लेकर हम उत्साहित हैं। इस कदम से ब्रांड और क्रिकेट के दीवाने हमारे देश के बीच का जुड़ाव और गहरा होगा। एमएस धोनी ने कहा, मैं एक बार फिर लेज फैमिली का हिस्सा बनने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। घर में बैठकर खेल देखने और लेज चिप्स के बीच बहुत गहरा संबंध है नो लेज, नो गेम कैंपेन बहुत शानदार तरीके से इस कनेक्शन को दिखाता है। इस खेल से वर्षो से इतनी गहराई से जुड़े होने के कारण मैं इस बात को समझता हूं कि लेज किस तरह से कुछ पलों को और भी खास बना देता है। इसलिए अगली बार जब आप मैच देखने बैठें, तो अपने साथ लेज चिप्स रखना न भूलें और इसके शानदार फ्लेवर्स के साथ मैच का आनंद उठाएं।

# चिलगु में ओड़िशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास का हुआ स्वागत, रघुवर- बोले हरेलाल बाबू मेहनत कीजिए ईचागढ़ की तस्वीर बदल जाएगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** जमशेदपुर से रांची जाने के क्रम में चांडिल प्रखंड के चिलगु में ओड़िशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास का चिलगु में भव्य स्वागत किया गया। आजसू नेता हरेलाल महतो के नेतृत्व में कायकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने रघुवर दास का अंगवस्त्र तथा गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं, रघुवर दास ने आजसू नेता हरेलाल महतो को उज्वल राजनीतिक भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस दौरान कुछ समय के लिए रघुवर दास आजसू पार्टी के प्रधान कार्यक्रम में रुके तथा हरेलाल महतो द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। रघुवर दास ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त करने के बाद कहा कि ईचागढ़ विधानसभा काफी पिछड़ा क्षेत्र है, हरेलाल बाबू आप मेहनत कीजिए तस्वीर बदल जाएगी। इस मौके पर चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, रुद्रप्रताप महतो, बिरेन लायक, अनंत गोप, अनूप गोराई, सनत महतो, सुजीत महतो, मनोज कुमार, संतोष माहली, शिव महतो आदि मौजूद थे।

## मनोनीत राज्यपाल से मिले इंद्रजीत, तख्त आने का आमंत्रण

**जमशेदपुर :** उड़ीसा के मनोनीत राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से बुधवार को गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह ने शिष्टाचार भेंट की एवं राज्यपाल मनोनीत होने पर उन्हें तख्त एवं सिख जगत की ओर से बधाई दी। उन्होंने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और पटना आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने रघुवर दास को गुरु नानक देव जी से जुड़े कटक, भुवनेश्वर एवं पूरी के ऐतिहासिक स्थल की जानकारी देते हुए उनके धार्मिक केंद्र के तौर पर विकास उन्नयन के लिए प्रभावी भूमिका निभाने का आग्रह किया। सरदार इंद्रजीत सिंह के अनुसार सिख संसद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं उड़ीसा सिख प्रतिनिधि बोर्ड को राज्य सरकार से मिले आश्वासन की जानकारी दी तथा भुवनेश्वर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदधारियों से फोन पर वार्ता भी करायी। रघुवर दास ने आश्वस्त किया कि सिख प्रतिनिधि मंडल उनसे मिले, कानून एवं संविधान के दायरे में हर संभव सहयोग करेंगे। उनके साथ टीनप्लेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरजीत सिंह खुशीपुर एवं बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान और अधिवक्ता कुलविंदर सिंह भी थे।



## संपादकीय

# अध्यापकों का मानसिक सर्वे

**बिहार** में एक और सर्वेक्षण किया जाएगा। यह राजनीतिक या जातीय से बिल्कुल अलग होगा और अध्यापकों की मानसिक सेहत और तनाव का अध्ययन करेगा। सबसे गरीब और पिछड़े राज्य में 4 लाख से अधिक अध्यापक सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। उनके अध्यापन की एक बानगी ही पर्याप्त है, जो उनकी विवशता भी है। कई अध्यापक, कई स्कूलों में ऐसे अध्यापन के दंश झेल रहे हैं कि चार अध्यापकों को, एक ही क्लास रूम में, दो ब्लैक बोर्ड पर, साथ-साथ पढ़ाना पड़ता है। कक्षा में आधे छात्र एक तरफ देखते हुए पढ़ते हैं, तो आधे छात्रों के चेहरे विपरीत दिशा में होते हैं। चार अध्यापक पढ़ा रहे हैं, तो जाहिर है कि उनके विषय भी भिन्न होंगे! एक ब्लैक बोर्ड पर अध्यापक भी अलग-अलग कुछ लिख कर छात्रों को पढ़ाने को विवश हैं। मानसिक तनाव अध्यापकों को ही नहीं, बल्कि छात्रों को भी होना चाहिए। उनके लिए कितना बड़ा असमंजस है कि उन्हें एक साथ गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी आदि विषय पढने होते हैं! क्या एक छोटा-सा बच्चा, एक साथ, कई विषयों को पढ़ और ग्रहण कर सकता है? इस तकनीकी मनोविज्ञान का भी सर्वे किया जाना चाहिए। हमने बिहार के अध्यापकों और सरकारी स्कूलों पर ऐसी कई रपटें देखी हैं। पूछने पर अध्यापकों का स्पष्टीकरण भी एक आश्चर्य है कि हमारे छात्र मेधावी हैं। एक साथ कई विषय पढने के अभ्यस्त हो गए हैं। यह दुनिया का कौनसा आश्चर्य है? बहरहाल इसी माह के अंत में सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के मानसिक तनाव, मनःस्थिति, औसत मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित सर्वे किया जाना है। दलीलें दी जा रही हैं कि औसत अध्यापक गहरे मानसिक तनाव का शिकार है, लिहाजा वह समय पर अपना पाठ्यक्रम पूरा करने में असमर्थ है। सरकार को जो शिकायतें मिली हैं, उनमें स्कूल के साथ घर पर भी तनाव और कुंठा की बातें कही गई हैं। अंततः अध्यापकों के मानसिक सर्वे का निर्णय लिया गया है। राज्य की शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को सर्वे का दायित्व सौंपा गया है। शिकायतें ऐसी भी हैं कि अध्यापकों में अनुपस्थित रहने का भाव भी गहराता जा रहा है, जिससे छात्र प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। दरअसल सरकारी स्कूल अध्यापकों पर अध्यापन का ही दायित्व नहीं है। उनके सामने गैर-शिक्षण कार्यों की चुनौतियां और निरंतर दबाव भी हैं। मसलन, उन्हें चुनावों के दौरान ड्यूटी करनी पड़ती है। बिहार में जो जातीय सर्वेक्षण कराया गया था, उसमें भी अध्यापकों को झोंका गया था। स्कूलों में 'दोपहर का भोजन' एक बहुस्तरीय और नियमित योजना है। बच्चों को भोजन परोसना अनिवार्य है। उसका प्रबंधन भी अध्यापकों को ही देखना पड़ता है। इतने स्तरों पर काम करके औसत अध्यापक अपने बुनियादी कत्तव्य को कैसे निभा सकता है? उसके काम में ईमानदारी कितनी होगी? अध्यापकों पर गुरुत्तर दायित्व है कि वे अपने अनुभव और ज्ञान के जरिए देश की युवा और छोटी पीढ़ी को कैसे प्रशिक्षित करें और उनका मानसिक पोषण सुनिश्चित करें। शिक्षा के क्षेत्र में बिहार दुनिया के सामने बेमिसाल रहा है। उसकी अपनी प्राचीन विरासत और धरोहर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ही बात करें, तो 2006 में उन्होंने 9वीं से 12वीं कक्षा तक की छात्राओं को साइकिल देने की योजना का आरंभ किया था, नतीजतन स्कूलों में कन्याओं का प्रवेश करीब 30 फीसदी बढ़ गया था। बच्चियां साइकिल से स्कूल जाती थीं। यदि एक ही कक्षा में चार अध्यापक साथ-साथ, अलग-अलग विषय, पढ़ा रहे हैं, तो भी नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री हैं। दरअसल यह व्यवस्था और सरकार की गंभीरता का प्रश्न है कि वह शिक्षा के प्रति कितनी गंभीर और प्राथमिक है? यह भी हकीकत है कि सरकारी स्कूलों में वे ही छात्र आते हैं, जो सामाजिक और आर्थिक तौर पर कमजोर और पिछड़े हैं। उनके लिए अनिवार्य है कि वे छात्र नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित रहें और बेहतर शिक्षा ग्रहण करें। इस संदर्भ में अध्यापकों की भूमिका अप्रतिम है।


मानसिक तनाव अध्यापकों को ही नहीं, बल्कि छात्रों को भी होना चाहिए। उनके लिए कितना बड़ा असमंजस है कि उन्हें एक साथ गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी आदि विषय पढने होते हैं! क्या एक छोटा-सा बच्चा, एक साथ, कई विषयों को पढ़ और ग्रहण कर सकता है? इस तकनीकी मनोविज्ञान का भी सर्वे किया जाना चाहिए। हमने बिहार के अध्यापकों और सरकारी स्कूलों पर ऐसी कई रपटें देखी हैं। पूछने पर अध्यापकों का स्पष्टीकरण भी एक आश्चर्य है कि हमारे छात्र मेधावी हैं। एक साथ कई विषय पढने के अभ्यस्त हो गए हैं। यह दुनिया का कौनसा आश्चर्य है? बहरहाल इसी माह के अंत में सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के मानसिक तनाव, मन :स्थिति, औसत मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित सर्वे किया जाना है। दलीलें दी जा रही हैं कि औसत अध्यापक गहरे मानसिक तनाव का शिकार है, लिहाजा वह समय पर अपना पाठ्यक्रम पूरा करने में असमर्थ है। सरकार को जो शिकायतें मिली हैं, उनमें स्कूल के साथ घर पर भी तनाव और कुंठा की बातें कही गई हैं। अंतत : अध्यापकों के मानसिक सर्वे का निर्णय लिया गया है। राज्य की शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को सर्वे का दायित्व सौंपा गया है। शिकायतें ऐसी भी हैं कि अध्यापकों में अनुपस्थित रहने का भाव भी गहराता जा रहा है, जिससे छात्र प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। दरअसल सरकारी स्कूल अध्यापकों पर अध्यापन का ही दायित्व नहीं है।


## कुछ अलग

# कचरा-कचरा नदी

**अंततः** अदालत को ही कहना पड़ा कि नदी-नालों में कूड़े-कचरे की डंपिंग पर पूर्ण रोक लगाएं। जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते माननीय हिमाचल हाई कोर्ट ने प्रदेश के कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सख्त हिदायतें ही नहीं दीं, बल्कि स्थानीय निकायों के दायरे में अवैज्ञानिक डंपिंग पर कड़ा संज्ञान लिया है। यह फैसला मानव सभ्यता और जीवनशैली में आ रहे परिवर्तनों की तरफ इशारा करते हुए सरकार के दायित्व में स्थानीय निकायों के लिए जीवन की शर्तें पेश कर रहा है। बद्दी जैसे अति औद्योगिक क्षेत्र के ठोस कचरा निष्पादन संयंत्र का संचालन जिस तरह किया जा रहा है, उसे देखते हुए यह फैसला जनचेतना से भी जुड़ा है। हिमाचल में पिछले तीन दशकों में कचरा न केवल बढ़ा, बल्कि इसके साथ योजनाओं-परियोजनाओं का कचरा भी बढ़ा। लगातार शहरीकरण के सवाल पर हिमाचल की सरकारें अगंभीर रहीं और यही साहसिक कोशिश करती रहीं कि किसी तरह इस दिशा की वृद्धि दर को ढांप के रखा जाए। हैरानी यह कि न शहर उचित मानदंड से बसे और न ही गांव बचे। हिमाचल की आबादी ने शहरी तहजीब, मानसिकता, उपभोक्तावाद और आधुनिक जीवनशैली में जीना तो सीख लिया, लेकिन इस उथल पुथल ने पर्यावर्णीय खतरों को लगातार नजरअंदाज कर दिया। शिमला के बाद 2005 में कहीं जाकर धर्मशाला दूसरा नगर निगम बना और बाद में जयराम सरकार ने तीन और शहरों के प्रबंधन को बड़े शहरों की व्याख्या दी, लेकिन ये फैसले केवल सियासी ही साबित हो रहे हैं। अगर नगर निगम क्षेत्रों में ही कूड़े कचरे के प्रबंधन को देखा जाए, तो मालूम हो जाएगा कि प्रदूषण व पर्यावरणीय खतरों की निशानियां आज भी यहां योजनाओं को कचरा कर रही हैं। प्रदेश के पास न ऐसे सर्वेक्षण हैं और न ही आंकड़े ताकि राज्य स्तरीय ढांचे में कचरा उन्मूलन हो सके। एक बार धूमल सरकार ने पॉलीथीन पर बैन लगाकर जीने की राह दिखाई थी, लेकिन यह आदर्श भी ढह गया। स्वच्छता अभियान के तहत प्रदेश के तमाम सांसदों ने डस्ट बिन तो गाड़ दिए, लेकिन इस मुहिम के शिलालेख न विकल्प बने और न ही इसके आगे कुछ हुआ। नतीजतन खड्डों व नदी-नालों के किनारे ही अब डंपिंग साइट बने हुए हैं जहां ठोस कचरे के साथ-साथ भवन निर्माण के दौरान खुदाई से पैदा हो रही सामग्री व मक फेंका जा रहा है। प्रदेश में अस्सी फीसदी कचरा खुले में फेंका जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में भले ही कुछ योजनाएं बन रही हैं, लेकिन ग्रामीण हिमाचल तो पूरी तरह पर्यावरण के खिलाफ कूड़े के ढेर के ऊपर बैठा है।

### कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जाएगी

# वसुंधरा समर्थकों की नाराजगी बढ़ी तो भाजपा के लिए चुनाव जीतना मुश्किल होगा

**रमेश सर्राफ**


विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है।


**राजस्थान** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल 41 सीटों में से 40 सीटों पर भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में हार गई थी। एकमात्र विद्याधर नगर की सीट पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी चुनाव जीते थे। मगर उनका भी टिकट काट दिया गया है। विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है। टिकट कटने वाले सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। हालांकि भाजपा आलाकमान का कहना है कि हमने जो 41 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से 40 प्रत्याशी पिछले चुनाव में हार चुके थे। इनमें भी 11 सीट दातारामगढ़, कोटपूतली, झुंझुनू, सांचैर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, नवलगढ़, लालसोट, सपोटरा, बागीदौरा और बस्सी ऐसी विधानसभा सीट हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है। इन 41 सीटों में 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट ही जीती थी। वहीं 2013 में 25 सीट व 2008 में 5 सीटो पर ही जीत पाई थी। अपने हार के आंकड़ों को सुधारने के लिए ही भाजपा ने इस बार इन 41 सीटों पर बड़ा फेरबदल किया है। इन 41 सीटों में से 29 सीटों पर इस बार भाजपा ने नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें से 6 प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय या अन्य दलों से चुनाव लड़े थे। इनमें से कई ऐसे प्रत्याशी भी हैं जो पिछले चुनाव में तीसरे नंबर पर आए थे। लेकिन फिर भी उनको पार्टी टिकट दे दी गई है। अभी तक भाजपा द्वारा घोषित किए गए 41 प्रत्याशियों में 6 लोकसभा के मौजूदा सांसदो को टिकट दिया गया है। जिसमें जयपुर ग्रामीण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर को झोटवाड़ा से कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया के सामने, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा में राज्य खाद्य निगम के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव के सामने, जालौर सांसद देवजी पटेल को सांचैर से मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक सुरेश टांक के सामने, झुंझुनूं सांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी के सामने, राजसमंद सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को वैर से कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव के सामने उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जाएगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के सामने भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सीकर से तीन बार सांसद रहे सुभाष महरिया को प्रत्याशी बनाया है। सुभाष महरिया 2013 के विधानसभा चुनाव में गोविंद सिंह डोटासरा से पराजित हो चुके हैं। भाजपा ने जिन 41 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से अधिकांश सीटों पर टिकट की दावेदारी जता रहे प्रत्याशियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। कई सीटों पर तो पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी है। जिससे भाजपा की स्थिति खराब हो रही है। भाजपा ने झुंझुनूं सीट पर पिछली बार चुनाव लड़े राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर पिछली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े निषित उर्फ बबलू चौधरी को टिकट दिया है। जिससे नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। मंडावा में सांसद नरेंद्र कुमार को टिकट देने से 2019 के विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी रही सुशीला सीगड़ा, पूर्व प्रधान गिरधारी खिचड़ ने भी बगावती राग अलापना शुरू कर दिया है। जयपुर के झोटवाड़ा सीट पर तो पूर्व मंत्री राजपाल सिंह का टिकट कटने के बाद उनके समर्थको ने सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाकर विरोध जता रहे हैं। कोटपूतली से टिकट कटने पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। भरतपुर जिले की नगर सीट से दो बार विधायक रही अनीता गुर्जर ने अपना टिकट काटने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कही है। देवली-उनियारा सीट पर गुर्जर नेता रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला को टिकट देने पर पिछली बार भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र गुर्जर काफी नाराज है तथा खुलकर अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए विजय बैसला को बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध कर रहे हैं। सांचैर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने पर 2018 में चुनाव लड़े दानाराम चैधरी के समर्थक तो देवजी पटेल के साथ मारपीट तक कर चुके हैं। 2022 में सहाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने रतनलाल जाट को टिकट दिया था। मगर इस बार लादूलाल पितलिया को प्रत्याशी बनाया है। उपचुनाव में पीतलिया ने निर्दलिय फॉर्म भरा था मगर बाद में समझाने पर चुनाव मैदान से हट गए थे। हालांकि भाजपा ने उदयपुरवाटी से अपने पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को टिकट देकर महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के लिए सीट नहीं छोड़कर शिंदे गुट को उनकी हैसियत दिखा दी है। लाल डायरी प्रकरण से चर्चित हुए राजेंद्र सिंह गुढ़ा पिछले दिनों ही अपने गांव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लाकर यह प्रयास कर रहे थे कि भाजपा उनके लिए खाली छोड़ दे। मगर भाजपा ने ऐसा नहीं किया। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक राजस्थान में अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। जबकि भाजपा ने 41 सीटों पर नाम की घोषणा कर दी है। मगर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने के बाद भाजपा में जिस तरह की आपसी खींचतान व विरोध हो रहा है उसके चलते पार्टी बैक फुट पर आ गई है। इसी कारण पार्टी ने अन्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा रोक दी है। भाजपा में घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ उठे विद्रोह से भाजपा के बड़े नेता डर गए लगते हैं। वहीं वसुंधरा राजे समर्थक वर्तमान विधायकों को भी अपनी टिकट कटने का डर सताने लगा है।



# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## उरीमारी में विजयदशमी पर नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के बगल में विजयदशमी पर्व पर देर रात नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन राष्टीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने फिता काट कर किया।वहीं इस प्रोग्राम में रांची व कोलकाता से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी खोरठा संथाली लोकगीत व नृत्य कार्यक्रम कर अतिथियों व ग्रामीणो? का मन मोहा,बता दें कि उरीमारी हेसाबेडा में हर साल विजयदशमी के दिन नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।वही राजू यादव ने कहा मेला व सांकृतिक कार्यक्रम क्षेत्र मे कराने से लोगो मे रौनक का माहोल बना रहता है। इस बार रांची के गुंज म्यूजियम झारखंड सांस्कृतिक कला मंच के द्वारा कार्यक्रम किया गया। तो वही दूसरी ओर भव्य दुर्गा पुजा पंडाल बनाने मे शिव टेंट हाउस के संचालन शिवशंकर बेदिया को राजू यादव ने शोल ओढाकर सम्मानित किया।वहीं यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। वहीं इस कार्यक्रम में पुरे उरीमारी, सयाल, सौंदा, भुरकुंडा,असवा, पोंटगा, भुरकुंडुवा, जरजरा आदि क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

## गोला प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा धुम धाम से मनाया विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के बिभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा पूजा धुम धाम से मनाया इस अवसर पर रामगढ़ बिधायक सुनीता चौधरी एवं जिला परिषद सदस्य पश्चिमी भाग सरस्वती देवी ने बिभिन्न पुजा स्थलों में पहुंच कर माथा टेका और आशीर्वाद लिया जानकारी के अनुसार चक्र वली चोकाद मुरूडीह संग्राम पुर सुतरी रकुवा बन्दा मुरपा कुष्टे गढा तोयर बरियातु चाडी पुरबडीह सरगडीह बरलंगा नवाडीह उपरबरगा सोसो कंला हेमत मेंपुर कुम्हार दगा गोला सहित कई गांवों में शामिल हुए मंगलवार एव बुधवार को मां दुर्गा की बिसरजनकिया गया मोके पर चदंर महतो बिनु महतो नित्या नंद महतो बिसुरजवार गोबिंद मुंडा दीनु गोस्वामी कुलदीप साव दिनेश महतो तिभुवन महतो महेश महतो सहित कई लोग समिल थे।

## पानी के कनेक्शन में हुई गड़बड़ी के कारण सड़कों में बह रही है व्यर्थ पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत के राजस्व ग्राम सोसो कलां गांव में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर पानी की सप्लाई दी गई है। घर वालों को पानी के लिए जो कनेक्शन किया गया है बहुत से ऐसे कनेक्शन हैं जिसमें किसी तरह की खराबी हो गई है जिसके कारण जब पानी की सप्लाई की जाती है तो आधा से अधिक पानी व्यर्थ सड़कों में बहकर चारों तरफ़ फैलने लगता है जिससे सड़कों में चलने वाले राहगीर को काफी तकलीफ होती है। राह चलने के दरमियान अचानक किसी तरफ से कोई दो या चार पहिया वाहन गुजरता है तो उसके छींटे उसके कपड़े पर पड़ता है। गांव की सड़कों में नालियों का अभाव है जिसके चलते पानी जैसे तैसे सड़कों में बहते रहता है। इस संबंध में घर वालों को कनेक्शन में हुई गड़बड़ी को सुधारने की जरूरत है पर इसपर उसका कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ग़ामीणो ने सुधार करने की मांग किया है।

## रजरप्पा क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमा का अश्रुपूर्ण व नम आंखो से दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा चितरपुर सहित दुलमी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन विभिन्न नदी- नाला, तालाब घाट में प्रतिमा का अश्रुपूर्ण एवं नम आंखों से विसर्जन किया गया, विभिन्न तालाब घाट में मां दुर्गा देवी की विदाई की गई धूप अगरबत्ती व आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि शांति और वैभव की कामना किया। इस दौरान कुंदरुकला, बारलोग, छतरमांडू, लारी सुकरीगडा, चितरपुर ,मारगमरचा, बोरोविग, आदि कई दुर्गा प्रतिमा का मंगलवार शाम को तालाबों में विसर्जन किया गया जुल्मी क्षेत्र के सिरू कोरचे ढुठूवा, सिकनी, हरहद कंडेर प्रियातु, पोटमदगा, जामसिह मदगी, होनहे सोसो, चटाग आदि जगहों पर देर शाम मां दुर्गा प्रतिमा का भक्तों ने नम आंखों से किया विसर्जन।

## असत्य पर सत्य की जीत और अधर्म पर धर्म की विजय ही विजयादशमी है : सांसद

### बुराई पर अच्छाई की जीत ही दशहरा का रावण-दहन है : विधायक सुनीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी मैदान में विजयदशमी की देर शाम रावण-दहन का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुमिता चौधरी एवं रजरप्पा ष्टष्टरु महाप्रबंधक एसएन यादव मुख्य रूप से शामिल हुए रावण दहन के पूर्व दुर्गा पूजा समिति के द्वारा सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया इस मौके पर रजरप्पा आवासीय कॉलोनी मैदान में 61 फीट का रावण, मेघनाथ ,कुंभकरण पुतला दहन के पूर्व कई घंटे तक जमकर आतिशबाजी की गई लगभग 8ञ्00 बजे मुख्य अतिथि सांसद के द्वारा रावण दहन किया गया मैदान पर



बनाए गए रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतला पर बाण चलते ही धूधू कर पल भर में जल जलकर राख हुआ इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद ने लगभग 1लाख से अधिक उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय ही महापर्व विजयादशमी है। जबकि विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत ही हमारा दशहरा विजयदशमी त्योहार है पूरे रामगढ़ वासियों को विधायक ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो अमृतलाल मुंडा महेंद्र मिस्त्री जगदीश महतो किशुनलाल साव रविंदर वर्मा सुरेश महतो सहित दर्जन पूजा समिति लोग शामिल थे।

## सुहागिन महिलाओं ने खेली सिंदूर होली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में विजयादशमी के अवसर पर देर शाम सुहागिन महिलाओं द्वारा सिंदूर होली खेला गया। कहीं कहीं पर अविवाहित कन्याओं द्वारा महा भोग प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें पूडी, सब्जी चना, खीर,हलुवा एवं जलेबी आदि प्रसाद का वितरण भी किया गया। जिसमें एक दूसरे सुहागिन के मांग पर सिंदूर लगाई गई एवं अपने पति की दीर्घायु होने व लंबी उम्र की मां भगवती से मनोकामना किया। विजयादशमी के अवसर पर महिलाओं ने एक दूसरे महिला के मांग पर सिंदूर लगाते हुए पूरे क्षेत्र में सुख समृद्धि की और वैभव प्राप्ति हेतु की मां दुर्गा से कामना किया रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी मारगमरचा, सोढ, चितरपुर, लारी ,सुकरीगडा ,कुंदरुकला, आदि दर्जनों गांव में सुहागिनों ने सिंदूर होली खेली उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## पूर्व विद्यायक ने अरगडा पूजा पंडाल में किया पूजा अर्चना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में महानवमी पर रामगढ़ विधान सभा के पूर्व विधायक ममता देवी अरगडा पूजा पंडाल पहुंचकर पूजा अर्चना की । इस अवसर पर पुजारी गौरांग सुन्दर बनर्जी और सहायक पूजारी अक्षय कुमार ने विधिवत रूप से पूर्व विधायक ममता देवी को पूजा अर्चना कराया । मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी ने क्षेत्र के लोगों की सुख शांति के लिए मॉ दुर्गा से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान पूर्व मुखिया सिरका मंजू जोशी, आदिवासी नेता अशोक करमाली, पार्षद 17 अनु विश्वकर्मा, समाजसेवी आदर्श मिश्रा, दीपक उरांव, शंभु सागर, सोमिर डे, विश्वनाथ मांझी आदि मौजूद थे।



## मां दुर्गा पूजा विजया दशमी के बाद एकादशी पर अरगड्डा में हुई सिंदूर खेला

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल में मां दुर्गा पूजा दशमी के पश्चात विजया एकादशी के शुभ अवसर पर अरगडा -सिरका के पूजा पंडालो में बुधवार को सुहागिन महिलाओं ने माता को पान पते से सिंदूर अर्पित करने के बाद सिंदूर खेला किया। नये वस्त्र धारण कर सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मॉ दुर्गा से सुखी दामपत्य जीवन की कामना किया। जबकि अपने लिए अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। अवसर सर पर बड़ी संख्या में महिला भक्तजन उपस्थित थी।



# प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मूर्ति विसर्जन दशहरा पर्व संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ मेला का आयोजन सुभाष चौक,नवाडीह में किया गया एवं स्वर्गीय उमाकांत पाठक उर्फ लालू मैदान में रावण दहन,मेघनाथ दहन के साथ दशहरा पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हुवा। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। प्रखंड के सुभाष चौक पत्थलगड़ा, नवाडीह, नोनगांव में कमेटी के द्वारा दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना किया गया। प्रखंड के खास कर सुभाष चौक में दुर्गा पूजा के कमिटी के द्वारा माला का डाक के लिए भक्तों ने बोली लगाने के बाद समिति के द्वारा जुलूस में गाजे बाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। मां दुर्गा के प्रतिमा को प्रखंड के नदियों, तालाबों में ले जाकर नम्र आंखों से विसर्जन किया गया। विजयादशमी के दिन के दोपहर से ही मूर्ति विसर्जन के लिए विभिन्न कमेटियों द्वारा मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम होने लगा। सुबह से ही प्रतिमा विसर्जन को लेकर श्रद्धालु उत्साहित देखे जाने लगे। इसे देखते हुए थाना प्रभारी सचिन कुमार दास के द्वारा प्रत्येक मूर्ति विसर्जन में पुलिस प्रशासन को मुस्तैद कर दिया। ताकि मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में किसी तरह का अप्रिय घटना न घट सके। साथ ही प्रखंड मुख्यालय से इसकी निगरानी के लिए प्रत्येक पंचायत में मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी मजिस्ट्रेट गांव गांव जाकर मूर्ति विसर्जन का जायजा ले रहे थे। इसके अलावे स्वयं बीड़ीओ मोनी कुमारी, थाना प्रभारी सचिन कुमार दास मूर्ति विसर्जन के दौरान समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। प्रत्येक पंचायत में मां दुर्गा की जयकारों के साथ देर शाम तक प्रतिमा विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान मूर्ति विसर्जन में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी एवं एवं थाना प्रभारी ने अपने दल बल के साथ सभी मूर्ति विसर्जन स्थलों पर जायजा करते रहे।

## पुलिस अधीक्षक पहुंचे कुन्दा, पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** सोमवार को जिले के पुलिस कप्तान राकेश रंजन कुन्दा पहुँचे।वही थाना में पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।पुलिस अधीक्षक ने ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ में शिवलिंग का दर्शन किया।पुलिस अधीक्षक ने महादेव मठ का अलौकिक बनावट को अद्भुत बताया। उन्होंने बताया की यहाँ की प्राचीन इतिहास की खोजने व संग्रहित करने की आवश्यकता है।यहाँ की प्राकृतिक बनावट का जीर्णोद्धार करने की जरूरत है यह ऐतिहासिक स्थल अद्भुत आभा समेटे हुवे है। वही पुलिस अधीक्षक ने महंत जानकी दास समाधि स्थल, सूर्य कुंड, राजा गढ़ समेत अन्य पुरातात्विक स्थलों का इतिहास जाना वही राजा किला में बने सुरंग को देखा और अद्भुत बताया। वही पुलिस अधीक्षक ने राजा किला में लिखें संस्कृत के कुछ शब्दों का पढ़ने का भी कोशिश किया। वही पंडाल का निरीक्षण कर वहाँ का व्यवस्था की जानकारी ली एवं माता रानी का दर्शन कर आशीर्वाद लिए। मौके पर थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, मुखिया मनोज कुमार साहू, मोतीराम देवगम समेत जिला बल के जवान मौजूद रहे।

## सर्प डसने से मौत, सदर अस्पताल मे हुआ पोस्टमार्टम



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका प्रखंड के पल्हेया पंचायत के कोरीद गांव निवासी माघे उरांव की मौत सांप के काटने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मंगलवार को अपने ससुराल लातेहार के ऊपर बेसरा ग्राम उदयपुरा में रह रहा था। मंगलवार को मृतक अपनी पत्नी के साथ धान के खेत में गया हुआ था। किसी कारण वश इनकी पत्नी घर आई। और जब वापस खेत में गई तो वहां बिहोशी हालत में वह गिरा पड़ा था। आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें की माघे उरांव उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पारा शिक्षक के रुप में कार्यरत था माघे उरांव अपने बीच अपने पत्नी और बेटी को छोड़ गये।इधर उक्त पारा शिक्षक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नम आंखो से मां दुर्गा की प्रतिमा को दी गई विदाई



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों से जयकारे के साथ नम आँखो से माँ दुर्गा की प्रतिमा को विदाई दी गई व अपने-अपने नजदीकी तालाब व जल स्थलों मे विसर्जन किया. बारियातू मुख्यालय स्थित दुर्गा बड़ी मंदिर, गोनिया संकटमोचन हनुमान मंदिर, भाटचतरा दुर्गा मंदिर, टोटी, हेसला, अमरवाडीह, बालूभाँग, डाढ़ा, फूलसु, साल्वे, राजगुरु सहित विभिन्न स्थानों मे ग्रामीण श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से विधिविधान के साथ वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना किया। विजय दशमी के दिन मन्त्रोंचरण से हवन पूजन की गई. वहीं क्षेत्रवासियों ने गाजेबाजे के साथ माँ दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती व कार्तिक गणेश जी की प्रतिमा को आरती के बाद विधिवत विसर्जन किया. प्रखंड के नौ पंचायत के सभी पूजा स्थलों मे थानेदार मुकेश चौधरी के नेतृत्व मे सुरक्षा के दृष्टिकोण से जायजा लिया साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन कराने में कई पुलिस कर्मियों को मुख्य भूमिका निभाते देखा गया। क्षेत्र के सभी स्थानों मे सहोदर्य वातावरण के साथ पूजा सम्पन्न हुआ।

# करम त्यौहार मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** कार्तिक मास में बहनों द्वारा भाई की लंबी व दीर्घायु को लेकर निर्जला उपवास रखकर बहनों ने भगवान करमा और धरमा की कहानी सुनी। बुधवार को प्राकृतिक पर्व करम पूजा महुआडांड़ पंचायत के रांची मोड़ अखाड़ा के डीपाटोली व बडाईकटोली में रखा गया। मोहल्ले के सभी बहने द्वारा निर्जला उपवास रखकर पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व गांव के पहान द्वारा करम डाली लाकर अखाड़ा के परिसर में विधि-विधान के साथ गाड़ा गया। बहनों ने करम की डाली को पकड़ कर कहा- आपन करम, भैया कर धरम।दूसरी ओर, करम पर्व को लेकर पूरे प्रखंड के गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के चलते लोग करम का पर्व नहीं मना पाये थे। क्षेत्र में करम पर्व को लेकर नागपुरी गीतों के साथ मांदर की थाप में नृत्य किया गया। करम पर्व के अवसर पर लोगो ने अपने-अपने घरों पर तरह-तरह के भोजन बनाये। मौके में सभी आदिवासी उपस्थित रहे। करम त्यौहार को लेकर गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन महुआडांड़ प्रखण्ड में मूति विसर्जन के साथ ही तुसगो व करम त्यौहार मनाया जा रहा है। ऐसे मान्यता है कि जब तक मां दुर्गे का प्रतिमा विसर्जन नहीं होता तब तक कोई भी देवता वापस गांव नहीं आते। इसलिए सरना आदिवासियों में मूर्ति विसर्जन के बाद ही तुसगो व करम त्यौहार पर बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। त्यौहार के पहले गांव वाले शाम को करम डाली जंगल से कटकर अखरा तक उस मांदर की थाप में नाच गान कर लाते हैं। जहां बैगा पाहन द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से पूजा करा कर कर्म की डाली व झंडा को भी अखरा में गाड़ दिया जाता है। इसके बाद आदिवासी युवक युवतियों द्वारा पारंपारिक वेशभूषा पहनकर रात से लेकर दिन 12 बजे तक अखरा में मांदर की थाप पर नाचते गाते हैं फिर करम डाली को दोपहर के बाद उसे नदी में युवक युवतियों द्वारा बहा दिया जाता है।

# अखिल भारतवर्षीय यादव शताब्दी समापन समारोह को लेकर करेंगे रोड शो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** चतरा जिला मुख्यालय में आगामी पांच नवंबर को होने वाला भारतवर्षीय यादव महाससभ का शताब्दी समापन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर संयोजक टीम के द्वारा रोड शो किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक टीम नीलम देवी, रंजन यादव, बली यादव और अरुण यादव क्षेत्र में भ्रमण शील हैं। उन्होंने रोड शो कार्यक्रम बुधवार को खलारी, टंडवा, सिमरिया, पत्थलगड़ा, गिद्धौर, इटखोरी, मयूरहंड आदि प्रखंडों में चलाया गया और यादव समाज के लोगों से संपर्क किया जा रहा है तथा चतरा में आयोजित कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में यादव समाज के लोगों को पहुंचने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक अतिथियों को सिमरिया में रोड शो के दौरान समाज के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर यादव के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया और सफल कार्यक्रम को लेकर संकल्प लिया। तत्पश्चात संयोजक टीम पत्थलगड़ा के लिए रवाना हो गए। संयोजक नीलम देवी ने बताया कि चतरा जिला मुख्यालय में आयोजित आगामी 5 नवंबर को यादव शताब्दी समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सफल कार्यक्रम को लेकर संयोजक टीम के द्वारा रोड शो किया जा रहा है और समाज के अंतिम लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। मौके पर बटेश्वर यादव, कलिंदर यादव, जवाहर यादव, भीम यादव, प्रमोद यादव, शम्भू यादव, जितेंद्र यादव, नरेश यादव, पदुम यादव, सूरज यादव, झल्लू यादव, लक्षमण यादव, राजेश यादव सहित यादव समाज के लोग शामिल थे।

## राष्ट्रीय गेम के लिए दो छात्रों का हुआ चयन, प्रशिक्षण के लिए बोकारो रवाना



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय विद्यालय के दो छात्रों का चयन 53 वें राष्ट्रीय गेम के लिए हुआ है। दोनों अंडर 14 बैटमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हैदराबाद जायेंगे। बुधवार को दोनों प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के लिए केंद्रीय विद्यालय बोकारो वन के लिए प्रभारी प्राचार्य प्रदीप ठाकुर और जीप सदस्य विनोद उरांव ने संयुक्त रूप से लातेहार से रवाना किया।इस दौरान प्रभारी प्राचार्य ठाकुर ने कहा की यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है।उन्होंने विद्यालय की ओर से दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जीप सदस्य विनोद उरांव ने कहा की लातेहार में प्रतिभा की कोई कमी नही है।बशर्ते उन्हें निखारने और बेहतर मंच देने की जरूरत है। यहां बताते चलें की दोनों चयनित छात्रों मे विशाल उरांव श्रेयांस राय शामिल है। दोनों का चयन केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत हुए है।

## समाजसेवी बबन सिंह ने विभिन्न पंडाल का किया दौरा



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा संसदीय क्षेत्र के समाजसेवी बब्बन कुमार सिंह ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंडाल का दौरा कर पूजा समिति एवं ग्रामीण जनता से मिलकर लोगों का कुशल छेम की जानकारी लिया। वही बालूमाथ सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह ने समाज सेवी बवन कुमार सिंह को चुनरी उड़ाकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी बवन कुमार सिंह ने कहा कि पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है एवं सभी पूजा पंडाल में पहुंचकर इस क्षेत्र की खुशहाली के लिए मां दुर्गा से कामना किया हूं। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में आज तक बाहर के उम्मीदवार यहां आकर प्रत्याशी बनते हैं और यहां के लोगों की भावना को नजरअंदाज करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार चतरा लोकसभा क्षेत्र के जनता लोकल प्रत्याशी को चुनाव में चुनकर दिल्ली भेजें ताकि यहां के लोग लोगों की आवाज बुलंद हो सके। इस मौके पर जीवन सिंह, विजय सिंह, आनन्द राज, अभिषेख कुमार, सुमित कई लोग मौजूद थे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान मनिका थाना प्रभारी ने अपने से संभाला कमान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** सोमवार को मनिका प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमा की विसर्जन के दौरान मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह अपने से कमान संभालते हुए देखे गये। मूर्ति विसर्जन के दौरान मनिका थाना प्रभारी श्री सिंह ने कमेटी को सख्त निर्देश दिया, कि अभद्र गाना जुलूस में नहीं बजाए जिससे कि सामाज में बुरा प्रभाव पड़े एवं श्री सिंह ने अपने दल बल के साथ मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में उपस्थित होकर माँ दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करवाया। प्रशासन की सहयोग से मनिका प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया, विसर्जन के दौरान हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई।

## निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने एसएसआर 2024 को लेकर सभी राजनितिक दल के अध्यक्ष सचिव एवं प्रतिनिध तथा एईआरओ, बीपीआरओ, बीएलओ, कम्प्यूटर ऑपरेटर के संग बैठक किया। यह बैठक भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं विभागीय निर्देश के आलोक में की गयी। सभी मौजूद लोगों को 2024 के एसएसआर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। वहीं 27 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर किया जा रहा है। जिसमें छूटे हुए मतदाता का नाम एवं नाम सुधिकरन तथा मृतक व्यक्तियों का नाम हटाने तक का बीएलओ द्वारा किया जाएगा। मौके पर सिमरिया बीडीओ नीतू सिंह, पत्थलगड़ा बीडीओ मोनी कुमारी, के अलावे सभी अनुमण्डल स्तरीय प्रखण्ड कर्मी शामिल थे।

## महादेव मठ मंदिर परिसर का होगा सौंदर्यीकरण, किया गया प्राक्कलन तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ का सौंदर्यीकरण को लेकर बुधवार को जिला परिषद के कनीय अभियंता धनन्जय ओझा के देख रेख में महादेव मठ परिसर में पेवर ब्लॉक, सोलर लाइट, आरसीसी बेंच, गार्डवाल, शौचालय का प्राक्कलन तैयार करने को लेकर स्थल का भौतिक सत्यापन की गई। वही कनीय अभियंता ने बताया की महादेव मठ में पर्यटन विभाग से उक्त योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। पर्यटकों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से महादेव मठ व प्राचीन राजा किला का विकास व सौंदर्यीकरण के लिए जिला पर्यटन संवर्धन परिषद शासी निकाय की बैठक में योजनाओं को पारित की गई। बता दें की ऐतिहासिक स्थल मठ की सौंदर्यीकरण को लेकर प्रतिनिधि व ग्रामीण कई बार मंत्री, सांसद व उपायुक्त से माँग कर चुके हैं। विदित हो कि महादेव मठ की सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण की मांग को लेकर प्रतिनिधियों का प्रयास रंग लाने लगा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव, मुखिया मनोज कुमार साहू, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, महंत दीनदयालु जी महाराज, प्रमोद कुमार गुप्ता, चंचल यादव, नीतीश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहें।

# मां भगवती की प्रतिमा का किया गया विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड :** असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक नवरात्र व विजयदशमी का त्योहार महुआडांड प्रखण्ड में भगवती प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। हिन्दू समुदाय के द्वारा शंखनाद के साथ पूरे आस्था और भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा की विदाई की गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक एवं महुआडांड एसडीपीओ के निर्देशानुसार महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में चौक चौराहों में पुलिस बलों तैनाती थी। इससे पूर्व विजयदशमी के अवसर पर बुधबार को महुआडांड़ हिन्दू महासभा की ओर से महुआडांड़ बस स्टैंड पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ राजेश कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, एसआई रतन टुडू एवं हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के द्वारा संयुक्त रूप से राकेट दाग कर बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया। रावण दहन मे हजारो की भारी संख्या मे हिंदू समुदाय के लोग मौजूद थे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व मे पुलिसकर्मी पुरी तरह से मुस्तैद थें। **इनका योगदान रहा सराहनीय :** दशहरा का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने में महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के पलामू विभाग संयोजक सुरज प्रसाद, बजरंग दल के प्रखण्ड अध्यक्ष अंकुश जायसवाल, अंतु साव, शंभू प्रसाद, भानू प्रसाद, बृजमोहन जायसवाल, मनोज कुमार गुप्ता, बिजय जायसवाल, अजय प्रसाद, आनंद नाथ शाह, शिवनाथ प्रसाद,अंकुश जायसवाल, प्रशांत सिंह,मनोज कुमार जायसवाल (किराना), भोला सोनी, हीरालाल प्रसाद, संदीप कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, दिलीप कुमार गुप्ता, राजीव कुमार, रमेश जायसवाल, गणेश प्रसाद, मंटू प्रसाद, बलराम प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, बिहारी जायसवाल,आनंद नाथ शाह आदि का योगदान सराहनीय रहा। **महुआडांड हिन्दू महासभा ने प्रशासन को दी बधाई :** महुआडांड प्रखण्ड में नवरात्र व दशहरा के शांति पूर्वक संपन्न होने पर महुआडांड हिन्दू महासभा ने लातेहार उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, सीओ संतोष कुमार बैठा, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव समेत सभी प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है। **महुआडांड के ग्रामीण क्षेत्रों में लोकगीत एवं पुरानी परंपरा है कायम :** महुआडांड के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोकगीत एवं पुरानी परंपरा कायम है। इसकी झलक दुर्गा पूजा में एक बार फिर दिखाई पड़ी। हम बात कर रहें हैं महुआडांड के राजडण्डा, बोहटा, चटकपुर, महुआडांड, नेतरहाट, हामी आदि ग्रामों की। आज भी इन ग्रामीण क्षेत्रों में लोकगीत एवं पुरानी परंपरा है कायम। जंहा न डीजे की शोरगुल है और न ही फिल्मी गानो पर बेहुदा डांस। यंहा के ग्रामीण जनता विजयदशमी के अवसर पर पुरानी परंपरा के अनुरूप लोकगीत गाते हुए आदिवासी नृत्य कर जगत जननी माँ दुर्गे की प्रतिमा को विसर्जन करने ले जाते हैं। **लातेहार जिप अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी पहुँची दुर्गा बाड़ी परिसर :** विजयदशमी के अवसर पर बुधबार को लातेहार जिप अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी महुआडांड स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर पहुँची एवं महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं कमेटी के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

# सिसई में भव्य भक्ति जागरण का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिसई में विजयादशमी के अवसर पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण में उत्तर प्रदेश के कानपूर से आई झांकी की टीम और मशहूर गायिका पायल बनारसी ने सबों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन, विशिष्ट अतिथि टंडवा इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, अंचल अधिकारी राजेन्द्र दास, जिला परिषद सदस्या देवांती देवी और उप प्रमुख जितेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष ईश्वर दयाल पांडेय ने किया एवम संचालन पूजा समिति के महामंत्री सुमन भारतीय ने किया। भक्ति जागरण में पायल बनारसी ने बहुत ही सुन्दर अपनी भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। वहीं कानपुर से आई टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया गया। झांकी में कृष्ण राधा नृत्य, शिव भक्ति से सम्बन्धित नृत्य रहा। शिव भक्ति के बाद देश भक्ति की अति आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया गया जिसमें कानपुर का अमन युवक सैनिक के रोल में दुश्मनों की गोलियों का सामना करते हुए अपने वतन की रक्षा की। इसमें सबसे आकर्षक व रोंगटे खड़े कर देने वाला भावुक क्षण तब आया जब वह युवक अपने शरीर में दो हज़ार के चटाई पडाका बांध कर अपने सामने पचास रोवाइस में छोड़े जाने वाले बमों को फोड़कर मानो दुश्मनों की गोलियों का सामना कर सैनिक अपने देश की रक्षा की। सबों ने ऐसे भव्य भक्ति जागरण की प्रशंसा की। इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने सिसई पांडाल में भक्ति मय माहौल की प्रशंसा की तो वहीं मुखिया निलेश ज्ञानसेन ने कहा कि आज के दौर में फूहड़ पन के गाने ज्यादा चलते हैं किन्तु यहां के आयोजन और यहां के श्रद्धालुओं ने वास्तव में बुराई पर अच्छाई की जीत को प्रदर्शित किया है। मौके पर विशेष रूप में पंचायत समिति सदस्या शशी बाला, नितेश अंबानी, भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर अभिनव आनंद, सिसई निवासी भुवनेश्वर में वैज्ञानिक के रूप में शोध कर्ता मनोज कुमार, संजीव पांडेय, उदय पांडेय, धनंजय पांडेय, प्रेम रजक, संतोष कुमार पांडेय, मुकेश आनंद, प्रो. जय प्रकाश रजक व हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 75 प्रतिशत स्थानीय को रोजगार उपलब्ध कराए कोल कंपनी : संजीव बेदिया



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा पंचायत स्तरीय कमिटी गठन को लेकर डाडीकला पंचायत भवन में बैठक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया इलियास अंसारी एवं संचालन सफीउल्लाह अंसारी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। संजीव बेदिया एवं बड़कागांव प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह व उपस्थित अन्य अतिथियों के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारी को फूलमाला पहनकर झामुमो का पट्टी देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा के राज्य सरकार द्वारा लागू नए नियम का पालन करते हुए 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को कोल कंपनी रोजगार उपलब्ध कराए। पंचायत कमेटी का घोषणा संजीव बेदिया के द्वारा किया गया। अध्यक्ष मो0 मोजफ्फर अली, उपाध्यक्ष मो0 शमीम, मो0 मुबारक, सचिव राजेश कुमार, संयुक्त सचिव मो0 मेराजुद्दीन अंसारी, मो0 जीशान अकरम, मो0 वारिस, कोषाध्यक्ष मो0 अयूब कार्यकारिणी सदस्य मो0 वसीम, मो0 इजहार, मो0 मिनहाज, मो0 तनवीर, मो0 फैसल अकरम, मो0 नवाजिश, मो0 कलाम, परवेज आलम, मो0 इरफान, मो0 कलीम, मो0 सद्दाम, मो मुबारक हुसैन, मो0 हकीम, शेख अंसारी, भुनेश्वर महतो, रियाजुल अंसारी, महेश महतो, सुबोध साहू को बनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से राकेश मिश्रा, संजय भुईयां, रश्मि टुडू, केदार प्रसाद महतो, शाकिर अंसारी, लक्ष्मण सिंह, मो नईम अंसारी, सलीम खातून, तेतरी देवी, बेबी देवी, सबतिया देवी, गीत देवी, संगीता देवी, रानी देवी, सलसा खातून, जीरवा देवी, पारो देवी, सुकून निशा, सहरा खातून, फातिमा खातून सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा के अवसर पर पंकरी बरवाडीह में भक्ति जागरण का आयोजन



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंकरी बरवाडीह में अश्वनी दुर्गा पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित हुई। विधायक अंबा प्रसाद और भाजपा के युवा नेता भाजपा किसान मोर्चा रामगढ़ जिला प्रभारी राजु साव ने दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जागरण कार्यक्रम उद्घाटन के पश्चात् पंकज राज म्युजिकल ग्रुप के बैनर तले आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों व जीवंत झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। भजन व लोकगीत गायिका मनिता श्री ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति से समां बांधा जिसपर दर्शक रात भर झुमते रहें।

### पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत भवन में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत जिला उद्यान पदाधिकारी, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला उद्यान विभाग और सहयोगी संस्था लोक कल्याण परिषद समिति बरही के सौजन्य से आरंभ की गई इस प्रशिक्षण शिविर में मशरूम उत्पादन के काफी बेहतर गुर बताए जा रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना एवं आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण में करीब 60 किसान भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उद्यान पदाधिकारी अरुण कुमार ने मशरूम की उपयोगिता एवं उद्यान विभाग के द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न प्रकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान अच्छी तरह से पांच दिवसीय प्रशिक्षण ले और अपना आय का स्रोत बढ़ाएं।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभाकक्ष में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन,दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के संदर्भ में




विस्तार से जानकारी दी गई जिसके तहत दिनांक 27.10.2023 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाग विलोपन एवं त्रुटि में सुधार हेतु दिनांक 27-102023 से 09.12.2023 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निष्पादन हेतु दिनांक 26.12.2023 की अन्तिम तिथि निर्धारित है।

दिनांक 05.01.2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 28.10.2023, 29.10.2023 एवं 04.11.2023 तथा 05.11.2023 को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है। छूटे हुए मतदाताओं को विशेषकर Transgender, Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs), Se& Workers, 80+ आयु वर्ग, दिव्यांगजन Homless People, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 28.11.2023 से 03.12.2023 तक समावेशी सप्ताह (Inclusive Week) का आयोजन करने हेतु तिथि निर्धारित है।

## सदर प्रखंड के बैहरी में दुर्गा पूजा का उत्सव श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर प्रखंड अंतर्गत बैहरी पंचायत के गोपाल शिवांगना शिव मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर पूजा समिति की ओर से भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल व विशिष्ट अतिथि मुन्ना सिंह ने विधिवत इस भक्ती जागरण का उद्घाटन किया इस मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष अरूण यादव, पुजा समिति अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवीयों को पूजा समिति की ओर से सम्मानित किया गया। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने इस अवसर पर दुर्गा पूजा एवं दशहरा की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए तमाम भक्तों का अभिनंदन किया कहा कि सभी के ऊपर माता रानी की कृपा बनी रहे इसकी कामना करते हैं ।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने भव्य विसर्जन जुलूस के साथ मां दुर्गे को दिया विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा मंगलवार को सुबह दशमी की पूजा अर्चना के पश्चात माता रानी पर चढ़े श्रृंगार को श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। वही संध्या करीब 5.30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा पूजा पंडाल से ग्वाल टोली चौक,सरदार चौक,बड़ा बाजार चौक,बंशीलाल चौक,भगत सिंह चौक,झंडा चौक, पैगोडा चौक, छठ तलाब,आनंदा चौक होते हुए बुढ़वा



महादेव तालाब पहुंच कर मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। शोभा यात्रा के दौरान महासमिति के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारियों को माता रानी की चुनरी ओढ़कर शोभा यात्रा में सम्मिलित किया। भव्य शोभायात्रा के दौरान महिलाएं लाल पीली साड़ी,पुरुष कुर्ते पजामे में शामिल हुए। बच्चे गुलाल से खेलते हुए माता रानी को अंतिम विदाई दिए। शोभा यात्रा के आगे–आगे बंगाल से आए ढाक की प्रस्तुति लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। वही शोभायात्रा में पीछे पीछे हजारों महिलाओं के बीच धनबाद एवं आसनसोल के सुप्रसिद्ध भजन गायक कुमार दिलीप,सुनीता सिंह, रिचा सिंह के द्वारा श्रद्धालुओं को माता रानी की अनेकों भजनों से झूमा रहे थे। नवयुवकों की टोली ने जमकर नृत्य किया। वहीं महिलाओं ने गायक के गीत पर जमकर नृत्य करते हुए बुढ़वा महादेव तालाब की ओर बढ़ रही थी, तमाम श्रद्धालुगण जय माता दी की जयकारों की गूंज लगा रहे थे।

## श्रमदान से बादम मुस्लिम कब्रिस्तान की हुई सफाई, लोगों ने स्वच्छता के लिए प्रेरित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमिटी बादम के आह्वाहन पर प्रखंड अंतर्गत ग्राम हरली स्थित बादम मुस्लिम कब्रिस्तान की सफाई युवाओं ने श्रमदान कर किया। कब्रिस्तान में चारों तरफ झाड़ फैल गया था जिससे अंतिम संस्कार एवं पूर्वजों की कब्रिस्तान में दुआ के लिए आने जाने में लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। स्वच्छता अभियान के तहत तीन



दिन तक ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान किया जाएगा। बरसात के दिनों में कब्रिस्तान में झाड़ियां निकल आती है जिसे प्रत्येक वर्ष बादम के ग्रामीण श्रमदान कर सफाई करते हैं। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा के कब्रिस्तान में सफाई करने का उद्देश्य अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखना है। जनभागीदारी के माध्यम से यह संदेश देना है कि लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। घर व धार्मिक स्थलों के आसपास का क्षेत्र स्वच्छ रहेगा तो एक अच्छा संदेश समाज में जाएगा।

## विजयादशमी पर बरही प्रखंड मैदान में टीएसएस अध्यक्ष अरूण साहू ने किया रावन दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी के शुभ अवसर पर बरही प्रखंड मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना अरूण साहू के द्वारा रावण दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी थी जहां विशालकाय रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले ने लोगों को काफी आकर्षित किया और लगातार हो रही आतिशबाजी ने लोगों का खूब



मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही सीओ रामनारायण खलखो, बीडीओ बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इन्दवार, बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, पूजा समिति के अध्यक्ष छोटन ठाकुर, समाजसेवी विनय साहू व पूर्व बरही पश्चिमि मुखिया रमेश ठाकुर बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, गौरियाकरमा पंचायत अध्यक्ष राजू मेहता, मनोज साव एवं पूजा समिति के सभी सदस्यों के साथ साथ हजारों की संख्या में दर्शक शामिल रहें।

## भव्य रावण दहन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद जयंत सिन्हा की उपस्थिति में हजारीबाग में विजयादशमी पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन अटल सांस्कृतिक मंच द्वारा गांधी मैदान, मटवारी में किया गया, जिसे अधिक मनमोहक कोलकाता से आए हुए आतिशबाजी के विशेषज्ञों द्वारा घंटो आतिशबाजी कर बनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने अपने कर कमलों से तीर चला कर रावण दहन किया। रावण का पुतला 45 फीट, कुंभकरण का 35 फीट एवं मेघनाथ का पुतला 30 फीट का था। सांसद जयंत सिन्हा ने इस अवसर पर राम भक्तों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम की आस्था व श्रद्धा का केंद्र बिंदु अयोध्या के बाद अगर कहीं है, तो वो हजारीबाग में है। इसलिए अयोध्या की तर्ज पर भगवान राम के आस्था को मूर्त रूप देने के लिए जनसमर्थन से हम हजारीबाग में भी राम मंदिर निर्माण कार्य की प्रक्रिया का शुभारंभ कर रहे हैं। इस निर्माण के लिए बजरंग दल के बजरंगी भाइयों ने श्री राम रथ पर ईट पर मौली लपेटकर मंदिर निर्माण कार्य के लिए पहला दान दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग में राम मंदिर जनसहयोग से बनाया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण में सहयोग हेतु विशेष अभियान के तहत श्री राम रथ चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से क्षेत्र की जनता अपना सहयोग दे सकेगी। सांसद जयंत सिन्हा ने संबोधन का अंत अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के बारे में बताते हुए किया व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद देते हुए कहा कि श्री धाम अयोध्या में जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन होगा और हम सब वहां अवश्य जायेंगे।

उन्होंने इस सुअवसर पर भगवान श्री राम से समस्त देशवासियों के मंगल हेतु प्रार्थना की।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, सांसद जयंत सिन्हा की माता नीलिमा सिन्हा, सांसद जयंत सिन्हा के पुत्र आशिर सिन्हा, अटल अटल सांस्कृतिक मंच के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय, जितेंद्र सिन्हा, सुदेश चंद्रवंशी,हिमांशु कुमार,आशीष सिंह, सनी सिंह, वेद प्रकाश सहित लाखों की संख्या में हजारीबाग के पावन धरती के राम भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज किया।

## माता रानी की विदाई में दर्शन को उमड़ा जनसैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** दस दिनों तक चले पूजन के साथ आज विष्णुगढ़ रमुआ स्थित श्री श्री सार्वजनिक पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा माँ दुर्गा की विदाई के साथ पूजा हर्षोल्लास के साथ सम्पन हुई। माता रानी के दर्शन को हजारों की संख्या में माताएं,बहने शामिल रही।सुहागिन माताओ एवं बहनो ने सिंदूर खेला कर माँ को नम आंखों से विदाई दी।विदाई के दौरान पारम्परिक ढोल नगाड़ों की धुन पर महिलाएं थिरकते हुए एक दूसरे को सिंदूर लगाकर साथ-साथ चल रही थी।बीते दशमी को माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने भी माता रानी के दरबार मे उपस्थित होकर अपनी हाजिरी लगाते हुए विष्णुगढ़ प्रखंडवासियो की सुख-समृद्धि की कामना की । सावर्जनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपू भाई एवं उनके सहयोगियों द्वारा दुर्गा पूजा की विधि व्यवस्था में काफी सहयोग रहा जिसके फलस्वरूप किसी भी तरह की कोई घटना नही घटी जिसके लिए दुर्गा पूजा समिति के तमाम पदाधिकारी बधाई के पात्र है। दुर्गा पूजा के मद्देनजर विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने भी विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा के साथ नवमी ,दशमी को खुद प्रखण्ड के सभी पंडालो में जाकर निरीक्षण करते हुए निगरानी रखी,जिसके कारण मनचलो एवं शरारती तत्वों पर लगाम लगी रही,और महिलाएं बेखौफ होकर मेले का लुत्फ उठाया।इस मौके पर मुख्य रूप से

# बरही में हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई विजयादशमी, रावण दहन में उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी का त्योहार बरही में हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विजयादशमी के अवसर पर प्रखंड मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों की भीड़ उमड़ी जिसकी तैयारी कई दिनों पूर्व से ही की जा रही थी। आतिशबाजी के बीच रावण का दहन किया गया जिसे देखने के लिए सैकड़ों लोग प्रखंड मैदान में जमा हुए। घंटों चली आतिशबाजी के हर एक पल को लोग अपने मोबाइल फोन में कैद करते दिखे। विजयादशमी के दिन मां की प्रतिमा



के दर्शन एवं मेले के लिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने मां की पूजा-अर्चना की। पूजा को लेकर आयोजित मेले में विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। वही महिला, पुरुषों बच्चों ने मेले में लगे झूले विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल का आनंद उठाया। मेले में खिलौने, श्रृंगार एवं मिठाइयों की खूब बिक्री हुई। वहीं बरही प्रखंड के अन्य पंचायतो में भी विजयादशमी धूमधाम से मनाई गई। सभी प्रमुख मेला आयोजन स्थलों पर सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध किए गए। इस दौरान बरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखी। विजयादशमी के अवसर पर बरही में शांति-व्यवस्था पूरी तरह बनी रही। पुलिस अधिकारी सभी प्रमुख स्थलों पर भ्रमणशील रहें एवं सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। शांतिपूर्ण तरीके से विजयादशमी को सफल बनाने में एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नजीर अख्तर, थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो, क्रिस्टीना रिचा इंदवार, पूजा कमिटी के सदस्य सहित सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति का सहारा बनकर काम करेगा फाउंडेशन : मंजीत यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** महानवमी नवरात्र का अंतिम दिन पर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन नें पंचमाधव पंचायत अंतर्गत धोबियाडीह जन जागरण केंद्र में अध्यनरत अनाथ बच्चों के बीच अंग वस्त्र वितरण किया तत्पश्चाप फाउंडेशन के लोगों ने खोड़ाअहार पंचायत अंतर्गत केवाल बिरहोर टोला में आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के बीच मिठाइयां बांटी।कार्यक्रम का शुभारंभ जन जागरण केंद्र में अध्यनरत अनाथ बच्चों के लिए फाउंडेशन के द्वारा लाए गए अंग वस्त्र को जन जागरण केंद्र के कोऑर्डिनेटर चितरंजन महत्व के हाथों में विधिवत रूप से सौंपा गया जहां फाउंडेशन के सदस्यों के साथ ही जन जागरण केंद्र के कई लोग उपस्थित थे।विनोद



प्रगतिशील फाउंडेशन ने कार्यक्रम के दूसरे चरण में केवाल बिरहोर टोला में रह रहे आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के बीच मिठाइयां बांटी।मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा दुनिया में सुकून सबसे ज्यादा किसी को मदद करने से मिलता है चाहे वह कोई भी धर्म से ताल्लुक रखता हो, उन्हें इंसानियत की नजर से देखो हमेशा किसी अनाथ गरीब बेसहारा बुजुर्गो को मदद करनी चाहिए। और मैं सच कहूं तो फाउंडेशन के माध्यम से जितना हो पता है मैं मदद करता हूं। मैं सामाजिक कार्यो से जुड़े हुए सज्जनों को संदेश देना चाहता हूं की आप भी बिना किसी झिझक के दूसरों को मदद करे ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने लॉन्च किया बजाज फिनसर्व बैंकिंग एंड पीएसयू फंड

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने अपने चौथे फिक्स्ड इनकम इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट बजाज फिनसर्व बैंकिंग और पीएसयू फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह निवेशकों को कमाई का मौका देने के लिए डिजाइन किया गया निवेश का एक अवसर है। इस फंड का लक्ष्य निवेशकों को फिक्स्ड इनकम (निश्चित आय) में निवेश करने का अवसर देना है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि उनके निवेश पोर्टफोलियो में हाई लेवल की क्रेडिट क्वालिटी हो। यह फंड स्थिर रिटर्न की संभावना को बढ़ाते हुए क्रेडिट रिस्क को कम कर सकता है। फंड को यील्ड कर्व पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें लगभग 5-साल की मैच्योरिटी प्रोफाइल पर जोर दिया गया है। इससे फंड के प्रदर्शन की क्षमता बेहतर होती है और मौजूदा बाजार में यह निवेशकों को बेहतर रिस्क रिवार्ड प्रस्ताव प्रदान करता है, जहां यील्ड कर्व काफी हद तक फ्लैट है। यह निवेश योजना निवेशकों को उभरते बाजार बांड इंडेक्स में भारत के शामिल होने जैसे फैक्टर के चलते अपेक्षा के अनुसार कर्व के नीचे की ओर खिसकने और संभावित कैपिटल (पूंजी) की वैल्यू में बढ़ोतरी से लाभ उठाने का अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, मिड से लांग टर्म में बांड रैली की उम्मीद के साथ, यील्ड का औसत प्रत्यावर्तन, उचित मार्क-टु-मार्केट लाभ की संभावना प्रदान करता है।

## बॉलीवुड सुपरस्टार कैटरीना कैफ बनीं स्विस वाचमेकर राडो की ब्राण्ड एम्बेसेडर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मशहूर स्विस वाचमेकर राडो, जोकि सदाबहार डिजाइन बनाने के लिये मटेरियल्स में हमेशा नए-नए प्रयोग करने के लिए जाना जाता है, ने बॉलीवुड सुपरस्टार कैटरीना कैफ को अपना ग्लोबल ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाने की घोषणा की है। यह रोमांचक भागीदारी जिन्दगीभर बनी रहने वाली यादों के लिये राडो की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।कैटरीना कैफ की सदाबहार खूबसूरती और दुनिया भर में उनका आकर्षण उन्हें सटीकता, नवाचार तथा कारीगरी के लिये राडो की स्थायी प्रतिबद्धता दिखाने के लिये बिल्कुल परफेक्ट है। अपनी वर्सेटाइल प्रतिभा और करिश्मा के लिये प्रसिद्ध, कैटरीना कैफ का व्यक्तित्व राडो के मूल्यों के अनुरूप है।इस रोमांचक भागीदारी का खुलासा एक दिलचस्प कैम्पेन वीडियो से हुआ है, जोकि दर्शकों को रेगिस्तान के आकर्षक परिदृश्य में लेकर जाता है; कैटरीना एक सदाबहार आधुनिक महिला के रूप में अपनी कलाई पर नई सेंट्रिक्स पहनकर वक्त से प्यार करती दिखाई देती हैं। कैटरीना राडो के सार और सेंट्रिक्स घड़ी के जोश को बखूबी अपना लेती हैं। साथ मिलकर वे घड़ी बनाने की कला की दुनिया को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का वादा करते हैं।

## शक्ति पंप्स को मिला छठा पेटेंट

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स के अग्रणी निर्माता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड, को स्टैक असेंबली फॉर परमानेंट मैगनेट रोटर के आविष्कार के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने शक्ति पंप्स को पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्षेत्राधिकारों में वैध रहेगा।इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मोटर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में की गई अभूतपूर्व रिसर्च से इलेक्ट्रिक वाहनों के परफार्मेंस और एफिशियंसी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड के चेयरमेन दिनेश पाटीदार ने इस उपलब्धि पर कहा कि 'हमारी ईवी मोटर तकनीक में एफिशिएंसी में सुधार करने और इलेक्ट्रिक वाहनों की रेंज का विस्तार करने की क्षमता है जिससे वह एक सिंगल चार्ज में लम्बी दूरी तय कर पाएगी। इस तकनीक से पावर फैक्टर में सुधार होगा, साथ ही लॉस में कमी आएगी और ऑपरेटिंग तापमान कम होने से लोड कैपेसिटी और टॉर्क बढ़ेगा। जिसके परिणामस्वरुप खाड़ी इलाकों एवं मुश्किल स्थानों में ई-वाहनों की हैवी लोड उठाने की क्षमता बढ़ेगी व इसे चलाना आसान होगा। यह पेट्रोल एवं डीजल पर हमारी निर्भरता को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लेज के नए कैंपेन नो लेज, नो गेम के लिए धोनी ने फैन्स को दिया सरप्राइज होम विजिट

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूरे देश को एक धागे में पिरोने वाले क्रिकेट के आनंद को बढ़ाते हुए लेज ने बेहतरीन और सबसे पसंदीदा क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को एक बार अपने साथ ब्रांड एंबेसडर के रूप में जोड़ा है। ब्रांड एंबेसडर के रूप में दूसरी पारी शुरू करते हुए धोनी लेज के नए कैंपेन नो लेज, नो गेम में नजर आए हैं। इस शानदार पार्टनरशिप के तहत लेज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय अपने कैंपेन नो लेज, नो गेम को भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आया है। स्पोर्टस टूर्नामेंट्स के साथ साझेदारी के लिए लेज के इस कैंपेन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत लोकप्रियता मिली है। इस टीवीसी में जैसे ही धोनी घर का दरवाजा खटखटाते हैं, तो फैन्स के चेहरे पर अलग-अलग तरह के भाव देखने को मिलते हैं। कहीं कोई उत्साहित हैं, तो कोई आश्चर्यचकित है और कई फैन्स भागकर घर में लेज चिप्स के पैकेट खोज रहे हैं। इस टीवीसी की खास बात यह है कि इसमें अभिनेताओं को नहीं, बल्कि आम लोगों को लिया गया है। इसमें धोनी को अचानक अपने दरवाजे पर पाकर फैन्स के चेहरे पर आई सच्ची भावनाओं को दिखाया गया है, जिसमें फैन्स बेचैनी से अपने घर में खोजते हैं कि उनके पास लेज है या नहीं।

## 30 सितंबर, 2023 को समाप्त हुई तिमाही और छमाही के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के वित्तीय परिणाम

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के लिए अपने त्रैमासिक परिणामों की घोषणा कर दी। वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 60त्न की साल-दर-साल मजबूत वृद्धि के साथ 1,323 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 2,070 करोड़ था। एनआईएम 4.33त्न था और शुद्ध ब्याज आय 12त्न की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 3,067 करोड़ रही। जमा की लागत 80 बीपीएस बढ़ गई और यह 2023 की दूसरी तिमाही में 3.43त्न की तुलना में 2024 की दूसरी तिमाही के लिए 4.23त्न हो गई। सीआरएआर 178 बीपीएस की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 21.26त्न रहा। संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 1.59त्न (साल-दर-साल 50 बीपीएस की वृद्धि) दर्ज किया गया और इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 19.05त्न (साल-दर-साल 384 बीपीएस की वृद्धि) रहा। शुद्ध एनपीए में 77 बीपीएस का सुधार हुआ, और यह 0.39त्न तक आ गया। सकल एनपीए 1161बीपीएस सुधार के साथ 4.90त्न हो गया। पीसीआर 126 बीपीएस बढ़कर 99.10त्न पर आ गया।

## सार्वजनिक रावण दहन समिति पारसोतीया यूथ के द्वारा विजयदशमी उत्सव मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सार्वजनिक रावण दहन समिति पारसोतीया यूथ के द्वारा विजयदशमी के पावन अवसर पर रावण और मेघनाथ का पुतला दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में नंदकिशोर प्रसाद उर्फ नंदू गुप्ता केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड वैश्य समाज एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी अमित कुमार सिन्हा , पंकज महतो केंद्रीय संयोजक किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा साथ ही गण्यमान् अतिथि धनंजय कुमार पुटुस,विनोद नमक वाला, अनिल कुमार शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कैलाश मुंडा वार्ड पार्षद, कृष्णा महतो , राजू कुशवाहा, रूपेश कुमार, विक्की चंद्रवंशी ,पप्पू कुशवाहा ,विक्रम कुशवाहा, गणेश महतो एवं कपूर प्रसाद कुशवाहा।अध्यक्ष रोशन कुमार ,कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार ,आलोक कुमार सचिव उपेंद्र कुमार ,कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, सह सचिव कुणाल कुशवाहा, सहकोषाध्यक्ष पीयूष कुमार, संगठन मंत्री पिंटू गुप्ता उपसंगठन मंत्री रंजीत कुमार, महामंत्री अजय महतो, संगठन सचिव भूषण कुमार , मीडिया प्रभारी अंकित सिंहा,रणधीर कुमार ,उपाध्यक्ष कपिल कुमार मंच प्रभारी रतन महतो एवं आतिशबाजी प्रभारी प्रीतम कुमार संदीप दांगी और सूरज शाह।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम उपायुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को पशु क्रूरता अधिनियम, आईपीसी में पशु क्रूरता के तहत प्रावधानों व वाइल्डलाइफ संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।रामगढ़ शहर अंतर्गत विभिन्न सड़कों पर अवैध रूप से पशुओं के भ्रमण पर संज्ञान लेते हुए बैठक के दौरान उपयुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ इस पर रोक लगाने हेतु विस्तृत योजना बनाने पर चर्चा की जिसके उपरांत उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद रामगढ़ को जिले में कांजी हाउस संचालित करने को लेकर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही पशुओं का सड़क पर भ्रमण करना अवैध होने से संबंधित व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए खटाल संचालकों को इसके विरुद्ध की जाने वाली दंडात्मक कार्यवाई की व्यापक जानकारी देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी को जिले में संचालित खटालों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें खटाल के नियम अनुसार संचालन, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम सहित अन्य प्रावधानों व नियमों की जानकारी देने का निर्देश दिया।पशुधन योजना सहित लाभुकों को पशु में उपलब्ध कराने सहित अन्य योजनाओं में आपूर्ति करता द्वारा आसपास के राज्यों से पशु ले जाने के दौरान नियम अनुसार परिवहन संचालित करने को लेकर उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को चेक नाकों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्य करने का निर्देश दिया।

## पंडित मांगेराम शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विश्व ब्राह्मण महासंघ के संस्थापक सह चैयरमेन, महामना पंडित मांगेराम शर्मा अब हमारे बीच नही रहे , सन्ध्या मे उनकी एक श्रद्धांजलि सभा रखी गई, स्थान विकास नगर में, जिसमें झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय एवं झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने उनके चित्र/फोटो के पास संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा नम आखो से श्रधा- सुमन पुष्प अर्पित किये एवं राष्टीय तथा अंतर्राष्टीय से महासंघ के पदाधिकारीयो कि भी एक जुम लिंक के द्वारा श्रद्धांजली व शोक सभा का भी कार्यक्रम ररख गया था, जिसमे विश्व ब्राह्मण संघ के राष्टीय अध्यक्ष के.सी.पांडेय ने बताया कि पंडित मांगेराम शर्मा ने अपना सारा जीवन समाज कि सेवा में समर्पित कर दिया था , उनकी उम्र 87 वर्ष थी। वे पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के राजनीतिक सलाहकार भी रह चुके थे, उन्होने हरियाणा सरकार से भी ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की मांग कि थी एवं अनेको राज्यो में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड कि स्थापना कराई , वे 1973 में शिक्षकों के लिए आन्दोलन कर शिक्षकों के लिए आवाज उठाई थी लगभग 26000 शिक्षको ने गिरफतारी दी थी, 1991 में शिक्षक रहते हुए ग्लोबल टीचर्स कन्वेंशन में मनिला गये थे। उनकी याद मे एक ऑनलाइन जुम श्रद्धांजलि सभा भी रखी गई थी जिसमे अमेरिका, कनाडा, इंडोनेशियाई, इत्यादी अनेकानेक देशो से सम्मानित पदाधिकारीयो ने श्रद्धांजली अर्पित की तथा मांगेराम शर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाले, पंडित मांगेराम शर्मा ने अनेको देश जाकर विश्व ब्राह्मण संघ कि स्थापना की , पंडित मांगेराम शर्मा को 1993 ई, में राष्टपति माननीय शंकर दयाल शर्मा के द्वारा सम्मानित किये गये थे।

## मज़दूर यूनियन कार्यालय पहुंची ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी बुधवार को पहुँची सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट दुर्गा पूजा पंडाल का किए भ्रमण जिसके बाद प्रोजेक्ट स्थित राष्टीय कोलियरी मज़दूर संग रजरप्पा कार्यालय में उपस्थित हो कर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाक़ात इस दौरान सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान मौके पर रामगढ़ के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो, कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष अल्पसंख्यक ज़ोया परवीन, रामगढ़ कांग्रेस महासचिव राजेंद्रनाथ चौधरी, कांग्रेस वरिष्ठ नेता हाजी अख़्तर आज़ाद, लक्ष्मण महतो, सुधीर मंगलेश, आशिक़ अहमद, कमलेश महतो, शमीम शैख़, प्रदीप आदि उपस्थित थे! इस दौरान पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी को मज़बूत कर लोकसभा और विधानसभा में कांग्रेस का परचम लहराना है आगे उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार लगातार झारखंड के हित में काम कर रही है और आगामी चुनाव में झारखंड में फिर से परचम लहराएगी।

## हजारीबाग व रामगढ़ में विजयादशमी के पावन अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सांसद जयंत सिन्हा की गरिमामयी उपस्तिथि में हजारीबाग व रामगढ़ में विजयादशमी के पावन अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। हजारीबाग में कार्यक्रम का आयोजन अटल सांस्कृतिक मंच द्वारा गांधी मैदान, मटवारी में किया गया, जिसे अधिक मनमोहक कोलकाता से आए हुए आतिशबाजी के विशेषज्ञों द्वारा घंटो आतिशबाजी कर बनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने अपने कर कमलों से तीर चला कर रावण दहन किया। रावण का पुतला 45 फीट, कुंभकरण का 35 फीट एवं मेघनाथ का पुतला 30 फीट का था। सांसद जयंत सिन्हा ने इस अवसर पर राम भक्तों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम की आस्था व श्रद्धा का केंद्र बिंदु अयोध्या के बाद अगर कहीं है, तो वो हजारीबाग में है। इसलिए अयोध्या की तर्ज पर भगवान राम के आस्था को मूर्त रूप देने के लिए जनसमर्थन से हम हजारीबाग में भी राम मंदिर निर्माण कार्य की प्रक्रिया का शुभारंभ कर रहे हैं। इस निर्माण के लिए बजरंग दल के बजरंगी भाइयों ने श्री राम रथ पर ईंट पर मौली लपेटकर मंदिर निर्माण कार्य के लिए पहला दान दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग में राम मंदिर जनसहयोग से बनाया जा रहा है।

## श्रमिक मैदान में आतिशबाजी के बाद हुआ रावण दहन, करीब 15 हजार की भीड़ में हुई शामिल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका के श्रमिक मैदान में सिरका पूजा समिति द्वारा दशहरा की देर संध्या 6=30 बजे आकाशीय आतिशबाजी के बाद रावण दहन किया गया। इसे देखने के लिए सिरका-अरगड्डा, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र से करीबरी 15 हजार की भीड़ शामिल हुई। मुख्य रूप से उपस्थित जीएम अरगड्डा सुधांशु कुमार पांडे के द्वारा रावण के पुतले में आग लगाई गई। अवसर पर विशिष्टों में जीएम पत्नी अंजना पांडे, पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा, कार्यक्रम संचालनकर्ता प्रशांत बेल्थरिया, पूजा सचिव सत्येंद्र कुमार, लक्ष्मी महतो समेत कई उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक ने सिरका पूजा पंडाल में की पूजा अर्चना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल मां दुर्गा पूजा सिरका पंडाल में अरगडा क्षेत्र के जीएम सुधांशु कुमार पाण्डेय, पत्नी अंजना पाण्डेय व सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा ने पहुंचकर पूजा अर्चना की । इस अवसर पर सिरका पूजा पंडाल मंडप के ब्राह्मण प्रशांत बनर्जी व सहायक पूजारी कौशिक चटर्जी ने अरगडा जीएम सुधांशु पाण्डेय , अंजना पाण्डेय व सिरका पीओ सह कमेटी अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा को विधिवत से पूजा अर्चना करवाया । उन्होंने क्षेत्र के लोगों के लिए सुख , संवृद्धि , स्वस्थ्य व शांति के लिए माँ दुर्गा से कामना की । साथ ही उन्होंने सिरका कोलियरी को जल्द सीटीओ मिले और कोलियरी का उत्पादन जल्द शुरू हो जाय ताकि क्षेत्र के लोगों दुःख दूर हो और लोगों को रोजगार मिले इसके लिए भी माँ से आशीर्वाद माँगा । मौके पर समिति सचिव सत्येन्द्र महतो , प्रशांत बेलथरिया, विष्णु राम,हरिनंदन चौधरी, विजय कुमार सिंह, लक्ष्मी चरण महतो, मनोज पाल के साथ कई सदस्य मौजूद थे।

## नम आंखों से मां दुर्गा को उरीमारी में विदाई दी गई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित दुर्गा मंडप में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को बुधवार को स्थानीय तालाब में विसर्जित किया गया।वहीं इस विसर्जन में राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव व उरीमारी ओपी प्रभारी बिरबल करमाली शामिल हुए।वहीं विसर्जन के दौरान आए हुए श्रद्धालुओ को माता रानी पर चढ़े श्रृंगार को प्रसाद के रूप बांटा गया।वहीं मां दुर्गा की प्रतिमा को पुजा कमिटी के द्वारा गाजे बाजे के साथ नाचते गाते तालाब में विसर्जित कर दिया गया। इस मौके पर पुजा कमिटी के सचिव सीताराम किस्कू, लालू महतो, महाबीर प्रसाद, विस्थापित नेता चरका करमाली, रवि पावरीया इत्यादि लोग मौजूद थे वही सयाल दुर्गा पूजा पंडाल के मां दुर्गा की प्रतिमा को सयाल दामोदर नदी में विसर्जित किया गया। यहां पर महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदुर लगाकर मां दुर्गे को विदाई दी। वहीं विसर्जन में सयाल पुजा कमिटी के सचिव शंकर सिंह, संजय शर्मा, विनोद कुमार, अर्जुन सिंह इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## विजयदशमी पर श्रमिक मैदान में जीएम ने दुर्गा पूजा समिति सिरका सदस्यों का किया सम्मान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयला क्षेत्र अरगड्डा- सिरका श्रमिक मैदान में विजय दशमी के देर शाम सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह की अध्यक्षता सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा व संचालन प्रशांत बेलथरिया ने किया। इसमें मुख्य अतिथि अरगडा एरिया जीए सुधांशु कुमार पाण्डेय, विशिष्ट अतिथियो में जीएम पत्नी अंजना पाण्डेय , सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा उपस्थित हुए। समारोह में सिरका पूजा कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि अरगडा जीएम सुधांशु कुमार पाण्डेय , अंजना पाण्डेय व सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा को चुनरी ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया । इसके अलावे मंच पर उपस्थित अधिकारियों , कर्मचारियों , गणमान्य लोगों व यूनियन प्रतिनियों को भी गमछा ओढ़ाकर कर अधिकारियों व अन्यों ने सम्मानित किया। अवसर पर मुख्य वक्ता अरगडा जीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि सीसीएल अधिकारियों , कर्मचारियों , यूनियन प्रतिनिधियों व सिरका -अरगडा के लोगों के प्रयास से झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिला हैं। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो नवम्बर माह साढे चार वर्ष बंद सिरका कोलियरी का उत्पादन शुरू हो जाएगा।




कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा
वी०जे० इंस्टीच्यूट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा
Email Id- deo-chatra@jharkhandmail.gov.in

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)
(अति अल्पकालीन)
UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counselling हेतु
Integrated Coaching Program हेतु पुर्ननिविदा सूचना (2nd Call)

DMFT मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र/छात्राओ के लिये UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counselling हेतु Integrated Coaching Program के लिए ईच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0/फर्म/कम्पनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है—

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 06.11.2023, अपराह्न 3.00 बजे तक |
| II | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान | : | कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा। |
| III | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय | : | 07.11.2023, अपराह्न 12.00 बजे |
| IV | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान | : | DRDA Conference Hall, Chatra |

| Name of Work | Target (न्यून्तम) |
|---|---|
| Coaching for UPSC-CSE/JPSC/BPSC | 200 |

नोटः—उक्त ईच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.309774 School Education and Literacy(23-24):D


## जीएम ऑफिस अरगड्डा कर्मी सरजू का निधन शोक की लहर

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**



**सिरका :** अरगड्डा चाड़ी मोहल्ला निवासी सह जीएम ऑफिस अरगड्डा (वायरलेस विभाग) में कार्यरत सीसीएल कर्मी सरजू ठाकुर का निधन बुधवार को इलाज के दौरान रांची में हो गया। बताया जाता है कि वे करीब सप्ताह भर से सैमफोर्ड रांची में अस्वस्थ होने के बाद भर्ती थे। उनके एकाएक निधन से अरगड्डा जीएम ऑफिस सहकर्मियों, मित्रों में शोक की लहर दौड़ पड़ी हैं। सभी ने दिवंगत के आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की हैं। शोक जताने वालों में समाजसेवी रंजीत पासवान, एजेकेएसएस प्रतिनिधि देवकुमार बेदिया सहित कई शामिल हैं।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

National Competitive Bidding
Tender Notice
NIT No – JUIDCO/NIT/Furniture/2023/572 Date :- 20/10/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Procurement of Office furniture for JUIDCO Ltd under JUWSIP |
| 2. | Mode of submission of bids | Online Tender (Through GeM portal) |
| 3 | Earnest Money Deposit (Refundable) | Rs 30,000/- (Rs Thirty Thousand Only) |
| 4. | Date of starting of sale of online Tender | 25.10.2023 at 17:00 Hrs |
| 5. | Date and time for Pre-Bid Meeting | 10.11.2023 at 13:00 Hrs |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 28.11.2023 at 16:00 Hrs |
| 7. | Last Date/Time for submission of EMD (Hardcopy) | 28.11.2023 at 16:00 Hrs |
| 8. | Date of Bid Opening | 28.11.2023 at 16:30 Hrs |
| 9 | Address for the Pre-bid meeting and submission of EMD (hardcopy) | JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand - 834001 |
| 10 | Helpline no. | 0651-2225878/ 9973768183 |

Further details are available on Government e-Market place website (GeM)*https://gem.gov.in/*

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR.NO.309787 Urban Development and Housing(23-24):D



जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़
(निर्वाचन शाखा)
दूरभाषः 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

–:: प्रेस विज्ञप्ति::–
–:: आम नागरिकों से अपील ::–

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत् दिनांक–27/10/2023 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार एवं बी०एल०ओ० के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से दिनांक–27/10/2023 को पूर्वा० 11:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे के मध्य विभिन्न **Social Media Platform** पर **विशेष हैश टैग अभियान #ProudOfMyBLO** संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त अवधि के दौरान रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी नागरिकों से अपील है कि अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर जाकर वहां उपस्थित बी०एल०ओ० के साथ Selfie/Photo लेकर अपने सभी **Social Media Handles** पर **#Proud Of My BLO** के साथ Post करें। साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के **Social Media Handles**
**Facebook**-www.facebook.com/ceo.jharkhand,
**Instagram**-https://instagram.com/jharkhandceo,
**Youtube** https://youtube.com/@ChiefElectoralOfficerJharkhand,
**Twitter**-https://x.com/ceojharkhand
को उसमें Mention /Tag करें।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़

PR 309790 Election(23-24)#D



कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
Email Id - npsbnagar@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना "स्वच्छ भारत मिशन – शहरी 2.0" के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण तैयार करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है, उक्त लक्ष्य की प्राप्ती हेतु सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने एवं सभी वर्गों को शामिल करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार एवं स्वच्छता आधारित गतिविधियां की जानी है।

इस क्रम मे नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अंतर्गत सभी प्रतिष्ठानों यथा होटल, क्लब, बैंक्वेट हॉल, मैरेज हॉल, धर्मशाला एवं अन्य संस्थानों/पूजा पंडालों (दुर्गा पूजा, दीपावली, काली पूजा, छठ पूजा एवं अन्य) आयोजकों व आम नागरिकों के घरों जिसमें शादी–विवाह या किसी भी प्रकार का सामाजिक/सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम/समारोह/बैठक/उत्सव व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, को सूचित किया जात है कि वे उक्त आयोजनों को Single Use Plastic Free Events/ Zero Waste Events का रूप दें।

उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन का दावा करने के लिए आयोजित कार्यक्रम का फोटों एवं कार्यक्रम का सारांश नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय में तथा निकाय के ई–मेल —npsbnagar@gmail.com पर आवेदन करें ताकि नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा ऐसे सभी आयोजनकर्ताओं को सम्मानित किया जा सके।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त प्रकार के आयोजनों को आयोजित करते हुए उक्त आयोजनों को यादगार बनाये, समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें एवं स्वच्छ व स्वस्थ्य नगर पंचायत के सपने को पूरा करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 309793 Urban Development (23-24)_D

## नवजवान एकता फाउंडेशन ने दशहरा पर विशेष भूमिका निभाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल मे दुर्गा पूजा उत्सव धूम धाम एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जहां एक ओर जिला प्रशाशन पुरी तरह से सक्रिय रही, वहीं हर साल की भांति इस साल भी नवजवान एकता फाउंडेशन ने अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए विजय दशवीं के मौके पर अपना बहुमुल्य योगदान दिया। शांति समिति के सदस्य सह संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव मोहम्मद शाहनवाज खान सहित सभी सदस्यों ने जिला प्रशाशन को पुरा सहयोग दिया तथा विधि व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने मे विशेष भुमिका निभाई। जिला प्रशाशन की अनुमति पर संस्था के दर्जनों सदस्य जगह जगह पर तैनात थे, जो मेला और पूजा पंडाल मे आने जाने वाले श्रद्धालुओं का पुरा पुरा ख्याल रख रहे थे। साथ ही ट्राफीक व्यवस्था को पुरी तरह से उन्होने निर्यंत्रित रखा। नवजवान एकता फाउंडेशन द्वारा समाज मे दिये गए एकता, भाईचारा और मानवता के इस संदेश की लोगों ने काफी सराहना की है।

## फ्रंट लाइन कंपनी के गार्ड के साथ मारपीट, गार्ड ने थाना में दिया आवेदन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत चितरडीह पंचायत के कुम्हरगड़िया पहाड़ी के पास गार्ड के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित अरविंद यादव फ्रंट लाइन कंपनी में गार्ड का काम करता है जो फ़िलहाल +2 है स्कूल जमुआ में कार्यरत है और वह कुरहो बिन्दो पंचायत के अम्बाटांड का रहने वाला है। अरविंद यादव ने जमुआ थाना में आवेदन देकर अपने ही गांव के तीन लोगो पर मारपीट का आरोप लगते हुवे आवेदन देकर करवाई की मांग किया है। आवेदन के अनुसार कहा गया की ड्यूटी जाने के क्रम में 23 अक्टुबर को कुमहरगड़िया पहाड़ी के पास तीन लोगों द्वारा हमला कर घायल घायल कर दिया गया है। उन्होंने अपने आवेदन मे लिखा है कि वह 23 अक्टुबर को करीब एक बजे ड्यूटी करने +2 हाई स्कूल पचंबा जा रहा था उसी क्रम में अम्बाटांड के पनालाल यादव पिता स्वर्गीय प्रयाग यादव, राजनंदन यादव व रोहित यादव दोनों पिता पन्नालाल यादव ने राड व लाठी से हमला कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर दो अज्ञात राहगीरों ने उसकी जान बचाई है।

## विशाल भगवती जागरण का उद्घाटन उदय प्रताप सिंह ने किया

### जिले में शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने के लिए उपायुक्त और एसएसपी को दी विशेष बधाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल टाउनशिप, मुरली नगर में दुर्गा पूजा समिती की और से विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने किया। समिती द्वारा उन्हें माता रानी की चुनरी एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। भजन गायको ने एक से बढ़कर एक कर्नप्रिय माता के भजन गाकर समा बांधा। इस दौरान भगवती जागरण में श्रद्धालु जमकर झूमे और उनके द्वारा लगातार गगनभेद माता का जयकारा लगाया गया। उदय प्रताप सिंह ने धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार को विशेष बधाई दी और कहा की बहुत ही व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से पूरे जिले में प्रशासन द्वारा पुजा सम्पन्न कराया गया। माता जागरण में एल. बी. यादव, राजीव राय, धन्नजय कुमार, अन्जय कुमार, रमेश महतो, विवेक सिंह, अजय सिंह, सुर्य नारायण सिंह, प्रवीण यादव, प्रदीप सिंह, राजेश समेत हजारों श्रद्धालुओं ने माता के भजनों का आनंद उठाया।

## बॉक्स-सेल कलवर्ट तथा अप्रोच रोड के निर्माण के लिए एक नवंबर से 25 दिसंबर तक बंद रहेगा भूली मोड़ से आरा मोड़ सड़क

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भूली मोड़ से आरा मोड़ सड़क के प्रथम किलोमीटर में बॉक्स-सेल कलवर्ट तथा पहुंच पथ (अप्रोच रोड) का निर्माण कार्य किया जाना है। इसके कारण एक नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन इस मार्ग पर बंद रहेगा। इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इस दौरान भूली, आजाद नगर, आरा मोड़ से आने-जाने वाले सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग के रूप में बिनोद बिहारी महतो चौक - बाबूडीह (पोलिटेकनिक) - बेकारबांध पथ या विनोद बिहारी महतो चौक 8 लेन पथ का प्रयोग करेंगे।

## दुर्गोत्सव : रावण का पुतला दहन कर उपायुक्त ने दिया सत्य की असत्य पर जीत का संदेश





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी तथा धनबाद क्लब के पदेन अध्यक्ष वरुण रंजन ने दशहरा के अवसर पर धनबाद क्लब में आयोजित एक समारोह में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला दहन किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से समस्त जिले वासियों एवं धनबाद क्लब के सदस्यों को दशहरा एवं विजयदशमी की बधाई दी। उपायुक्त ने कहा कि दशहरा और विजयादशमी सत्य की असत्य पर तथा धर्म की अधर्म पर जीत का प्रतीक है। उन्होंने लोगों को अपने जीवन में अनुशासन लाने, काम, क्रोध, मन, इंद्रियों पर काबू पाकर अंदर की बुराइयों को समाप्त कर तनाव मुक्त जीवन शुरू करने का आह्वान किया। रावण का पुतला दहन करने से पूर्व पुरुलिया के कलाकारों ने मनमोहक छऊ नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपायुक्त वरुण रंजन, धनबाद क्लब के संजीव बियोत्रा, योगेंद्र नाथ नरूला, नंदलाल अग्रवाल, रीता चावड़ा, चेतन गोयनका के अलावा बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## नवरात्रि में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जय माता की जयकारों के साथ ही रविवार को माता के मंदिरों में भक्तों की भीड़ लग गई। मां के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। सुबह होते ही भक्त मंदिर में पहुंचे पूजा-अर्चना में जुट गए। व्रत रखने वालों ने व्रत रखा और बाजार में व्रत के सामान की जमकर खरीदारी की। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या ज्यादा रही। मंदिरों में प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा की गई। मंदिर के पुजारियों के अनुसार शैलपुत्री माता का यह रूप अनेक नामों से लोक प्रसिद्ध है। सती, पार्वती, दुर्गा, उमा, अपर्णा, गौरी, महेश्वरी, शिवांगी, शुभांगी, पर्वतवासिनी आदि नाम शामिल हैं। पूर्व जन्म में इनके पिता दक्ष थे। राजा दक्ष ने प्रजेश होने पर यज्ञ किया पर अपने दामाद शिव को निमंत्रण नहीं दिया। भगवान शंकर की अनुमति के बिना सती अपने पिता के यहां चली गई। यज्ञ स्थल पर पहुंचने पर सती का तिरस्कार हुआ। इस पर सती यज्ञ की अग्नि में कूद पड़ी। सती का अगला जन्म शैलराज की पुत्री पार्वती के रुप में हुआ।

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति ने मुख्तार व जमीर को किया सम्मानित दिया एकता व भाईचारा का परिचय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डायमंड क्रॉसिंग, रेलवे कॉलोनी स्थित श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा एकता और भाईचारा का परिचय देते हुए ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ को अंग वस्त्र ओढ़ा कर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। वहीं श्री मुख्तार अहमद एवं हाजी ज़मीर आरिफ ने समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर लक्ष्मण कुशवाहा, ओमकार जी, नवल शाव, विजय मालाकार, भोला कुशवाहा, पंकज दास, दीपक पटेल, जितेन्द्र शर्मा, रोहित, सुनील, आयुष, अनमोल सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने की सीएसआर की बैठक

### पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय को धरातल पर उतारने के निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने डीआरडीए सभागार में बीसीसीएल, टाटा स्टील, गेल, सेल चासनाला, डीवीसी मैथन, ईसीएल, डीवीसी पंचेत, एसीसी के साथ सीएसआर की बैठक की।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने जिले के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को एनुअल एक्शन प्लान जिला योजना कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व की बैठक में जो भी निर्णय सीएसआर कमेटी द्वारा लिए गए हैं उसे जल्द से जल्द धरातल पर उतारना शुरू करें।



बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने टाटा स्टील से गोल्फ फ्लड लाइट लगाने, सेंट्रल मॉडल लाइब्रेरी निर्माण, गांव में कंप्यूटर कोर्स की शुरुआत करने एवं मोतियाबिंद पेशेंट के लिए अभियान चला कर सिविल सर्जन की मदद से मरीजों की स्क्रीनिंग कर इलाज करने के दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों में जिस भी प्रकार की समस्या होगी उनको दूर करने के लिए जिला प्रशासन सहयोग करेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह डायरेक्टर डीआरडीए सह प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी मुमताज अली अहमद, सिविल सर्जन डॉ सी बी प्रतापन के अलावे गेल, सेल चासनाला, डीवीसी मैथन, ईसीएल, बीसीसीएल, डीवीसी पंचेत, टाटा स्टील, एसीसी के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

## सिंदूर खेला के साथ मां को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बंगाली समुदाय में दुर्गा पूजा के दशमी मे प्रातः घट विसर्जन के समय सिंदूर खेला की पौराणिक परंपरा है। इस सिंदूर खेला मे सुहागिन महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर उनके सुहाग के मनोकामना करती है। धनबाद शहर के विभिन्न पूजा मंडप हीरापुर हरि मंदिर, दुर्गा मंदिर, नेपाली काली मंदिर, सरायढेला दुर्गा मंडप, बंगाली वेलफेयर सोसायटी पार्क मार्केट, बंगाली कल्याण समिति जिला परिषद व अन्य पूजा मंडप के सुहागिन महिला सदस्यों ने एक दूसरे को सिंदूर लगा कर दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। घट विसर्जन करने के लिए महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सभी मिलकर बांग्ला डीजे पर थिरकते हुए, गाजे बाजे के साथ हीरापुर हरी मंदिर से कोर्ट क्वार्टर, डी एस कॉलोनी होते हुए पंपू तालाब में जाकर आस्छे बछर आबार होवे नारे के साथ कलश का विसर्जन किया गया।

## दुर्गा पूजा समिति ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ठाकुर कुल्ही, धैया की ओर से विजयदशमी के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओ में विजयी प्रतिभागियों एवं दुर्गा मंदिर निर्माण समिति को विशेष सहयोग प्रदान करने वाले भक्तों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम अनु कुमारी, द्वितीय आकृति नारायण, तृतीय कोमल शर्मा, म्यूजिकल चेयर में लखन सिंह एवं निशा कुमारी, टंग ट्विस्टर में अनंत कुमार एवं चित्रकला प्रतियोगिता के ग्रुप ए में अनुष्का सिंह प्रथम, श्रद्धा दत्ता द्वितीय एवं विराट सिंह तृतीय तथा



ग्रुप बी हर्षिता कुमारी, पीयूष गुप्ता एवं रिद्धि कुमारी को सम्मानित किया गया। संध्या बेला में समिति के द्वारा माता रानी के प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, सचिव प्रभास प्रसाद, कोषाध्यक्ष रंजीत जायसवाल, शशिकांत मिश्रा, गुलाबचंद जायसवाल, शिवनारायण सिंह, विमल कुमार, बरमेश्वर चौधरी, मनोज सिंह, सुनील चौरसिया, सुनील शर्मा, मनीष जायसवाल, भीमसेन चौरसिया, संजय मिश्रा, मनीष मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## दुर्घटना में युवक की मौत से क्षेत्र में पसरा मातम

### मुखिया ने परिजनों से भेंट कर दिया सांत्वना व बंधाया ढांढस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखण्ड के बिशनपुर में बीती रात लगभग 10 बजे हुए एक सड़क दुर्घटना में चपुआडीह के लालीगढ़ा निवासी 28 वर्षीय रंजीत सिंह, पिता चांदो सिंह की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत अपने पीछे पत्नी एवं 2 छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय मुखिया मो. शमीम मृतक के घर पहुंचे एवं उनके परिजनों से मिल उन्हें सांत्वना दी और ढांढस बंधाया।

## वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के चेयरमैन मांगेराम शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के चेयरमैन ब्राह्मण शिरोमणि तथा विश्व ब्राह्मण संघ के अभिभावक मांगेराम शर्मा को भावभीनी व अश्रुपूर्ण आंखों से विनम्र श्रंद्धाजली अर्पित किया गया। साथ ही उपस्थित सभी ने अपने अभिभावक की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा। मौके पर विनम्र श्रद्धांजलि देने वालो में सभी ब्राह्मण समाज के साथ साथ श्रीराम पाण्डेय, सुरेश चंद्र तिवारी, हृदय कुमार मिश्र, डॉ प्रमोद मिश्रा, प्रमोद दूबे, हरि प्रसाद तिवारी, हिमांशु तिवारी, भागवत पाण्डेय, किशोर पाण्डेय, अवनी तिवारी, विनय तिवारी, अनुप तिवारी, भानु शंकर तिवारी, राजा तिवारी, नागेन्द्र प्रसाद शुक्ला, लक्ष्मण तिवारी, विद्युत चक्रवर्ती, सुरेश चक्रवर्ती, मधुसूदन चक्रवर्ती, सुनील चक्रवर्ती, मनोज मिश्रा आदि ने श्रंद्धाजली अर्पित की।

## महुदा व भाटडीह क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया दुर्गा पूजा

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूजा पंडालों में चुस्त दिखी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा क्षेत्र और भाटडीह ओपी क्षेत्र के पूजा पंडालों में सिंदूर खेल होली के साथ दुर्गा पूजा का त्यौहार मां दुर्गा की विदाई कर धूमधाम से संपन्न हुई। क्षेत्र के महुदा, तेलमोचो, लोहापट्टी, कचर्रा, मुरुलडीह 20/21 पिट्स, भाटडीह , कुमारडीह, आदि जगहों में मां दुर्गा पूजा का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस मौके पर महुदा थाना प्रभारी योगेश महतो, भाटडीह ओपी प्रभारी सौरभ चौबे सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चुस्त दिखे, ग्रामीण इलाकों के पूजा में बलि की प्रथा भी दिखी, महुदा रेलवे दुर्गा पूजा समितियो ने नवमी के दिन खिचड़ी भोग का आयोजन किया, पूजा पंडालों में सामाजिक कार्यकर्ता राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधि आदि लोगों को मौजूद देखा गया। इस मौके पर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त देखी गई ।

कही भीड़ के कारण जाम की समस्या मिली लेकिन थोड़ी बहुत तकलीफों के साथ लोग अपनी छोटी गाड़ियों की आवा जाहि सुचारू रूप से जारी रखा। इस मौके पर पूजा पंडालों में भक्ति जागरण एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



## यात्री सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेलवे ने उठाए कई कदम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** देश के विभिन्न स्टेषनों से पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में आने व जाने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु कई कदम उठाए गए हैं। यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, सिकंदराबाद आदि स्टेषनों से पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेषनों के मध्य त्योहार स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इस साल त्योहारों के सीजन के दौरान अक्टूबर-दिसंबर माह में लगभग 60 स्पेषल ट्रेन चलायी जा रहीं हैं। इन स्पेषल ट्रेनों द्वारा लगभग 900 फेरे लगाये जाएंगे । इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना-रांची एवं पटना-हावड़ा रेलखंड पर 02 वंदे भारत ट्रेनें पहले से चलायी जा रही है। जिसका लाभ यात्रियों को मिलेगा। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेषनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चैकसी बरत रहे हैं। अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ स्टेषनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है।

यात्रियों के अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु प्रमुख स्टेषनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं तथा अवष्यकता पड़ने पर और अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले जाएंगे। यात्रियों को अनारक्षित टिकट हेतु टिकट काउंटर पर लंबी लाइन में न लगना पड़े इसके लिए कई स्टेषनों पर ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मषीन।लगाए गए हैं।

## ट्रांसफार्मर उद्घाटन में भाजपा कार्यकर्ता को ग्रामीणों ने रोका, कांग्रेस नेत्री मंजू कुमारी ने किया उद्घाटन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत नवडीहा पंचायत के गादीखुर्द गांव में विगत पिछले कई माह से ट्रांसफार्मर जल गया था जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी के पास गुहार लगाया लेकिन अंत में ग्रामीणों को 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर मिला। गादीखुर्द के स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर मंजू कुमारी के पहल पर यह ट्रांसफार्मर हम लोगों को मिला है वही ट्रांसफार्मर उद्घाटन के लिए बुधवार को नवडीहा भाजपा मंडल के महामंत्री सुधीर वर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ता उद्घाटन करने के लिए पहुंचा जिसको ग्रामीणों ने रोका। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि भाजपा की कार्यकर्ता चुपके से आकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करने जा रहे थे जिसको हम लोगों ने रोका इसके साथ ही कहा कि ट्रांसफार्मर दिलाने में भाजपा कार्यकर्ता का कोई योगदान नहीं है केवल वह अपना वर्चस्व दिखाने के लिए उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। ग्रामीणों ने डॉक्टर मंजू कुमारी एवं पंचायत समिति सदस्य जानकी महतो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन दोनों के पहल पर हम लोगों को नया ट्रांसफार्मर मिला है। जिसका उद्घाटन कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ मंजू कुमारी एवं पंचायत समिति सदस्य जानकी महतो ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद डॉ. मंजू कुमारी जिंदाबाद इत्यादि नारा भी लगाया।

## जजमानों के घरों में मां दुर्गा बरसाए ढेरों खुशियां : सुनैना किन्नर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जजमानों की खुशी में ही हम किन्नरों की खुशी है।जजमानों के घरों में मां दुर्गा खुशियां बरसाए यही कामना के साथ आज मैं नौ दिनों से व्रत रखकर मां दुर्गा की पूजा की। यह बातें झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के धनबाद जिला अध्यक्ष सुनैना किन्नर ने कही। दुर्गा पूजा के अवसर पर अपने आवास में सुनैना किन्नर ने भव्य पूजा का आयोजन किया। दुर्गा पूजा के नवमी के मौके पर सुबह से ही अपने आवास पर आयोजित कन्या पूजन में कन्याओं को भोजन कराई और उन्हें तरह-तरह के पुरस्कार, वस्त्र और राशि देकर



उसके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। सुनैना किन्नर ने बताई की यह पूजा वह वर्षो से करती आ रही है। हमने लगातार 9 दिनों तक उपवास रहकर पूजा की। उपवास रहने वालों में सुनैना किन्नर, फलक किन्नर, बबली किन्नर, जिया किन्नर, शीला किन्नर आदि शामिल थे।

# मुर्ति विसर्जन, व रावण दहन के साथ दुर्गा पुजा शांति व सौहार्द के साथ हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के हनहट, कैरो, व नगजुवा मे विजयादशमी दशहरा का त्योहार 24 अक्टूबर मंगलवार को मुर्ति विसर्जन व रावण दहन के साथ ही शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हो गया। कैरो मे माँ अंबे दुर्गा पुजा समिति की ओर से महाअष्टमी की रात्रि मे भक्ति जागरण संगीत कार्यक्रम का उद्घाटन उप-प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उराँव, समाजसेवी सह प्र0 प्रधानाचार्य शिशिर कुमार विद्यार्थी व पुजा समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी के द्वारा उद्घाटन के पाश्चात्य कोलकाता, धनबाद, हजारीबाग के कलाकारों के द्वारा भजन की प्रस्तुति से रात भर झूमते रहे दर्शक, वही कैरो माँ अंबे पुजा पंडाल पर 23 अक्टूबर महानवमी को 09 कन्याओं के 07 समूह कूल 63 नव कन्याओं का पूजन आरती व भोजन कराया गया। 24 अक्टूबर मंगलवार विजयादशमी हवन पूजन के साथ मुर्ति विसर्जन यात्रा प्रारंभ हूई, श्रद्धालु नाचते गाते कैरो खुट्टा तालाब मे माता दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, श्री गणेश, और कार्तिक जी की प्रतिमा को जल मे विसर्जित कर दी गई, वही पंडाल के समीप कैरो मे 50 फीट की रावण की प्रतिमा बनाकर भव्य रुप से दहन किया गया, कार्यक्रम को दूर-दराज से देखने आये लोगो के भीड़ से कार्यक्रम मेला मे तब्दील हो गया, सभी कार्यक्रमो का पुजा समिति के ड्रॉन कैमरे से निगरानी रखी जा रही थी, वही इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उराँव, चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राकेश कुमार, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, संजय कुमार राय, वर्मा उराँव प्रखंड के सभी पंडालो पर थाना के दल बल एवं सद्भावना दल के साथ ड्यूटी मे मुश्तैद दिखाई दिये। वही इस अवसर पर कैरो मे समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, शम्भु सोनी, रवि प्रजापति, बजरंग साहू, रिंकु प्रसाद, मुखिया वीरेन्द्र महली, 20 सुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव, सुरज मोहन साहू, रामपवित्र प्रसाद सोनी, राजेंद्र सोनी, विशेश्वर प्रसाद दीन, अनिल कुमार पांडे, विवेक प्रजापति, मनोज कुमार पांडे, गंगा प्रसाद, प्रभू भगत, नजीर आलम खान, लखन उराँव, ललेश पांडे, गौतम साहू, मनोज साहू, राजेश सोनी, समेत काफी संख्या मे गणमान्य लोग समस्त कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## केरसई में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम रात भर झूमे ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई में दुर्गा पूजा विजयदशमी के शुभ अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिले के सांसद प्रतिनिधित्व सुशील श्रीवास्तव, केरसई थाना प्रभारी मुन्ना रामानी एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार, उपाध्यक्ष रवि गुप्ता एवं समिति के सभी पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। मौके पर अतिथियों ने सभी दर्शकों को दुर्गा पूजा एवं विजयदशमी की शुभकामनाएं दी एवं शांतिपूर्वक कार्यक्रम का आनंद उठाने के लिए प्रेरित किया कलाकारों द्वारा माता शेरावाली, मोय तो गरीब आहूं मां कहां पाबू सोना चांदी गा कर वातावरण को भक्ति मय बना दिया वहीं प्रयागराज से आई हुई डांसरों ने नागपुरी हिंदी भोजपुरी गानों पर डांस कर लोगों को झुमाते रहे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जयंत प्रसाद त्रिवेणी प्रसाद अयोध्या प्रसाद विकास प्रसाद सुरेश प्रसाद अरविंद यादव संरक्षक शशि प्रसाद प्रमोद प्रसाद सचिन कुमार कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सचिव अवधेश कुमार सहसचिव विष्णु प्रसाद मीडिया प्रभारी संतोष प्रसाद विजय प्रसाद सुभाष प्रसाद सह सचिव पप्पू कुमार सह कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद विजय शंकर पवन कुमार अमित कुमार विवेक कुमार अंकित कुमार अमित प्रसाद सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## नागपुरी सह मेला आयोजन में उमड़ी भीड़ कार्यक्रम का उठाया लुत्फ



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा समिति बुटी के द्वारा मेला सह सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जीप सदस्य सह विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद उपस्थित हुए। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम में दशहरा पर्व के अवसर पर दुर्गा पूजा समिति बुटी के द्वारा बाजार टांड़ में मेला सह नागपुरी सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जीप सदस्य सह विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत फीता काट कर प्रारम्भ किया गया। नागपुरी कार्यक्रम उद्घाटन के पश्चात कलाकारों द्वारा उपथित दर्शकों नागपुरी गीत संगीत प्रस्तुत कर आकर्षित किया गया। नागपुरी कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रामलखन प्रसाद उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुष एवं युवाओं को संबोधन में कहा छोटानागपुर की पहचान दिन प्रतिदिन लुप्त होते नजर आ रही है। इसके प्रति युवा वर्ग को आगे आने की जरूरत है। वही बताते हुए उन्होंने कहा आज क्षेत्र में छोटे छोटे कलाकार कला के माध्यम से नागपुरी सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन कर सांस्कृति परम्परा को बचाये है। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि आयोजन मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का लुप्त शान्ति व सौहार्द के साथ उठाएं और भाईचारे का संदेश क्षेत्र वासियों में बाटने का प्रयास करें। मौके पर पूर्व जीप सदस्य रामलखन प्रसाद, परमानन्द महतो, मनिरत्न भगत, मुकु सिंह, जितेश साहू, सहित आयोजन कमिटी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल थे।

## श्रम विभाग ने टावर कंपनीयों को 10 लाख 15 हजार बकाया राशि जमा करने का दिया निर्देश

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम विभाग लोहरदगा द्वारा टावर बनाने वाली कंपनियों को 10 लाख 15 हजार रुपए का बकाया राशि जमा करने का आदेश जारी किया गया था जो अब तक जमा नहीं किया गया है। लोहरदगा जिला में भारती इंफ्राटेल लिमिटेड कंपनी के द्वारा 29 मोबाइल टावर निर्माण करके लागत 10 करोड़ 15 लाख लगभग राशि का निर्माण का कार्य कराया गया है लेकिन उसका एक प्रतिशत राशि 10 लाख 15 हजार रुपये अभी तक श्रम विभाग को बकाया राशि की भुगतान नहीं किया गया है। श्रम विभाग के द्वारा कम्पनी को कुल राशि का 1 प्रतिशत जमा करने का निर्देश दिया गया था लेकिन उनके द्वारा अब तक उक्त राशि जमा नहीं किया गया है। श्रम अधीक्षक द्वारा उसके विरुद्ध में आदेश पारित करके 30 दिन के अंदर राशि जमा करने का आदेश दिया गया यदि जमा नहीं करते हैं तो बकाया राशि के दो प्रतिशत ब्याज दर से वसूली कराई जाएगी। श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 की धारा 3 एवं नियमावली 1998 के नियम 4 के अंतर्गत किसी भी भवन एवं अन्य का निर्माण कार्य करने वाले प्रत्येक नियोजक द्वारा निर्माण मजदूरों के कल्याणर्थ निर्माण कार्य के कुल लागत का एक प्रतिशत उपकर के रूप में झारखंड भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण निधि में जमा किए जाने का प्रावधान है। निर्माण कार्य समाप्त होने के 30 दिन के अंदर उपकार जमा करना अनिवार्य

## शहर के नए बख्शीपत्रा में रावण दहन देखने उमड़ पड़ा जनसैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** विजया दशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा, चन्दकोप, हेसवे में मेला आयोजित कर रावण दहन का कार्यक्रम कायोजन किया गया। वही मेला स्थल में खूब आतिशबाजी हुआ। जिला प्रशासन व प्रखंड प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया। वही केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा के तत्वधान में सेन्हा प्रखंड के बक्सीडीपा जंगल के अंतिम छोर दक्षिण पश्चिम दिशा में विजया दशमी के अवसर पर रावण दहन एवं मेला का आयोजन किया गया। मेला के दौरान छोटी बड़ी विभिन्न प्रकार की दुकाने ईख, मिठाई, खिलौने की दुकान से मेला स्थल भरा पूरा हुआ था। मेला के दौरान मुख्य आकर्षण का बिंदु बना रावण दहन, आतिशबाजी के अलावे आदिवासी सांस्कृति कार्यक्रम विदित हो कि इस वर्ष मेला स्थल पर जो भीड़ देखने को मिला वह ऐतिहासिक भीड़ है। जबकि प्रशासन भी भीड़ के बीच में अपने दायित्व का निर्वाह्न करते हुए असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर ड्रोन कैमरा,सीसीटीवी एवं भिन्न भिन्न प्रकार से बनाए हुए थे। वहीं पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था के लिये दिशा निर्देश दे रहे थे। तथा थाना प्रभारी अभिनव कुमार पूरे दलबल के सहयोग सुरक्षा वयवस्था में मुस्तैद नजर आए। मेला स्थल पर मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण पुलिस कप्तान हरिश बिन जामा, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल सहित विभिन्न अतिथियों को स्वगत करते हुए आतिशबाजी करते हुए.रावण दहन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम समापन के पूर्व केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहारदगा के सहयोग से अतिथियों द्वारा आदिवासी खोड़ाह दल को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर आयोजन कमिटी को पुलिस कप्तान हरीश बिन जामा धन्यवाद देते हुए कहा कि आयोजन कमिटी की सकारात्मक सोच और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान है। वहीं उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम को क्षेत्र का धरोहर है।

## जायका परियोजना बना संजोती के लिए सहारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संजोती उराँव निर्धन परिवार से सम्बन्ध रखती है। वे कुडू प्रखंड के बड़कीचांपी की रहने वाली हैं। वर्ष 2009 में महिला मंडल से जुड़ी और समुह के गतिविधियों के बारे में जाना एवं सीखा। वर्ष 2010 में पति की मृत्यु के कारण इनकी आर्थिक स्थिति ख़राब हो गयी। इस परिस्थिति से उबरने के लिए संजोती महुवा से शराब बनाने लगी ताकि उनका रोजी रोटी चल सके और परिवार का भरण पोषण भी हो सके। घर के पास खेत होने से वह उसमे पारंपरिक तरीके से खेती करती थी जिसमे वह साल में बड़ी मुश्किल से 1 या 2 फसल ही ले पाती थी, इसी बीच उनके गाव में महिला मंडल की बैठक में सूक्ष्म टपक सिचाई विधि से खेतीङ्कबारी के तरीके के बारे में पता चला जिससे प्रेरित होकर उनमे इस नये तकनीक से खेती-बारी करने की उम्मीद जगी और उन्होंने अपना जायका किसान के रूप में रजिस्ट्रेशन भी करवाया और उन्नत तरीके से सूक्ष्म टपक सिचाई से खेती करने का गुण भी सिखा जिसका उन्हें सीधा लाभ मिला। सर्वप्रथम उन्होंने जायद मौसम 2018 में सूक्ष्म टपक सिचाई विधि से करैला की खेती किया जिसमे उन्हें कुल 1453 किग्रा करैला बिक्री करके 15,141 रुपये की शुद्ध आमदनी की जिससे उनमे सूक्ष्म टपक सिचाई विधि के खेती करने के प्रति आत्मविश्वाश जगा। किंतु उसी दौरान रबी मौसम में धनिया की खेती की जिसमे वह मात्र कुल 4,710 रुपये की कमाई ही कर सकी। इसी क्रम में उन्होंने जायद मौसम 2019 में सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि से तरबूज की खेती करने को सोची। संजोती को तरबूज की खेती से कुल शुद्ध कमाई 15661 रुपये की हुई। संजोती कहती हैं कि पति की मृत्यु के बाद खेती बाड़ी करना बड़ा मुश्किल होता था और खेती-बाड़ी के लिए मजदूर ढूढ़ना पड़ता था। कभी-कभी तो मजदूर भी नहीं मिलते थे और कभी कभी मनमाना तरीके से मजदूरी तय करते थे जिससे असहाय होकर वो खेती-बाड़ी भी नहीं कर पाती थी। आज जायका परियोजना की मदद से संजोती अकेले स्वयं सब्जी खेती उगा लेती हैं। साथ में बच्चो को अच्छी शिक्षा दिलवा रही है और खेती के अलावा वो स्वयं से सब्जी बिक्री भी कर लेती है अब संजोती ने महुआ शराब भी बनाना छोड़ दिया है द्व संजोती के जीवन में सामजिक और आर्थिक सुधार आया है और उनका गांव में मान सम्मान भी बढ़ा है। संजोती उराँव अब सूक्ष्म टपक विधि से खेती के तरीके को लेकर काफी खुश है और इसका लाभ भी उठा रही है।

## बूथ स्तर तक कमेटी निर्माण करने को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के निर्देशानुसार बैठक की गई और विगत 20/10/2023 को लिए गए निर्णय के आलोक में जिला के सभी अग्रणी संगठन के जिला कमिटी, प्रखंड कमिटी, पंचायत कमिटी का भौतिक सत्यापन सह जिला स्तरीय सम्मेलन करने का निर्देश प्राप्त था। जिसके तहत 4/11/2023 को युवा कांग्रेस, 25/11/2023 को एनएसयूआई, 26/11/2023 को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, 3/12/2023 को ओबीसी प्रकोष्ठ, 4/12/2023 को एससी प्रकोष्ठ, 5/12/2023 को महिला कांग्रेस, 6/12/2023 को सेवा दल, 7/12/2023 को आदिवासी कांग्रेस, का भौतिक सत्यापन सह जिलास्तरीय सम्मेलन राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सभी अग्रणी मोर्चा को दिशा निर्देश देते हुए कहा गया है कि आपने निर्धारित तिथि को अपनी पूरी कमिटी के साथ उपस्थित होंगे ताकि आने वाली 2024 के लोकसभा चुनाव को लक्ष्य मान कर अभी से ही संगठन सशक्तिकरण के माध्यम से बूथ स्तर तक कि कमिटी बना लिया जाए। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, राजीव गांधी पंचायतीराज जिलाध्यक्ष संदीप गुप्ता, ओबीसी प्रदेश कॉर्डिनेटर संतोष महतो, सेवा दल जिलाध्यक्ष संभू, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा परवीन, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विनय उरांव, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मूज्जमिल अंसारी, ओबीसी जिलाध्यक्ष जयनाथ साहू, एससी जिलाध्यक्ष संजय नायक, कुरू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर आदि उपस्थित थे।

## नम आंखों से दी गई मां को विदाई मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ शारदीय नवरात्र सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मूर्ति विसर्जन के साथ ही प्रखंड क्षेत्र में सभी जगहों पर शांति और सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा सम्पन्न हुआ। वही मूर्ति विसर्जन के दौरान जगह जगह भव्य शोभायात्रा निकालकर नदी, लताब में माँ का मूर्ति का विर्सजन किया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तजन डीजे और ढोल नागड़ा की थाप पर नाचते थिरकते दिखे.साथ ही जय माता दी, दुर्गा मईया की जय,माता रानी की जय के उद्घोष से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धा,भक्ति से लोगों ने नौ दिनों तक दुर्गा पंडालों में भक्तों ने माँ का दर्शन कर पूजा अर्चना किया। साथ ही कही कही कीर्तन और भंडारे का भी आयोजन किया गया। सेन्हा में मेन रोड दुर्गा मंदिर के समीप प्रत्येक दिन सायंकाल में भंडारे का आयोजन होता रहा। तथा प्रखंड क्षेत्र के बरही, चन्दकोपा, बदला, सेन्हा, झखरा सहित अन्य जगहों पर भक्तजनों के द्वारा श्रद्धा और भक्तिभाव से माँ दुर्गा जी पूजा अर्चना कर घर परिवार के लिये सुख, समृद्धि और वैभव तथा क्षेत्र में अमन चैन खुशी के लिये माता से प्रार्थना किया गया। वही विजयादशमी के दिन सुबह से ही आचार्य पुरोहितों के द्वारा पंडालों में पूजा अर्चना और हवन यज्ञ कराते हुए मूर्ति का विसर्जन कराया गया। पूजा के उपरान्त ही माँ दुर्गा के साथ माता लक्ष्मी,सरस्वती और भगवान गणेश, कार्तिकेय की मूर्तियों के साथ शोभायात्रा निकाल कर माता दुर्गा सहित अन्य मूर्तियों को भक्तों द्वारा विर्सजित कर दिया गया। शान्ति व सौहार्द से मूर्ति विसर्जन कराने के लिये दंडाधिकारी के साथ पुलिस प्रसाशन और प्रखंड प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सख्ती के साथ मुस्तैद नजर आई।

### जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है : सुखदेव भगत

## आयोजित जतरा में खोड़हा दल के साथ सामूहिक नृत्य में शामिल हुए सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दशहरा के पावन अवसर पर आज सदर प्रखंड के ग्राम मन्हो में सुबह नवयुवक संघ मन्हो के द्वारा विशाल जतरा का आयोजन किया गया। इस जतरा के मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस के प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत थे। सुखदेव भगत के जतरा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। जतरा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की जतरा हमारी धरोहर है यह हमारी सांस्कृतिक पहचान है। पुरखों के द्वारा लगाए गए जतरा को हमें बचाकर एवं संजोकर रखने की आवश्यकता है। जतरा का एक विशेष महत्व होता है क्योंकि इसमें सभी वर्गो का सहभागिता रहता है। यह आपसी भाईचारे का संदेश देता है। नगड़ा, मांदर अखड़ा आदिवासियों की पहचान है। श्री भगत ने विशेष कर आदिवासियों से बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने तथा दारू -हाड़ी से दूर रहने की आग्रह किया तभी हमारा समाज का उत्थान हो सकता है। श्री भगत ने आयोजन समिति द्वारा भव्य जतरा आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को बधाई दिए।

## अनुमण्डल दण्डाधिकारी अरविंद कुमार लाल को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अनुमण्डल दण्डाधिकारी अरविंद कुमार लाल के प्रोन्नति व स्थानांतरण को लेकर आज बुधवार को समाहरणालय सभागार, लोहरदगा में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि निवर्तमान एसडीएम अरविंद कुमार लाल ने अपने सहयोगियों के दिलों में जगह बनायी। लोहरदगा जिला में शांति-व्यवस्था बनाये रखनें में इनका अहम योगदान रहा। इनके अंदर एक शिक्षक और प्रशासनिक पदाधिकारी दोनों का गुण है जिसके कारण प्रशासनिक कार्यों एवं विधि-व्यवस्था में ये काफी सफल रहे। किसी भी चुनौती के समय इनके कदम नहीं डगमगाये। लोगों से मिलने-जुलने में ये काफी सौम्य व सहज रहे लेकिन विधि-व्यवस्था संधारण में हमेशा कड़े निर्णय लिये। इनकी वजह से अन्य वरीय पदाधिकारी बिल्कुल सहज रहे। शिक्षा के क्षेत्र में भी श्री लाल ने लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य किया। वर्तमान में प्रत्येक प्रखण्डों में पुस्तकालयों का गठन हो चाहे जिला स्तर पर पुस्तकालयों में पठन-पाठन का कार्य हो। हमेशा इन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान किया। लोहरदगा जिला से आगे भी ये जुड़े रहें, यही अपेक्षा है। लोहरदगा जिला में पुस्तकालय व यहां आने वाले छात्रों के लिए आपका योगदान कभी भूलाया नहीं जायेगा। अभी जो नई जिम्मेवारियां मिली हैं, उम्मीद है कि आप उसमें भी बेहतर साबित होंगे। पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने इस मौके पर कहा कि श्री लाल के कार्यों से पता चलता है कि इन्होंने लोहरदगा जिला के नब्ज पर इनकी काफी अच्छी पकड़ है।

# सदर प्रखंड ग्राम कुज्जी में धीरज प्रसाद साहू इनामी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

### युवा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें तो सफलता जरूर मिलेगी : हारीश बिन जमां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड लोहरदगा के ग्राम कुज्जी में जय झारखंड फुटबॉल क्लब कुज्जी के तत्वाधान में आयोजित श्री धीरज प्रसाद साहू फुटबाल टूर्नामेंट का समापन हुआ। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल मुकाबला बंजार किस्को एवं सिमसान्ग ब्रदर डूमरी के बीच खेला गया जिसमें टूर्नामेंट का खिताब बंजार किस्को की टीम ने जीता। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक लोहरदगा श्री हारीश बिन जमां शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि नेसार अहमद लोहरदगा जिला कांग्रेस के महासचिव सलीम अंसारी बड़े अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी जोरी पंचायत के मुखिया राजू उरांव, हेसल पंचायत मुखिया सुनीता कुमारी, हेसल पंचायत समिति सदस्य जहाना खातून तारीख अनवर समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत पारंपरिक ढंग से किया गया मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक एवं अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री हारीश बिन जमां ने उपस्थित ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत सारे अच्छी चीजों को लेकर आता है युवाओं में काफी ऊर्जा होती है उसे सकारात्मक कार्यों में लगाया जाना चाहिए युवा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें तो सफलता जरूर मिलेगी स्थानीय स्तर पर इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित करना और युवाओं को खेल से जोड़ना बहुत ही अच्छी पहल है इससे सामाजिक सद्भाव बढ़ता है और युवाओं में भटकाव की स्थिति नहीं आती है युवा वर्ग नशा पान से दूर रहे खेल के साथ पढ़ाई पर भी फोकस करना जरूरी है स्थानीय जनप्रतिनिधि सामाजिक जागरूकता के लिए पहल करें जिससे समाज में छोटे-छोटे अपराधों को रोका जा सके, और सबकी सहभागिता से जिले का विकास निरंतर जारी रहे। अंत में विजयी टीम के खिलाड़ियों के बीच नगद राशि एवं आकर्षक पुरस्कार वितरण किए गए जिसमें टूर्नामेंट के प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार नगद बंजार किसको की टीम को दिया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में 35 हजार रुपया नगद सिमसॉन्ग ब्रदर डूमरी की टीम को दिया गया, तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार नगद जे जे क्लब कुज्जी की टीम को दिया गया एवं चौथे पुरस्कार के रूप में 20 हजार नगद के के पतरा टोली की टीम को दिया गया इसके अलावे बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए कई अलग-अलग पुरस्कार दिए गए।

# रेंगारिह में विधायक कोलेबिरा के विधायक मद के द्वारा निर्मित शेड का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर के मशहूर कारी मैदान रेंगारिह में विधायक मद के द्वारा निर्मित शेड का बुधवार को उद्घाटन किया गया। इस दौरान कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि समी आलम व रावेल लकड़ा तथा अन्य कांग्रेस नेताओं के द्वारा फीता काटकर सामुहिक रूप से शेड का उद्घाटन किया गया। मौके पर उपस्थित कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी के प्रतिनिधियो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए हमारे कोलेबिरा विधायक के साथ-साथ राज्य सरकार भी प्रतिबद्ध है और इसके उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही महागठबंधन की हमारी सरकार भी खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान के साथ- साथ उन्हें नौकरी देने का भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार खेल के विकास के लिए कई प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसका ग्रामीण जागरूक होकर लाभ उठाएं। साथ ही कहा कि रेंगारिह में खेल के प्रति जुनून और एकमात्र चर्चित उक्त मैदान में शेड की अभाव का जानकारी मिलने के बाद विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने प्राथमिकता के आधार पर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया और आज यह शेड पूर्ण हो गया। वही विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि क्षेत्र के विकास व जनता की समस्याओं को दूर करना विधायक व कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच कई ऐसे नेता भी मौजूद है जो हम आदिवासी-मूलवासी को बांटने और बरगलाने का कार्य कर रही है। हम सभी को इससे सचेत रहकर एकजुट रहना है और आने वाले लोकसभा और विधानसभा में अपने कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना है। इसके अलावा कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित कर विचार रखे। मौके पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष अशफ़ाक आलम, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि पीटर लकड़ा, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, जिला अल्पसंखयक सचिव जमीर हसन, प्रिन्स कुमार, मोहम्मद वहीद, अमृत चिराग तिर्की, पंचायत अध्यक्ष अतुल बारला, पत्रस डुंगडुंग, इशाक डुंगडुंग, बेनेदिक लकड़ा, फुलजेंसिया बिलुंग, जेरोम मिंज, मुखिया आदि उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## रांची में नम आंखों से मां भवानी को दी गई विदाई

**रांची :** राजधानी रांची के सभी पूजा पंडाल की समितियों ने बुधवार को मां दुर्गा के प्रतिमा का अलग-अलग नदी, तालाबों और डेमों में विसर्जन किया। इस दौरान सभी स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। पूरे नौ दिन तक मां दुर्गा के भक्ति में पूरा शहर लीन रहा। बड़े-बड़े ट्रकों में मां दुर्गा की प्रतिमा को लेकर गाजे-बाजे के साथ लोग निकले और तालाबों में विसर्जन किया। नम आंखों से श्रद्धालुओं ने मां को अगले साल फिर आने का न्योता देते हुए विदाई दी। इस दौरान सभी विसर्जन स्थल पर पुलिस के जवान, गोताखोर, एनडीआरएफ टीम तैनात दिखे। वह अबतक सड़क पर ही है। समिति के लोग और अन्य श्रद्धालु माता की जय कारे लगाते हुए और नाचते हुए विसर्जन के लिए आगे बढ़ रहे हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए बड़ा तालाब के पास तैनात है।

## फैशन पॉइंट एग्जीबिशन में शिरकत करेंगी मॉडल और एक्ट्रेस अन्वी मोदी

**रांची** : फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जिबिशन वेडिंग सीजन शो 29 और 30 अक्टूबर को होटल कैपिटल हिल में आयोजित होगा। मेले का उद्घाटन एक्ट्रेस एंड मॉडल अन्वी मोदी, राज्य सभा सदस्य डॉ महुआ माजी एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो करेंगी। यहां देशभर के बॉलीवुड डिजाइनर एवं प्रसिद्ध डिजाइनरों के एक्सक्लूसिव कलेक्शन प्रदर्शित किये जायेंगे। अन्वी मोदी पूरे दो दिन तक रांची के वेडिंग शो के दौरान रांची वासियों के साथ समय बिताएंगी। मेले में वेडिंग अपैरल्स, एक्सक्लूसिव ज्वेलरी रियल ज्वेलरी के साथ एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, लक्जरी होम डेकोर और बहुत कुछ शामिल हैं, जहां ओरिजिनल तसर सिल्क के डिजाइनर वियर, जामदानी एवं प्योर जयपुरी फैशन कलेक्शन के साथ मेंसवियर और किड्स वियर भी देखने को मिलेंगे। शो में प्रदर्शित इन प्रोडक्ट के साथ अन्वी मोदी फोटोशूट करती नजर आएंगी। बनारस की एक्सक्लुसिव, प्योर और स्पेशल साड़ियां, लखनऊ की ऑल रेंज की चिकनकारी स्पेशल ड्रेस, साड़ी पार्टी वियर, सेमी पार्टी वियर, किट्टी पार्टी वियर, कॉकटेल पार्टी वियर बहुत कुछ होगा। दिल्ली, बेंगलुरु के डिजाइनर साड़ी, कैजुअल डिजाइनर वियर पार्टी वियर कुर्ती, सूट, जैकेट, कुर्ता, एथनिक वियर, साड़ी, ड्रेस, गाउन, कोऑर्ड सेट, कोलकाता के फैशन सेंस और पाकिस्तान शरारा-गरारा रहेगा।

## प्रदेश भाजपा ने नड्डा के कार्यक्रम की तैयारियों पर की चर्चा

**रांची :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में 28 अक्टूबर को सम्पन्न होने वाले प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को प्रदेश के प्रमुख पार्टी नेता की बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, दीपक बंका, समरी लाल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर शामिल हुईं।

# बुराई पर अच्छाई का विजय है रावण वध : प्रथम महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कार्यक्रम का उद्घाटन एवं रावण वध करते हुए कहा कि असत्य पर सत्य एवं बुराई पर अच्छाई का विजय ही रावण वध है। रावण खुद एक प्रखंड विद्वान थे।

जिन्होंने भगवान श्री राम को भी लंका दहन से पहले खुद पूजा कराई थी और मरने से पूर्व लक्ष्मण ने भी आशीर्वाद लिया था। हम आज भी बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य के विजय के रूप में रावण वध कर इस त्यौहार को मानते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष विद्यानंद पाठक, झामुमो जिला अध्यक्ष गुड्डू सिन्हा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, वैश्य समाज प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, मंगल सिंह, अविनाश वर्मा ने दीप प्रज्वलित करते हुए सभा को संबोधित किया और रावण वध के पीछे छुपी भावना को बताया। इस विशाल रावण वध कार्यक्रम की शुरुआत 1991 में चंद्रशेखर आजाद क्लब का गठन कर प्रथम अध्यक्ष उमेश रजक के नेतृत्व में शुरू किया गया जो 91 से 94 तक अध्यक्ष रहे। फिर 95 में सोमनाथ द्वारा अध्यक्षता की गई। और 96 से आज तक झूलन राम द्वारा अध्यक्षता कर कार्यक्रम को सफल बनाया जा रहा है। शुरू में काफी समस्या आती थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में फिर चंद्रशेखर आजाद क्लब के सदस्यों ने चेंबर अध्यक्ष एवं समाज के हर सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने वाले आनंद शंकर से 1995 में जाकर मिलते हुए शहर के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को बरकरार रखने का अनुरोध किया।

तब से आज तक 28 वर्ष हो गए बड़े भाई आनंद शंकर द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हर सहयोग किया जाने लगा। संस्था के सदस्य जिन्होंने हर वर्ष अपना



दायित्व निभाया। उन्हें चेंबर परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

जिसमें उमेश रजक (प्रथम अध्यक्ष) सोमनाथ जी (द्वितीय अध्यक्ष), झूलन राम (तृतीय अध्यक्ष अब तक) दीपक वर्मा . शंभू पासवान. लड्डू पासवान. विकास मालाकार. रंजन सोनी और रावण बनाने वाले श्री सुनील जी को प्रथम महापौर ने सोल उड़ाकर सम्मानित किया।

प्रथम महापौर ने दो ऐसी शख्सियत को सम्मानित किया, जिन्होंने कोरोना कॉल में जब झारखंड के कई घाटों में 10/20 हजार तक रुपए लेकर दाह संस्कार किया जा रहा था। लोग लावारिस डेड बॉडी छोड़कर भाग रहे थे। उसी वक्त पलामू चैंबर परिवार ने महापौर अरुण शंकर के अनुरोध पर राजा हरिश्चंद्र घाट का कमान अपने हाथों में लेते हुए दाह संस्कार का दर लकड़ी के फर्नेस से 2100 और 3500 हिंदू संस्कृति से डोम राजा तथा सफाई युक्त लेकर प्रारंभ कराया। जो आज तक इस परंपरा का निर्वाह होता आ रहा है। जिसके लिए आधे दाम पर लकड़ी उपलब्ध कराने वाले शख्सियत रिंकू दुबे एवं चेंबर के कोषाध्यक्ष अनवर भाई, जिन्होंने अपने निजी खर्च से सैकड़ो लावारिस लाशों को जो जलवाते आ रहे है। अनवर भाई को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय ओझा ने किया। कार्यक्रम में राम और श्याम ने अपने भजनों से लोगों को मंत्र मुक्त किया।

## राज्यस्तरीय कला एवं शिल्प प्रदर्शनी से स्कूली बच्चों की कला को मिलेगा मंच

**कार्यक्रम में अपनी कलात्मक सामग्रियों का प्रदर्शन करने के लिए बच्चे जुलाई महीने से ही तैयारी कर रहे थे।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से राज्य के 24 जिलों के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों द्वारा तैयार की गयी शिल्प कला एवं रचनात्मक सामग्रियों की प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन तीन नवंबर से पांच नवंबर तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यभर से 150 बच्चे प्रतिभागी होंगे। इस कलात्मक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के हुनर और कला को मंच देने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में अपनी कलात्मक सामग्रियों का प्रदर्शन करने के लिए बच्चे जुलाई महीने से ही तैयारी कर रहे थे। बच्चों को सामग्री निर्माण के लिए सामग्री विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। इस कार्यक्रम में बिकने वाली सामग्रियों का पैसा डीबीटी के माध्यम से बच्चे के खाते में सीधा भेजा जायगा, जिससे बच्चों के अंदर व्यावसायिक हुनर भी विकसित होगा। इसमें भाग लेने वाले हुनरमंद प्रतिभागियों को शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग के स्किल भी सिखाए जाएंगे, जिससे वे भविष्य में उत्पादों का ग्राहकों तक डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल करते हुए व्यवसाय कर सके। कार्यक्रम के विजेता बच्चों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुरस्कृत करेंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में शामिल हर प्रतिभागी बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।

# नवरात्र में प्रकृति की रक्षा के लिए पौधरोपण जरुरी : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : जिले के मेदिनीनगर बाईपास रोड आबाद गंज स्थित पर्यावरण भवन में चल रहे नवरात्र एवं प्रकृति कलश यात्रा के समापन पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल,कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल और जन्मभूमि छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार में सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, सुचित कुमार, अल्पना देवी व पूर्णिमा कुमारी ने कन्याओं को भोजन पूजन करने के उपरांत श्रद्धालुओं के



बीच पौधा पानी वितरित किया। पर्यावरणविद ने कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है इसलिए वे नवरात्र के दौरान लोगों के बीच फलदार पौधों का निःशुल्क वितरित किया। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा है कि भारत धर्म प्रधान देश है। यहां धर्म से आया हुआ धन टिकाऊ होता है और अवैध तरीके अपनाकर कमाया हुआ धन से तत्काल लाभ तो दिखता है लेकिन आने वाली पीढ़ी को उसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने धर्मो के साथ दूसरे धर्मों का भी सम्मान करना चाहिए।ताकि समाज में लोगों के बीच आपसी सद्भाव के साथ संतुलन बना रहे।पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नवरात्र में लोग घर परिवार की सुख समृद्धि व आत्मा की शांति के लिए कन्याओं को भोजन प्रदान करते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी देना चाहिए है। प्रकृति कलश यात्रा के अंतिम दिन अपने आवास पर्यावरण भवन में कन्याओं को भोजन पानी के साथ चंदन का पौधा पानी व द्रव्य देकर उन्हें ससम्मान विदाई किया गया। प्रकृति कलश यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में शंभू मिश्र,सुमित जायसवाल,रॉकी कुमार,अमन कुमार, महेंद्र सिंह, रामप्रवेश,मोती यादव, पिंकी सिंह, आराध्या,अशिविका, आद्रिका कुमार, अनुषा कुमारी,रामू कुमार, छोटू कुमार के साथ सैकड़ों लोग शामिल थे।

# झोला छाप चिकित्सक के इलाज के कारण बच्चे की मौत, मां गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बालूमाथ** : बरियातू में अवैध रूप से संचालित मां उग्रतारा नर्सिंग होम में झोला छाप चिकित्सक द्वारा 7 माह की गर्भवती महिला सीमा देवी, पति अनिल उरांव ग्राम बरी खाप थाना बरियातू के गलत इलाज के कारण बच्चे की मौत हो गई। वही मां गंभीर हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार सीमा देवी का शनिवार को पेट में दर्द हुआ। परिजनों द्वारा सीमा देवी को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मां उग्रतारा नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां 750 रुपए में लेकर अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड की गई हुई। वही झोलाछाप चिकित्सक द्वारा गलत इलाज करते हुए सुई लगाई और महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। तब उसके परिजन बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लातेहार रेफर दिया।जिसे लातेहार अस्पताल ले जाया गया। वहां पर महिला चिकित्सक डॉक्टर मार्शा टोपो ने महिला की स्थिति को गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। जहां सीमा देवी का रीम्स में सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। जहां बच्चे की मौत हो गई। वहीं मां गंभीर होने के कारण जिंदगी और मौत से जूझ रही है।ज्ञात हो की कुछ दिनों पूर्व लातेहार सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार द्वारा मां उग्रतारा नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया था। जहां स्वास्थ्य विभाग के कर्मी द्वारा निरीक्षण की सूचना पूर्व में दे दी गई थी।

इस कारण से नर्सिंग होम के संचालक अल्ट्रासाउंड मशीन गायब कर दिया था। लेकिन प्रिंटर बरामद हुई थी। जांच के दौरान पाया गया था की मां उग्र तारा नर्सिंग होम क्लीनिकल एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन लिए हुए है। लेकिन आज तक उस नर्सिंग होम में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर ड्यूटी नहीं देते हैं। सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर का सर्टिफिकेट लगाकर फर्जी तरीके से क्लीनिकल एक्ट का रजिस्ट्रेशन कर लिया है एवं अस्पताल में भारी अनियमिता पाई गई थी। लेकिन सिविल सर्जन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

## हरित प्रदेश की बात पर आज भी कायमः संजीव

**बुलंदशहरः** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री संजीव बालियान बुधवार को कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाए जाने की मांग पर वो आज भी कायम हैं। बालियान ने डेयरी मिल्क टेस्टिंग प्रोडक्ट के कार्यक्रम में कहा कि आज दूध उत्पादन की ग्रोथ रेट 06 प्रतिशत है, जबकि कृषि और पोल्ट्री सेक्टर की ग्रोथ रेट क्रमशः 08 और 07 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी मंत्रालय की ग्रोथ रेट इतनी नहीं है जितनी कृषि, पशुपालन और डेयरी की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को सीधे तौर पर जोड़ने की दृष्टि से नई-नई स्कीम चला रही है। हरित मिल्क डेयरी कोऑपरेटिव के तहत पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिलों को जोड़ा गया है। केंद्रीय राज्यमंत्री बालियान ने दूध उत्पादन ज्यादा होने और पशुपालन कम होने के सवाल पर कहा कि अब दूध की प्रोडक्टिविटी बढ़ी है, क्योंकि लोग पशुओं की संख्या पर ध्यान न देते हुए पशुओं से दिए जाने वाले दूध पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को 309 रनों से हराया, 90 रन पर किया ऑल आउट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत की मेजबानी में खेले जा रहे वनडे वर्ल्ड कप 2023 में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इतिहास रच दिया. बुधवार को दिल्ली में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को 309 रनों से करारी शिकस्त दी. यह रनों के लिहाज से वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत है.इससे पहले भी वर्ल्ड कप इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही दर्ज था, जिसने मार्च 2015 में अफगानिस्तान को 275 रनों से शिकस्त दी थी.आस्ट्रेलिया टीम के डेविड वार्नर और ग्लेन मैक्सवेल के तूफानी रिकॉर्ड तोड़ सेंचुरी के दम पर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 399 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. नीदरलैंड्स की टीम बड़े लक्ष्य के आगे बुरी तरह से लड़खड़ा गई और 90 रन के स्कोर पर पूरी टीम सिमट गई. 309 रन के




बड़े अंतर से जीत हासिल करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी विजय का रिकॉर्ड बना डाला.ऑस्ट्रेलिया के मिले 400 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम को शुरुआत में ही जोरदार झटके लगे. 100 रन बनाने से पहले ही डच टीम अपने 7 विकेट गंवा चुकी थी. ऑस्ट्रेलिया के सभी गेंदबाजों ने विकेट चटकाया. मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस, मिचेल मार्श और एडम जांपा ने अपने खाते में विकट शामिल की.नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वार्नर ने पहले धमाकेदार शतक जमाया और फिर सामने आया ग्लेन मैक्सवेल का तूफान. पाकिस्तान के खिलाफ 162 रन की पारी खेलने वाले वार्नर ने 93 गेंद पर 11 चौके और 3 छक्के जमाते हुए 103 रन की पारी खेल डाली. इसके शतक के दम पर वह वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा सेंचुरी ठोकने के मामले में सचिन तेंदुलकर के बराबर आ गए. वहीं ग्लेन मैक्सवेल ने महज 40 गेंद पर 8 चौके और इतने ही छक्के मारकर विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक बनाने में कामयाब हुए.

# डबल इंजन की सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को भी डबल बीमार कर दिया : खड़गे



एजेंसी

**कानपुरः** उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक सरकारी अस्पताल में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया जिसके बाद इन बच्चों में एचआईवी एड्स, हेपेटाइटिस बी और सी जैसी बीमारियां हो गई. मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र और यूपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को भी डबल बीमार कर दिया है.सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा,डबल इंजन सरकार ने हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को डबल बीमार कर दिया है.

यूपी के कानपुर में एक सरकारी अस्पताल में थैलीसीमिया के 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया, जिससे इन बच्चों को एड्स और हेपेटाइटिस जैसी चिंताजनक बीमारियां हो गई हैं. ये गंभीर लापरवाही शर्मनाक है.कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, ÷मासूम बच्चों को भाजपा सरकार के इस अक्षम्य अपराध की सजा भुगतनी पड़ रही है. मोदी जी कल हमें 10 संकल्प लेने की बड़ी-बड़ी बातें सिखा रहे थे, क्या उन्होंने कभी अपनी भाजपा सरकारों की रत्ती भर भी जवाबदेही तय की है?

दरअसल, कानपुर के लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया. जिसके बाद इनकी जांच में पता चला कि इन बच्चों में हेपेटाइटिस बी, सी और एचआईवी एड्स का संक्रमण फैल गया. डॉक्टर्स ने कहा कि ये खून रक्त दान के तहत लिया गया था. संक्रमित बच्चों में से सात में हेपेटाइटिस बी, पांच में हेपेटाइटिस सी और दो बच्चों में एचआईवी की पुष्टि हुई. ये बच्चे उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया और कन्नौज सहित अलग-अलग जिलों से आते हैं.

## सेवानिवृत्त झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विजय सिंह आरोप मुक्त

**रांची :** रिटायरमेंट के आठ साल बाद आरोप पत्र भेजने की वजह से झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी खिलाफ लगे आरोपों से उन्हें मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। सेवानिवृत्त झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विजय कुमार सिंह के खिलाफ पलामू के लेस्लीगंज में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर रहते हुए मनरेगा योजना में पिपरा खुर्द पंचायत ग्राम किरतो में राजेंद्र दुबे के घर से हंस धारा सिवान तक ग्रेड वन पथ निर्माण योजना में 2,49,073 रुपये की फर्जी निकासी करने संबंधित आरोप 17 मई, 2019 को उपायुक्त पलामू के द्वारा भेजा गया। आरोपों के लिए राज्य सरकार ने 25 नवंबर, 2019 को ही विजय कुमार सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की। इसके अनुपालन में उन्होंने स्पष्टीकरण किया और बताया कि वह 28 फरवरी, 2011 को ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

# हमास का पक्ष लेने पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव पर भड़का इस्राइल

एजेंसी

**येरूशलम :** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब 19 दिन होने जा रहे हैं। हमलों में मौतों का आंकड़ा सात हजार के पार चला गया है। इस युद्ध पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र (ह) में भी लगातार इस जंग को लेकर चर्चा हो रही है।

हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मंगलवार को हो रही चर्चा में कुछ अलग हुआ। चर्चा के बीच, इस्राइल के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस पर भड़क गए।

उन्होंने उनसे इस्तीफा देने की मांग कर डाली।संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने गुतारेस से तुरंत इस्तीफा देने को कहा। एर्दान ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सामूहिक हत्या को लेकर जो समझ दिखाई है, वह संयुक्त राष्ट्र का नेतृत्व



करने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। मैं उनसे तुरंत इस्तीफा देने की मांग करता हूं।

ऐसे लोगों से बात करने का कोई औचित्य नहीं है, जो इस्राइल और यहूदी लोगों के खिलाफ सबसे भयावह अत्याचारों को लेकर संवेदना जताते हैं। मेरे पास शब्द नहीं है। इस्राइली विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को मंगलवार को एक भाषण में की गई अपमानजनक टिप्पणियों के लिए इस्तीफा दे देना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए गुतारेस ने कहा था कि यह भी जानना जरूरी है कि हमास ने हमले बेमतलब में नहीं किए होंगे। फलस्तीन के लोग 56 वर्षों से कब्जे का सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि हालांकि, फलस्तीनी लोगों की शिकायतें हमास द्वारा भयावह हमलों को सही नहीं ठहरा सकती हैं। वहीं, ये भयावह हमले फलस्तीनी लोगों की सामूहिक सजा को सही नहीं ठहरा सकते।इस्राइल के प्रवक्ता लियोर हयात ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के भाषण में हमास आतंकवादियों द्वारा अत्याचारों के खिलाफ बोलने के लिए उनके पास केवल एक मिनट था। जबकि आतंकवाद के लिए सफाई दे रहे थे। उन्होंने कहा कि यूएन महासचिव पीड़ितों के साथ खड़े होने की बजाय उन्हें अत्याचार के लिए दोषी ठहरा रहे हैं।हयात ने कहा,फिर कभी नहीं का संदेश की बजाय वह वास्तव में आतंकवादियों से कह रहे हैं कि आपको ऐसा करने की अनुमति है। हम आपके क्रूर आतंकवाद को स्वीकार करते हैं क्योंकि इसके लिए इस्राइल जिम्मेदार है।